ग्रामीण पुस्तकालय
विकास और शिक्षा प्रसार

"अज्ञानियो के द्वार तक नि शुल्क ज्ञान को ले जाना, उनको सत्य पथ पर अग्रसित करना—इस प्रकार के दान के समान कुछ नहीं है। यहा तक कि सम्पूर्ण विश्व भी दे देना इसकी समता नहीं कर सकता।"

—मनु

ग्रामीण पुस्तकालय विकास और शिक्षा-प्रसार
Rural Library Development & Education Extension

गोपीनाथ कालभोर

रचना प्रकाशन, जयपुर

ग्रामीण पुस्तकालय विकास और शिक्षा प्रसार
गोपीनाथ कालभोर

प्रथम सस्करण 1990

प्रकाशक
विनोद कुमार गुप्ता
रचना प्रकाशन
254 शास्त्री सदन, खूटटो का रास्ता,
किशनपोल बाजार, जयपुर-302001

मूल्य 125-00

मुद्रक
डो एम प्रिन्टस, आंकडो का रास्ता,
किशनपोल बाजार, जयपुर-302001

अनुक्रमणिका

—o—

स्व-कथन

अपनी बात कहने से पूर्व मैं उन लोगों से यह बात स्पष्ट कर देना अधिक न्याय-संगत समझता हूँ जो पुस्तकालय विज्ञान के अध्ययन, अध्यापन, आन्दोलन तथा विकास का बीड़ा उठाये देश को प्रगतिशील राष्ट्रों की दौड़ में ऊँचा उठा देना चाहते हैं फिर भी ग्रामीण भारत की जनता को लाभान्वित करने के उद्देश्यों में सफल नहीं हो पा रहे हैं। जो पाँच राज्य ग्रन्थालय विधान पारित करवा कर सार्वजनिक पुस्तकालय प्रणाली से अपने प्रदेश की शहर, नगर, खण्ड एवं ग्रामीण जनता को ज्ञान का आस्वादन करवा रहे हैं वे निश्चित ही धन्यवाद के पात्र हैं, किन्तु शेष भारत की बात करें तो सर्वत्र उदासीनता, उपेक्षा एवं हीनभावना का दृष्टिकोण ग्रन्थालय विकास के प्रति दिखाई पड़ता है।

ज्ञान, विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में निरन्तर विस्फोटक स्थितियों का अनुभव लेते हम गुजर रहे हैं। कृषि कार्य से लगाकर गृह-संसार के कार्य तक में विज्ञान के आविष्कारों से बेहद प्रभावित हैं किन्तु विचारों की तह में गहरे तक हम ज्ञान की थाह लेने, साक्षरता का अपेक्षित परिणाम देखने गाँव में निकलते हैं तो हमें आज भी वहाँ का किसान निरक्षर व शिक्षा प्राप्ति के प्रति निराश दिखता है। आज भी वे गाँव जहाँ स्वतन्त्रता के बाद ग्राम-पंचायतों में प्रौढ़ शिक्षा व ग्राम-वाचनालय सक्रिय दिखाई पड़ते थे अब सुनसान दिखते हैं।

परिवर्तन के नाम पर बहुत कुछ बदला है गाँवों में, किन्तु अध्ययन के नाम पर खोले गये ग्रन्थालयों की स्वप्निल दुनिया गाँवों से अपना दामन छुड़ाकर न जाने किस दिशा में भटक गई है। यदि लोगों को अभी तक ग्रन्थालयों की उपयोगिता, उनके उद्देश्य एवं उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में नहीं पता है तो इसका मतलब है कि पुस्तकालय विकास में लगे उत्तरदायित्वपूर्ण विभागों, संस्थाओं एवं व्यवसायियों के उद्यम में कुछ कमी रह गई लगती है। एक ओर लोगों में जागरूकता की कमी को हम दोषी मानें तो दूसरी ओर ग्रन्थालयों के संगठन व प्रशासन की निष्क्रियता को भी जिम्मेदार ठहरा सकते हैं।

पुस्तकालयों को प्राचीन काल से ही अति-महत्वपूर्ण सामुदायिक केन्द्र के रूप में बौद्धिक-उत्पादकता एवं ज्ञान प्राप्ति का साधन माना जाता रहा है। इसके प्रमाण रहे हैं मध्यकालीन भारत के ऐतिहासिक शिक्षा-केन्द्र (नालन्दा, तक्षशिला के पुस्त

कालय) जिनके साहचर्य से देश विदेश के शिक्षार्थी पाण्डित्य और ज्ञान के क्षेत्र में ससार प्रसिद्ध हुए।

सभ्यता, सस्कृति, साहित्य, कला एव आध्यात्मिक ज्ञान म ख्याति नाम भारत अपनी विविधताओ मे अनूठा रहा है। अनेक सस्कृतियो एव सभ्यताओ के सरक्षक राष्ट्र ने सदव ही शान्ति, अहिंसा एव सद्भाव के वातावरण म अपनी वैभवशाली परम्परा को बनाये रखने का प्रयत्न किया और करता आया है।

इन्ही गुणो से प्रभावित होकर ग्रामीण-जनता को निरक्षरता के अभिशाप स मुक्त कराने का सब प्रथम प्रयास बडौदा नरेश ने अपने राज्य मे सावजनिक-पुस्तकालयो का जाल बिछाकर किया था। दूसरा प्रयास भारत मे ग्रन्थालय विज्ञान के पुरोधा डॉ एस आर रगनाथन ने राज्यो म ग्रन्थालय विधान पारित करवाने के प्रयत्न स किया। जीवन के अन्तिम समय तक व सावजनिक ग्रन्थालयो के विकास पर जोर देते रहे, किन्तु उन्हे अत्यल्प सफलता ही मिली। ग्रन्थालय विज्ञान शिक्षा के विकास मे उन्हे आशातीत सफलता प्राप्त हुई, किन्तु ग्राम ग्रन्थालयो का उनका सपना ग्रन्थालय अधिनियमो के सम्पूर्ण देश मे लागू न हो सकने के कारण पूर्ण नही हो सका।

इस बात की कमी हम आज भी महसूस कर रहे हैं कि शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार एव व्यवस्था होने पर भी साक्षरता का प्रतिशत देश म बहुत कम है। लोगो म ग्रन्थालयो के अभावो मे पढने की रुचि भी मरती जा रही है। लोक-ग्रन्थालयो की प्रौढ शिक्षा मे जो भूमिका होनी चाहिए थी वह उसे नही मिल सकी। साथ ही जो अभिनय ग्रन्थपालो को प्रौढ शिक्षा के अभियान मे मिलना चाहिए था वह राष्ट्रीय नीतियो के निर्धारण म नही मिल सका। सम्भवत पुस्तकालय नीति और शिक्षा-नीति मे शिक्षा पर अधिक जोर दिया गया है। ग्रन्थालय विकास और प्रौढ-शिक्षा कायक्रमो म भी प्रौढ शिक्षा पर ध्यान अधिक केन्द्रित हुआ, बनिस्पत ग्रन्थालयो के और अब भी प्रकाशित ग्रन्थो की बिक्री न होने, अध्ययन रुचि म कमी होने और सत् साहित्य के प्रचार-प्रसार मे ग्रन्थालयो की कमी को महसूस किया जा रहा है।

इन्ही कुछ मुद्दो पर ध्यान देते हुए मैने ग्रामो मे ग्रन्थालयो के विकास पर यह ग्रन्थ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। ग्रन्थ म भारत मे ग्रन्थालय परम्परा से, लेकर ग्रन्थालयो के भविष्य तक विभिन्न मसलो पर विवरण प्रस्तुत किया है। इस क्षेत्र मे शासन एव जनता को व्यापक अध्ययन की आवश्यकता महसूस कराना ही ग्रन्थ का उद्देश्य है। ग्रन्थालयो तथा वाचनालयो के अभाव म ग्रामीणो की जो दशा और दिशा है उसका वणन लगभग पूरी पुस्तक मे है। ग्रन्थालय एव ग्रन्थालय

व्यवसायी इस दिशा म क्या कर सकते हैं, यह भी संकेत स्थान-स्थान पर हैं। सरकारी नीतिया अभी तक क्या रही हैं इनका वर्णन भी कुछ लेखो मे किया है।

70% ग्रामीण जनता को शैक्षणिक वातावरण देने तथा ग्रन्था को उपयुक्त सम्मान तथा ग्रन्थालय विज्ञान मे प्रशिक्षित व्यवसायियो को अवसर मिलने की दिशा मे यह एक लघुतम प्रयास है।

इस प्रयास म जिन विद्वान लेखको की कृतियो का उपयोग किया गया है उनके प्रति लेखक अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है। अनुभव व अध्ययन से उपजी पीडा को व्यक्त करन मे मेरे जिन मित्रो, प्राध्यापको एव परिवार जनो ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रोत्साहन दिया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। लेखो की पाण्डुलिपिया टकित करन म 'मधु-टायपिंग, खण्डवा' एव 'दलाल्स टाईपिंग केन्द्र' के व्यवस्थापको ने जो तत्परता व शीघ्र सेवा का परिचय दिया वह प्रशसनीय रहा। पाण्डुलिपि के अन्तिम स्वरूप को तैयार करने मे सहधर्मिणी श्रीमती पुष्पलता काल भोर का विशेष सहयोग विस्मृत नही कर सकता। लेखन मे समय असमय की पीडा को उठाकर भी उनके द्वारा दिए सहयोग स ही यह ग्रन्थ आप तक पहुँचाने म सफल हो रहा हूँ।

अन्त म ग्रन्थ के प्रकाशक 'रचना प्रकाशन' जयपुर का मैं हृदय से आभार मानता हूँ कि उनके कुशल व्यवस्थापन एव सुन्दर-मुद्रण के उपरान्त यह ग्रन्थ आप सभी तक पहुँच पाया।

प्रस्तुत ग्रन्थ मे जो भी कमिया रह गयी हो तो पाठको से अपेक्षा है, वे अपने बहुमूल्य सुझाव देकर ग्रन्थ की कमी का पूरा करने में सहयोग कर उपकृत करेंगे। ग्रन्थ की त्रुटिया के लिए ग्रन्थकार स्वय उत्तरदायी है।

'गोपीनाथ कालभोर'

1

भारतवर्ष मे ग्रन्थालय परम्परा

प्रस्तावना—

पुस्तक+आलय = पुस्तकालय अर्थात् पुस्तक रखने का मकान, या स्थान। यह तो व्याकरण की दृष्टि से शाब्दिक अर्थ हुआ। इसे ही दूसरे शब्दो मे हम, पुस्तक सग्रह करके रखने का स्थान मानते है। किन्तु मात्र पुस्तको का सग्रह पुस्तकालय की परिधि मे नही आता। जसा कि हिन्दी विश्वकोश मे लिखा है "पुस्तकालय उस स्थान को कहते है जहा पर अध्ययन सामग्री जैसे—पुस्तकें, फिल्म, पत्र पत्रिकायें, मानचित्र नक्शे, हस्तलिखित ग्रन्थ, ग्रामोफोनरिकार्डस, स्लाइड्स एव अन्य पठनीय सामग्री सग्रहीत रहती है।"[1]

पुस्तकालय शब्द की विस्तृत जानकारी ब्रिटानिका-विश्वकोश मे भी परिभाषा से मिलती है। कोश के अनुसार, "मुद्रित या लिखित सामग्री के उस सग्रह को पुस्तकालय कहते है जो कि अध्ययन या अनुसधान या सामान्य पठन या दोनो उद्देश्य के लिये व्यवस्थित और सगठित किया गया हो।"[2]

भारत मे पुस्तकालय आन्दोलन के जनक डा० एस० आर० रगनाथन के अनुसार पुस्तकालय कर्मचारी, पाठको एव पुस्तको की त्रिमूर्ति है। इनमें से कोई एक, पुस्तकालय के निमाण म सगठन मे सहायक नही हो सकता। यदि किसी पुस्तकालय मे पाठक एव कर्मचारीगण नही है तो वह केवल पुस्तको का सग्रह है। वह पुस्तकालय तभी है जब कर्मचारी, पाठक को उसकी पुस्तक खोजने में सहायता करे तथा प्रत्येक पुस्तक अपने पाठक को खोजती रहे। इस प्रकार पुस्तकालय अपने वास्तविक अस्तित्व में तभी आता है जब उक्त त्रिमूर्ति (पाठक, पुस्तक एव कर्मचारी) सोद्देश्य एक दूसरे की सहायता दे।

ऐसे पुस्तकालयो का निर्माण सामाजिक सगठनो द्वारा प्रत्यक समुदाय के हित मे "सामाजिक सस्था" के रूप में किया जाना चाहिये। जैसा कि कार्लाइल कहते है "पुस्तकालय ही ससार के सच्चे विश्व विद्यालय है' अत हमे समाज शिक्षा के प्रसार प्रचार एव विकास म पुस्तकालयो की भूमिका को समझना चाहिये।

पुस्तकालयों की भूमिका—

वह जमाना लद गया जब पुस्तके "सुरक्षार्थ" थी 'अध्ययनार्थ' नही। अब हम स्वतन्त्र गणतन्त्र के स्वतन्त्र नागरिक है ज्ञान प्राप्ति के पूर्ण अधिकार हमारे पास है ग्रन्थ सबो के लिये उपलब्ध है आइये ग्रन्थालय सेवा का पूर्ण लाभ लें। पुस्तकालय अपनी भूमिका म निम्नाकित कार्य पूर्ण करने म सक्षम हो सकते हैं।

(अ) शिक्षा विकास (Educational Development)
(ब) निरक्षरता मिटाने म सहायक (Helpful in illetracy)
(स) राष्ट्रीय विकास म पूरक (Supplement in National Development)
(द) मानव चरित्र का विकास (Development in Human character)
(इ) नान का प्रसार एव प्रचार (Ext & publicity of khowldge)
(फ) अध्ययन प्रवृत्ति का प्रोत्साहन
(क) नान का सरक्षण (Preservation of Knowledge)
(ख) अध्ययन रुचि क निर्माण म सहायक
(ग) सभ्यता एव सस्कृति के रक्षक

पुस्तकालय का जन्म—

पृथ्वी पर मानव विकास की नदी घाटी सभ्यता एव सस्कृति की एतहासिक परम्पराग्रा के साथ ही पुस्तकालया के जन्म का इतिहास जुडा है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यता मिश्र असीरिया मसोपाटमिया, बबीलोन व सिकन्दरिया के इतिहास को उठाकर देखे तो हम मालूम होगा कि विश्व का सबसे प्राचीन पुस्तकालय असीरिया के सम्राट असुरबनी पाल का था। इसम रखी हुई पुस्तकें आज की कागज की पुस्तकें जैसी नही थी। ये मिट्टी की चौकोर पट्टियाँ थी जिन पर कीलक (खोदकर) लिपि म लिखावट की गई थी, जिनकी सख्या लगभग 20,000 थी। इन मिट्टी की पट्टिया को आज भी हम लदन के ब्रिटिश म्यूजियम मे सुरक्षित देख सक्त है।

प्राचीन काल का दूसरा प्रसिद्ध पुस्तकालय मिश्र के सिकन्दरिया नगर मे था। इसकी शुरुआत सिकन्दर महान् के कुछ समय बाद ही हुई थी। इस पुस्तकालय की पुस्तकें खोल म लपट कर बन्द कर दी जाती थी। अर्थात पुस्तकें पपाशूस नामक पत्र पर हाथ से लिखी जाती थी और जिन्ह खोलो मे हिफाजत से रखा जाता था। यह काल पैपाइरस, पाचमन्ट एव वेल्यूम का था।

भारतवष मे पुस्तकालयो की परम्परा—

भारतवप भी अपनी सभ्यता एव सस्कृति के वैभवशाली इतिहास में अभूत पूव रहा है। आर्यों के भारत आगमन के पूव जिस सभ्यता का इस धरती पर विकास हुआ था उसे हम सब सैंधव सभ्यता के नाम से जानते है। इतिहासकार इस तथ्य को प्रकट कर चुके है कि सिधु घाटी के निवासी ही अपने प्रगतिशील समय मे विश्व व्यापार के निमित्त दूर दूर तक गये एव अपने उद्योग व्यापार कला-कौशल एव साहित्य को फैलाते गये। इन सैन्धव वासियो ने ही मिश्र एव असीरिया को फलात गये। इन सैन्धव वासिया न ही मिश्र एव असीरिया में अपने परिवारो को बसाया और बाद मे कुछ हजार वष बाद जब वे ही आर्यों क रूप में भारत आय तो उन्होने अपन आप को भारत के मूल निवासी के रूप में मान लिया। इस अन्तराल में इस धरती पर अनेक जातिया का प्रादुर्भाव हो चुका था।

आर्यो के भारत आगमन के उपरान्त अनार्यों से युद्ध ऐतिहासिक दृष्टि से समस्यामूलक प्रश्न है। किन्तु आर्यो के द्वारा स्थापित उपनिवेश एवं क्रमश राज्यो का विस्तार इस बात की पुष्टि करता है कि भारत की छवि को निर्मित करने मे इनका अनुकरणीय सहयोग रहा। आर्यों की बोल चाल की भाषा संस्कृत थी एवं उनके पवित्र ग्रंथ वेद कहलाते थे। शिक्षा का स्वरूप नि शुल्क था तथा विद्यार्थियो अथवा शिष्यो को गुरुकुलो, गुरुगृहों तथा प्रासादो में शिक्षा दी जाती थी। वैदिक परम्पराओ के अनुसार वेदो का अध्ययन, श्रुति के माध्यम से होता था। लेखन सामग्री के अभाव मे पुस्तकें ताड पत्रो, भोज पत्रो एवं वृक्ष की छालो पर लिखी जाती थी। एक पुस्तक का लिखने में कई वर्ष लग जाते थे तब गुरु अपने शिष्यो से उस पुस्तक की प्रतिलिपि करवाते थे। इस प्रकार कठिन परिश्रम के उपरान्त पुस्तकें अध्ययन हेतु उपलब्ध होती थीं।

पुस्तकालय फिर भी गुरुगृहा तक ही सीमित थे। ये ग्रन्थ गुरुओं की धरोहर थे जिन्हे परम्परागत रूप से सुनकर, पढकर कठस्थ कर लिया जाता था ताकि आने वाली पीढी को इन दुर्लभ ग्रन्थो का ज्ञान प्राप्त हो सके। वैदिक काल में वेदो की रचना हुई, तदुपरान्त उपनिषद् लिखे गये। स्मृति काल मे वेद एवं उपनिषद् के अतिरिक्त आरण्यको, कल्प निरुक्त, व्याकरण, धर्म, दर्शन एवं राजनीति इत्यादि ग्रन्थो का निर्माण हुआ। इसके साथ ही ग्रन्थ संग्रह बनते गये एवं वैदिक ग्रन्थो के पुस्तकालयो का विकास होता गया। इसे हम वैदिक काल के पुस्तकालयो की कहानी कहे तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी।

पुस्तकालयो को अपने सही अस्तित्व में आने में जिन जिन युगो से निकलकर आना पडा इसकी कहानी भी रोचक है। मोटे तौर पर भारतीय पुस्तकालयो की कहानी का निम्न चार खण्डो मे विभाजित कर सकते हैं।

(1) प्राचीन काल के पुस्तकालय—(छठी शताब्दी से 14वी शताब्दी तक)

(2) मध्यकाल के पुस्तकालय—(14 वी शताब्दी से 16 वी शताब्दी तक)

(3) आधुनिक काल के पुस्तकालय–(16 वी शताब्दी से 19 वी शताब्दी तक)

(4) वर्तमान काल (स्वतन्त्रता प्राप्ती के बाद) 1947 से आज तक।

प्राचीन काल के प्रमुख पुस्तकालय निम्नलिखित थे।

(1) 'स्मृति' पुस्तकालय (वैदिक काल)

(2) नालंदा विश्वविद्यालय पुस्तकालय (425 ई और 625 ई के मध्य)

(3) विक्रम शिला विद्यापीठ (12 वी शताब्दी)

(4) उदन्तपुरी विद्यापीठ पुस्तकालय

(5) वल्लभी पुस्तकालय (559 ई)

(6) चालुक्य पुस्तकालय

(7) जेतवन संघाराम

(8) तक्षशिला विश्वविद्यालय पुस्तकालय
(9) भोज पुस्तकालय (12 वी सदी) (धारानगरी)

(अ) प्राचीन पुस्तकालय—

वर्तमान युग साहित्य कला एव विज्ञान की दृष्टि से आविष्कारो का युग है। सम्पूर्ण जगत् विश्लेषण की भूमिकाओ से निपटता सूक्ष्म से सूक्ष्मतम कार्यकलापो की ओर बढ रहा है किन्तु अतीत काल इस युग से कही अधिक उन्नतशील, विकासोन्मुख एव समृद्ध था एसा प्रतीत होता है। यद्यपि लेखन उपकरणो की कमी, आर्थिक सकट एव आपसी मन मुटाव के कारण, परिस्थितियो से सघर्ष करना ही मानव का उद्यम था फिर भी बौद्धिक विकास हेतु ज्ञान पोथियो को धातु पत्रो, प्रस्तर खण्डो भोज पत्रो एव पेड की छालो पर हस्तलिपि से तैयार किया जाता था मनुष्य म नानानन की जीजिविषा अनूठी थी। विद्वज्जनो को लिखन का शौक था वे अथक परिश्रम करके पत्थरो एव धातु पत्रो को खोदते थे, इटो पर लिखकर उन्हे पकाते थे और भोज पत्र एव ताड पत्र को लेखनोपयुक्त बनाने के लिये बहुत श्रम किया करते थे।

अशोक महान (272–232 ई पू) के काल म बौद्ध धर्म का प्रचार एव प्रसार बौद्ध भिक्षु एव भिक्षुणियो के माध्यम से मध्य एशिया म खूब जोरो से चल रहा था। चीन, तिब्बत ब्रह्मा लका जावा सुमात्रा, जापान एव नेपाल आदि देशो म बौद्ध धर्म का प्रचार एव प्रसार इतना बढा कि भारत मे स्थान-स्थान पर बौद्ध मठो एव स्तूपो का निर्माण हुआ, मन्दिरो एव उनम पुस्तकालयो का विकास हुआ जो बौद्ध धर्म के शिक्षा केन्द्र बन रहे बौद्ध धर्म के प्रचार ने चीन और भारत मे प्रगाढ मैत्री उत्पन्न की। परिणाम स्वरूप शिक्षा का आदान प्रदान दोनो देशो के मध्य होता रहा।

'ईसा के जन्म के 67 वर्ष बाद चीन के सम्राट मिंगटो ने भारतवर्ष म बौद्ध भिक्षुओ को बुलाने के लिय अपने दूत भेजे। दूत कश्यप मातग और धर्म रक्षक नामक दो आचार्यों का अपने साथ चीन देश ले गये। ये दोनो आचार्य अपने साथ बहुत से ग्रन्थ भी ले गये और वहा पहुँच कर बौद्ध धर्म के अनेक ग्रन्थो का अनुवाद चीनी भाषा म कर बौद्ध धर्म का प्रचार किया।'[3] बौद्ध धर्म एव उनकी शिक्षा दीक्षा से प्रभावित होकर अनेक विदेशी यात्री भारत आये जिन्होने बौद्ध धर्म ग्रन्थो एव हिन्दू धर्म ग्रन्थो का अध्ययन किया, उन ग्रन्थो की लिपि दूसरी भाषा मे की, साथ ही अपने यात्रा सस्मरण भी लिखते रहे। ऐसे यात्रियो में चीन के प्रमुख यात्री फाह्यान ह्वेन साग एव इत्सिग का नाम पहले आता है। इन चीनी यात्रियो के सस्मरणो से पता लगता है कि "भारत मे 5,000 मठ या विद्यालय थे जिनम 2,92 930 विद्यार्थी पढते थे।'[4] इन आकडो को देखने से पता चलता है कि जब देश भर मे इतने शिक्षा केन्द्र थे तो उनम सम्बद्ध पुस्तकालय भी अवश्य रहे होगे। ह्युन साग के यात्रा वृतान्त के अनुसार "नालन्दा विश्वविद्यालय के अधिकार

मे 200 से अधिक गाव थे जो अनेक राजाओ ने दान दिये थे। वहा 90,000 विद्यार्थी और 9500 अध्यापक रहते थे चारा ओर ऊँचे ऊँच विहार और मठ बन हुए थे। वहाँ कई वडे बडे पुस्तकालय और छ वडे वड विद्यालय थे। विद्यार्थियो को नि शुल्क भोजन, वस्त्र, औषध, निवास एव शिक्षा मुफ्त दी जाती थी। मध्य काल की यह शिक्षा व्यवस्था वेशक आश्चयचकित कर देने वाली है। एक विश्व विद्यालय मे 90,000 छात्रो का अध्ययनरत होना अवश्यमेय कौतुक प्रकट करता है। ऐसे शिक्षणालयो मे स्थित पुस्तकालयो के विकास पर एक दृष्टिपात करें तो कोई अत्युक्ति न होगी।

यह उन भारत-स्थित पुस्तकालयो की कहानी है जिन्हे देखन, उनम सग्रहित ग्रथो का पारायण एव ज्ञानाजन करने बमा जावा, सुमात्रा, चीन तिब्बत, भूटान आदि दूर-दूर के विदेशी धम प्रचारक व्यापारी एव शिक्षावलम्बी आते थे। भारत मे यह काल सस्कृति-सभ्यता एव ज्ञान-विज्ञान से द्विगुणित होकर शोभा पा रहा था। अनेक देशी-विदशी आचार्यो ने इन पुस्तकालया म निहित ग्र थो से अपने को सरावोर कर लिया। जीवन की अमूल्य राशि "ज्ञान' का पाकर अज्ञान के अ धकार से दूर अपनी अनिभार्यें विखेरता ज्ञान का सूरज विश्व-भ्रमण कर भारतीय धम सस्कृति के दीप स्तम्भो को प्रकाशित एव प्रचारित करता था, प्रत्येक धम प्रेमी इन पुस्तकालयो से सहज ही प्रभावित होता था। उत्तर मे तक्षशिला, नाल दा, वाराणसी एव कन्नौज काठियावाड म वल्लभी, महाराष्ट्र मे पठन, नासिक करडवई और वतमान म प्र उज्जयिनी कुछ ऐसे स्थान थे जहा शिक्षा दी जाती थी और उनके निजी पुस्तकालय भी थे। ऐसे प्रतिभा के ज्ञानागार ये ग्रन्थालय निश्चय ही भारतीय सस्कृति की अनमोल धरोहर के प्रतीक थे जिनके वारे मे थोडा कुछ जानना बुरी बात नही है।

(अ) तक्षशिला विश्वविद्यालय पुस्तकालय—

बौद्धकालीन शिक्षा व्यवस्था मे पढाये जान वाले लौकिक एव धार्मिक विषयो के लिय तक्षशिला मे एक विश्व विद्यालय की स्थापना की गई थी, जिसके अ तगत बौद्ध धम एव ज्ञान विज्ञान से सम्ब धित पुस्तकें जैसे सगीत, चित्रकला, धनुर्विद्या, ज्योतिष, औषधि एव चिकित्सा शास्त्र इत्यादि विषयो को पढाने के लिये विश्व-विद्यालय क सन्निकट ही एक सम्पन्न पुस्तकालय था। इस पुस्तकालय मे समस्त वेद, आयुर्वेद धनुर्वेद, ज्योतिष, तक, त त्र, व्याकरण, चित्रकला, वास्तुकला, कृषि, व्यापार पशुपालन आदि विषया का अच्छा सग्रह था।

अच्छ सग्रह एव विद्वान आचार्यो की प्रतिष्ठा दूर-दूर तक फैली हुई थी। व्याकरणाचाय पाणिनी, कूटनीतिज्ञ चाणक्य, कुशल प्रशासक सम्राट च द्रगुप्त एव पुष्पमित्र इसी विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके थे। इन्ही लब्ध प्रतिष्ठित पुरषो के साथ अन्य देशी विदेशी छात्रा का यहाँ ताता लगने लगा था। यह विश्वविद्यालय उस समय विद्याध्ययन का प्रमुख स्थल था किन्तु शको एव हूणो जैस आततायिया क कारण इस विशाल पुस्तकालय व शिक्षण सस्थान का अन्त हो गया।

(ब) नालन्दा विश्व विद्यालय पुस्तकालय—

प्राचीनकाल का यह द्वितीय प्रमुख विश्वविद्यालय पुस्तकालय था जिसे "धमगज' नाम से जाना जाता था। इसके "रत्नोदधि" ' रत्नसागर" एव "रत्न रजक" नाम के तीन प्रमुख विभाग थे। आज जिस प्रकार केन्द्रीय पुस्तकालयो मे, "भाषा विज्ञान' 'साहित्य", ' विज्ञान" एव "कला विभाग" विषय होत ह और इन्ही प्रमुख विभागो म पुन वर्गीकरण कर उन्ह अलग अलग विषयो म विभाजित किया जाता है, ठीक उसी प्रकार उक्त वि० वि० पुस्तकालय म भी विषय वर्गीकरण क अनुसार पुस्तको का व्यवस्थापन किया जाता रहा होगा।

व्हेनसाग ने नालन्दा विश्व वि० के पुस्तकालय के बारे मे लिखा है कि इस विश्वविद्यालय का पुस्तकालय नौ मजिला था जिसकी ऊँचाई करीब 300 फीट थी। इसम बौद्ध धम सम्बन्धी सभी ग्रन्थ थे। प्राचीन काल मे इतना बडा ग्रन्थालय कदाचित ही कही रहा हो।'[5]

वतमान विश्व में भी मैं नही समझता कि इतना बडा विशाल पुस्तकालय भवन कही अस्तित्व में हो जिसकी ऊचाई 300 फीट हो। पुस्तकालय में ग्रन्थ व्यवस्थापन क दृष्टीकोण से सग्रहित ग्रन्थ विषयक्रम से पत्थर के फलको पर अलमारियो में बहुमूल्य वस्त्रो से बाधकर व्यवस्थित रखे जात थे। प्रत्येक आचाय पर पुस्तकालय के एक एक विभाग का दायित्व होता था।

चीनी यात्री व्हनसाग क निवास काल में शीलभद्र इस विश्व विद्यालय विहार के प्रधान आचाय थे। अन्य आचार्यो एव शिक्षको मे धमपाल, चन्द्रपाल, गुणमति, स्थरमति, प्रभामित्र, जीमित्र, ज्ञानचन्द्र तथा शीघ्रबुद्धि प्रभत्ति के नाम विशेष उल्लेखनीय ह। इन समस्त विद्वानो ने नालन्दा महाविहार मे निवास करते हुए अनेक महत्वपूण ग्रन्थो की रचना की थी। स्थिरमति न 9 सस्कृत ग्रन्थो की रचना की, 6 तिब्बती भाषा मे अनुवाद किये तथा तिब्बती भाषा मे अनुवादित 90 पुस्तको का सशोधन परिवधन और सम्पादन किया था। दूसर विद्वानो और आचार्यो ने भी अनेक ग्र थो, ग्र थ टीकाओ एव आलोचनाओ की रचना की थी। इससे स्पष्ट होता है कि ये लोग ग्रन्थ निर्माण, लेखन एव सम्पादन कला मे भी प्रवीण थे।

इस विश्वविद्यालय की कीर्ति दूर दूर तक फैली थी जिसका लाभ प्राप्त करने चीनी यात्रियो के अतिरिक्त जापान कोरिया, तिब्बत, मगोलिया एव बुखारा इत्यादि देशो से भी अध्ययन करने आय थे। फाहियान अपने साथ ताडपत्र पर लिखे 520 ग्रन्थ ले गया था। इत्सिग ने 500 बौद्ध ग्रन्थो को चीन भेजा था। एम हजारो ग्र थ विदशी धमावलम्बी इस पुस्तकालय से चोरी छिप ल गये। सव प्रथम हूणो के सरदार मिहिरकुल न इस वि वि एव पुस्तकालय को क्षतिग्रस्त किया किन्तु 470 ईस्वी म बालादित्य ने नालन्दा वि वि पुस्तकालय की क्षति को पूण किया।

"सम्राट महिपाल (980–1026 ई) के शासनकाल के पाँचवें वर्ष में यहाँ "अष्टाध्रिका प्रज्ञापारमिति" की प्रतिलिपि तैयार की गई। यह प्रति अब भी कैम्ब्रीज विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में सुरक्षित है। इसके एक वर्ष बाद महीपाल के ही शासन काल में इसी पुस्तक की एक प्रति और तैयार की गई। यह प्रति बंगाल की एशियाटिक सोसायटी के पुस्तकालय में सुरक्षित है।"[6]

नालन्दा विहार की अवनति शासक न्यायपाल के बाद हुई। नालन्दा के निकट विक्रम शिला नामक एक दूसरे महाविहार की उन्नति इसकी अवनति में विशेष सहायक हुई। "1205 ई में बख्तियार खिलजी के आक्रमण ने इस पुस्तकालय की बुरी दशा कर दी थी। शेष ग्रन्थों को जलाकर उसके सैनिक पानी गरम करते रहे और नहाते रहे।[7]"

नालन्दा के ध्वन्सावशेषों में 1864 में केप्टन मार्शल को बालादित्य का जो शिलालेख प्राप्त हुआ था उससे सिद्ध होता है कि नालन्दा विहार भीषण अग्निकाण्ड के कारण जलकर भस्म हो गया उसके साथ ही उसका विशालकाय प्रसिद्ध पुस्तकालय भी भस्म हो गया। कहा जाता है कि पुस्तकालय में इतने अधिक ग्रन्थ थे कि पुस्तकालय बराबर एक मास तक सुलगता रहा था।"[8] उपरोक्त दोनों प्रकार के ऐतिहासिक तथ्यों को पढ़ने से मालूम पड़ता है कि अल्फ्रेड हैसल की पुस्तक "पुस्तकालयों का इतिहास" में मदनसिंह ने लिखा है कि बख्तियार खिलजी के आक्रमण से पुस्तकालय नष्ट हुआ जबकि श्यामनारायण कपूर ने अपने लेख "प्राचीन भारत के पुस्तकालय" में स्पष्ट किया है कि पुस्तकालय भीषण अग्निकाण्ड से नष्ट हुआ।

एक अन्य पुस्तकालय इतिहास लेखक द्वारका प्रसाद शास्त्री ने अपनी पुस्तक "भारत में पुस्तकालयों का उद्भव और विकास" में लिखा है "बौद्ध भिक्षुओं और जैन साधुओं में कुछ कारणों से झगड़ा हुआ। कहा जाता है कि कुछ बौद्ध भिक्षुओं ने जैन साधुओं के ऊपर अशुद्ध जल फेंक दिया था अतः रुष्ट होकर जैन साधुओं ने कुछ दहकते कोयले इस पुस्तकालय पर फेंक दिये फलतः "रत्नोदधि" में संग्रहित ग्रन्थ जलकर राख हो गये। इस प्रकार नालन्दा के इस पुस्तकालय का अस्तित्व सदा के लिए जाता रहा।"[9]

यह बात कहाँ तक सत्य है इसके प्रमाण हेतु हमें उस काल के इतिहास को उठाकर देखना होगा। किन्तु यदि हम एक दूसरे पहलू से सोचें कि जहाँ शिक्षा एवं ज्ञान को पाने की गरिमा इतनी तीव्र थी कि वहाँ का प्रत्येक आचार्य, शिक्षार्थी भावनिष्ठ होकर विद्यालय की शोभा एवं श्री को बढ़ाते थे, शान्तिप्रिय थे, वे ही लोग अपने श्रम से तैयार साहित्य श्री को कैसे नष्ट कर सकते थे। यह बात युक्ति संगत नहीं लगती। हाँ यह माना जा सकता है कि आक्रमणकारियों के डर से उन्होंने यह सोचा हो कि ये ग्रन्थ उनके हाथ न लगने पाये, अतः उन्होंने आपस में

विवाद खडा कर उस पुस्तकालय को जलाने मे मदद पहुँचायी होगी ताकि दुश्मन के हाथ ज्ञान राशि का सचित कोश न जाये।

(स) विक्रमशिला विद्यापीठ पुस्तकालय—

इस विद्यापीठ की स्थापना मगध-राज धमपाल ने 8वी शताब्दी मे की थी। विक्रमशिला मे भी नालन्दा वि वि ही के समान तिब्बत, चीन और मगोलिया आदि देशो के विद्वान शिक्षा प्राप्ति हेतु आया करते थे। इनका प्रमुख उद्देश्य ज्ञानार्जन के साथ साथ ग्रथो का अपनी भाषा मे अनुवाद कर उन्हे अपने साथ ले जाना भी था।

यह विद्यापीठ एक पहाडी पर बनाया गया था। जिसके साथ छोटे बड 108 मठ भी बनाये गय थे। 12वी सदी म यहाँ 8000 बौद्ध भिक्षु विद्यार्थी रहा करते थे। इसी बात की पुष्टि द्वारका प्रसाद शास्त्री न इस प्रकार से की है। "12वी शताब्दी म लगभग 30,000 बौद्ध भिक्षु विद्यार्थी यहाँ रहा करते थे। इस महान पुस्तकालय की प्रशसा आक्रमणकारियो ने भी की है। इस पुस्तकालय का भी कक्ष चित्रकला से सुसज्जित था। इसका भी विध्वश बख्तियार खिलजी के द्वारा ही हुआ। [10] 'तबाक्त इन नसीरी के अनुसार सभी बौद्ध भिक्षुओ को मार डाला गया था। इस पुस्तकालय म हिंदू धम के अनेक ग्रथ थे। खिलजी को पुस्तको मे ज्ञात हुआ था कि सम्पूर्ण मठ एक महाविद्यालय था।' [11] विद्या के केन्द्र के रूप म विक्रमशिला विद्यापीठ की सफलता एव प्रसिद्धि का प्रमाण इस बात मे मिलता है कि उसने बहुत बडी सख्या म प्रतिभाशाली विद्वान एव शिक्षाशास्त्री पैदा किए, विलक्षण धर्मात्माओ एव विशेषज्ञो का जन्म दिया। जिन्होने अपनी रचनाओ द्वारा ज्ञान तथा धम के क्षेत्र म अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्धान्त कायम किये और इन्ही सिद्धान्तो एव योगदान के आधार पर तिब्बत जसे एक पूरे देश की सभ्यता तथा सस्कृति का वस्तुत निर्माण हुआ।

(द) वल्लभी विश्वविद्यालय पुस्तकालय—

"वल्लभी वि वि सौराष्ट्र के मैत्रक वश के राजाओ की कृपादृष्टि से अस्तित्व मे आया। इसकी स्थापना गुणमति एव स्थिरमति ने की थी। इस विश्वविद्यालय मे इतना अच्छा पुस्तकालय था कि उससे प्रसन्न होकर राजा ने विशेष रूप से पुस्तकें खरीदने के लिए अनुदान दिया था।"[12]

गुणमति एव स्थिरमति चूँकि नालन्दा विश्वविद्यालय मे आचाय रह चुके थे, अत उनकी शिक्षा प्रसार एव ज्ञान की पिपासा ने उन्हे इस सरस्वती मन्दिर की स्थापना हेतु प्रेरणा प्रदान की। उनकी बुद्धि चातुय से विश्वविद्यालय ख्याति पाता गया एव पुस्तकालय वभवपूर्ण होता रहा।

(इ) चालुक्य पुस्तकालय—

यह पुस्तकालय चालुक्य राजा रामनारायण के मत्री मधुसूदन के द्वारा

बनाया गया था। दक्षिण का यह चालुक्य पुस्तकालय अपने समय का सम्भ्रान्त पुस्तकालय था जिसके लिये छ (पुस्तकालयाध्यक्ष) सरस्वती भाडारिक नियुक्त थे, इनका ओहदा शिक्षको के बराबर ही था। शिक्षक एव पुस्तकालयाध्यक्ष के पद समान प्रतिष्ठा के समझे जाते थे। "उनकी स्थिति भारतवष के आधुनिक कालिजो के क्लाक लायब्रे रियनो जैसी सोचनीय नही थी।"13

वतमान भारत के पुस्तकालयाध्यक्षो की स्थिति अब क्रमश बेहतर होती जा रही है, उन्हे भी समान काय हेतु समान वेतन, पद एव प्रतिष्ठा की अभिलाषा है।

प्राचीन भारत की सस्कृति, कला एव साहित्य को सुरक्षित रखने, उसके विकास तथा प्रसार-प्रचार मे इन विश्व विद्यालयो ने बहुत बडी भूमिका का निवाह किया। कला एव दशन के नये मूल्यो को प्राप्त कर भारत ने नये क्षेत्र म निपुणता हासिल की।

12वी सदी मे भी कुछ प्रमुख पुस्तकालय ऐसे थे जिन्हे हम भुला नही सकते। राजा भोज का राजकीय पुस्तकालय भी इनमे से एक था। राजा भोज स्वय एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार कवि, लेखक एव कला अनुरागी था। उसके दरबार मे कवियो लेखको और विद्वानो को समुचित आदर-सत्कार दिया जाता था। उसका राजकीय पुस्तकालय अपने समय मे अत्यन्त प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा जाता था। यह पुस्तकालय सस्कृत ग्रन्था व शिलालेख सग्रहालय के रूप मे अधिक प्रसिद्ध था। चालुक्य राजा के धारानगरी पर अधिकार के बाद सिद्धराज ने राजा भोज के सुप्रसिद्ध पुस्तकालय को धारानगरी से हटाकर अन्हिलवाड-बडोदा राज्यान्तगत प्रसिद्ध पाटन नगर मे स्थापित किया और चालुक्य वश के राजकीय पुस्तकालय स सम्बद्ध कर दिया।

बडोदा राज्य मे आधुनिक पुस्तकालया के विकास का मूल शायद ये ही पुस्तकालय थे जिनके रहने से बडौदा राज्य के निवासियो ने पूण लाभ प्राप्त किया होगा। भारत की सस्कृति एव सभ्यता के य मूत प्रतीक अपनी शतधा किरणें बिखेरते रहे, जिसे विश्व के अनेक धर्मों सस्कृतिया एव कलाप्रेमी विद्वाना ने समेटा। जिन लोगो से इनकी फलती प्रशस्ति असहनीय हो गई उन लोगा ने ऐसे 'सरस्वती भण्डारो' सघालयो उपाश्रयो, मठो एव पीठो के तमाम पुस्तकालया को ध्वस कर दिया।

ऐसे लोगो म मुस्लिम राजा (बादशाह) सबसे अग्रणी थे। नादिरशाह तो दिल्ली का पूरा पुस्तकालय उठवा ले गया था। सुकरात ने सिकन्दर से "भगवद्गीता" की पोथी भारत से अपने साथ लाने को कहा था। इसके अतिरिक्त अग्रेज शासका की सभ्य लूट और चक्रव्यूही नीति स अनेक दुलभ ग्रन्थ देश के बाहर चले गये, सीधी, शान्त एव भावुक जनता दबती रह गई। इण्डिया आफिस लाइब्रे री, ब्रिटिश म्यूजियम जैसे विशाल पुस्तकालया म भारतीय हस्तलिखित

ग्रन्थ काफी मात्रा मे है। इनमे अधिकाश देव भाषा सस्कृत मे ही है। भारत से दुर्लभ ग्रन्थो के बाहर जाने का कारण आपसी वैमनस्यता, साम्प्रदायिक विद्वेष एव शासको की नीतिया प्रमुख रही। राजाओ ने यश और छत्रपति बनने के लालच मे आपस मे युद्ध किये और भारत की गुलामी का इतिहास निर्माण करने मे सहायक रहे। मुस्लिम शासको ने भारतीय पुस्तकालयो का अन्त कर दिया।

(A) मध्यकाल के कुछ प्रमुख पुस्तकालय निम्नलिखित थे—

(1) नगरकोट या पुस्तकालय (14वी शताब्दी)
(2) महमूद गँवा का पुस्तकालय (सन् 1450)
(3) अकबर महान् का पुस्तकालय
(4) आदिल शाही पुस्तकालय
(5) सरस्वती महल पुस्तकालय तंजौर
(6) हैदरअली का पुस्तकालय
(7) जयपुर के पुस्तकालय

(B) मध्यकाल के पुस्तकालय—

मध्यकाल मे विद्वान आचार्यो एव भावी भारत प्रेमियो ने जहा तहाँ बचे हुए दुर्लभ ग्रन्थो को अपने जीवन से अधिक महत्त्वपूर्ण समझ कर सम्हाला। मुस्लिम सुल्तानो एव हिन्दू राजाओ मे कुछ जो कलाप्रेमी एव साहित्य अनुरागी थे उन्होंने अपने निजी पुस्तकालयो की व्यवस्था अपने राजभवनो मे ही कर रखी थी। शिक्षा की कोई सार्वजनिक शृंखला पद्धति न होने के कारण पुस्तकालयो का महत्त्व था ही नही। प्राथमिक एव माध्यमिक स्तर की पढाई मदरसो एव मकतबो मे होती थी। इनमे सलग्न पुस्तकालय ही कुछ अश तक कार्यशील थे।

फिरोज तुगलक ने जब 14वी शताब्दी मे नगर कोट पर चढाई की तो उसे एक सस्कृत ग्रन्थो का पुस्तकालय प्राप्त हुआ जिसमे दर्शन, भविष्य तथा ज्योतिष सम्बन्धी ग्रन्थ बहुतायत मे थे। बहमनी राज्य का मन्त्री महमूद गँवा के पास 3000 पुस्तको का एक अच्छा पुस्तकालय था। यह उसका निजी पुस्तकालय था जिसमे फुरसत के समय वह अपने विद्वानों के साथ पुस्तकालय मे अपना समय बिताता था। 1481 मे एक षडयन्त्र मे महमूद गँवा की हत्या कर दी गई तभी से राज्य की अवनति हुई जिसमे पुस्तकालय की व्यवस्था समाप्त हो गई।

मुगल शासको मे बाबर, हुमायूँ, अकबर सभी विद्वान पुस्तकप्रेमी एव विद्या व्यसनी थे। कहते है हुमायूँ की मृत्यु उसके निजी पुस्तकालय की सीढिया से गिरकर हुई थी। उसने शेरशाह के आमोद गृह को पुस्तकालय मे परिवर्तित कर दिया था। इतना प्रेम अवश्य ही विद्वता का परिचायक है।

हुमायूँ की मृत्यु के उपरान्त उसके पुत्र अकबर ने असाधारण आर्थिक मूल्यो वाली हजारो पुस्तकें (लगभग 25000) अपने निजी ग्रन्थालय मे रखी थी

जो बेशकीमती वस्तुग्रा से जिल्द की गई थी। सुदर पाण्डुलिपिया से भरा यह पुस्तकालय अनेक विषया की पुस्तको से सुशोभित था। "अकबर ने पुस्तकालय की व्यवस्था मे परिवतन किया था और ग्रथो को वर्गबद्ध या श्रेणीबद्ध किया था। किताबो को विषया और मूल्यो के आधार पर विभाजित किया गया और केटलॉगिंग की गई। उसकी लायब्रेरी सुव्यवस्थित थी और प्रबन्ध अनुभवी व्यक्तियो को दिया जाता था। लायब्रेरी का प्रमुख अध्यक्ष निजाम कहलाता था, उसके अधीन मुहतमीम या दरोगा होता था और उसके अनेक सहायक होते थे जो किताबो के आगम निगम को रजिस्टर मे चढाते थ।" शाही पुस्तकालय मे अनुवाद काय हेतु विद्वत आचार्यों की नियुक्ति की गई थी "कृष्णा जोशी के निर्देशन म सस्कृत ग्रन्था का फारसीयन भाषा म गगाधर और महेश महानन्द अनुवाद करते थे। शाही पुस्तकालय के लिये महाभारत महाकाव्य का अनुवाद नकीबखान की देखरेख मे फारसी मे, बदायूँ के मौलाना अब्दुल कादिर और थानेश्वर के शेख सुल्तान द्वारा किया गया था। रामायण का भी फारसी भाषा मे अनुवाद किया तथा चार वेदो मे से एक वेद "अथर्वेद" का "अतरवन" के नाम से अनुवाद किया गया था। अबुल फजल के बडे भाई ने भास्कराचाय की 'लीलावती" का फारसी भाषा मे अनुवाद किया था।

पुस्तको पर स्वर्ण एव जरी का काम साथ ही रगीन चित्रकारी इस बात का द्योतक है कि मुद्रण काय एव छपाई सर्वोत्कृष्ट होती थी। यह बहुत आश्चय है कि इस काल की जिल्दसाजी कला का अब कही कोई अस्तित्व नजर नही आता।

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट विदित होता है कि अकबर के शासन काल म शिक्षण सस्थाओ एव शाही पुस्तकालया म वर्गीकरण, सूचीकरण, सगठन एव पुस्तकालय प्रबन्ध की तकनीक का प्रचलन था, साथ ही भौतिक ग्रन्थवर्णना के अन्तगत उच्चस्तर की जिल्दसाजी, पृष्ठ सजावट एव सुवाच्य लेखन कला का ज्ञान भी उन्हे भली प्रकार था। पुस्तकालय प्रशासन का भी उन्हे अनुभव था तभी तो पुस्तकालयाध्यक्ष के अधीन मुहतमीम और उनके अन्य सहायको के द्वारा पुस्तको का लेन देन यह जाहिर करता है कि वे पुस्तकालय प्रशासन के सिद्धान्तो को जानते थे और उनका अनुसरण करते थे। कहने का तात्पय यह है कि अकबर महान् स्वय इतना कुशाग्र बुद्धि शासक था जिसने पुस्तकालय विज्ञान के विषया (तकनीक) का पूव से ही भारत मे प्रादुर्भाव कर दिया था।

अहमदाबाद मे बडी लायब्रेरी थी। यहा के मदरसे की लायब्रेरी "शाम ये बुरहानी" कहलाती थी। फिगाली मदरसा 1654 मे स्थापित हुआ। हिदायत बख्श मदरसा 1699 मे स्थापित हुआ। काठियावाड के शेख इब्राहीम वाले मदरसे मे शानदार समृद्ध लायब्रेरी थी।'[14] माहम्मद शाह बहमनी द्वितीय के चतुर मत्री महमूद गवा ने बीदर मे एक कालेज का निर्माण किया था जिसम

विद्यार्थियो के उपयोग हेतु 3000 हस्तलिपियाँ थी। नादिरशाह ने जब आक्रमण किया तो सारे मुगलकाल के शाही पुस्तकालयो का वह फारस ले गया। इस प्रकार औरंगजेब के आक्रमण ने आदिलशाही पुस्तकालय को नष्ट किया।

दक्षिण भारत के पुस्तकालय—

दक्षिण भारत मे हिंदु राजाओ के अच्छे पुस्तकालय थे, जिनमे तंजौर का पुस्तकालय (सरस्वती महल) प्रमुख था जो आज भी अपने आप मे एक विशाल पुस्तकालय है जिसका मुकाबला संस्कृत ग्रन्थो के पुस्तकालयो मे भारत का अन्य पुस्तकालय नही कर सकता है। इस पुस्तकालय की स्थापना तंजौर के नायको द्वारा की गई थी। शाहजी भोसले ने 1675 और 1850 के बीच इस राज्य मे अपने शासन के समय इस पुस्तकालय को बहुत अच्छा बनाया। इसके विकास एव विस्तार के लिए सरफोजी भोसले विशेष रूप से उत्तरदायी थे।

मैसूर के महाराजा चिक्कादेवराव (1662-1704) के पास भी अच्छी लायब्रेरी थी जिसे बाद मे टीपू सुल्तान के द्वारा नष्ट कर दिया गया था। एक ओर जहाँ टीपू ने विजय श्री पाने के लिए दूसरे राजाओ के ग्रन्थागार उजाडे वही उसने अपने शासन काल मे पुस्तकालयो के विकास एव ग्रन्थ अध्ययन को महत्त्व दिया। टीपू के विवाह समारोह पर हैदर अली ने अपने पुत्र से पूछा कि इस विवाह पर्व पर तुम्हे क्या उपहार दिया जाय तो टीपू का कहना था, मैं एक *पुस्तकालय की स्थापना करना चाहता हूँ। तभी हैदर अली ने अपने प्रधानमन्त्री पुर्णिया* को बुलाकर यह आदेश दिया था कि मेरा पुत्र एक भव्य पुस्तकालय चाहता है अत एक विशाल पुस्तकालय का निर्माण किया जाए और अनुवादको की नियुक्ति की जाये। तभी पुर्णिया ने नुरूल हसन को प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किया तथा विविध राष्ट्रो से सूचीकार, सन्दर्भ विशेषज्ञ एव शोधकर्त्ताओ को अपने पुस्तकालय कार्य के लिए बुलाया था। इस पुस्तकालय खजाने के बारे मे टीपू सुल्तान ने कहा था "मेरा यह खजाना सोने और चाँदी के खजाने से बढकर है इसे किसी को भी लूटना या समाप्त नही करना चाहिए।" इस दिवास्वप्न के साथ 1799 मे जब अंग्रेजो द्वारा उसकी हार हुई। तब उसका विशाल पुस्तकालय जो अंग्रेजी, फ्रेन्च, पारसियन एव वैदिक साहित्य से परिपूर्ण था, अंग्रेजो के हाथ लगा। अंग्रेज ने उसमे से 2000 चुने हुए महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ लन्दन ले गये और "इण्डिया आफिस लायब्रेरी" की स्थापना की। 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के बाद देश भर की अरबी एव फारसी भाषा की महत्त्वपूर्ण पोथियां भी इस पुस्तकालय मे पहुँचाई गयी थी।

जयपुर के राजा सवाई जयसिंह (1699-1743) के पास अनेक दुर्लभ पुस्तकें थी। हिंदू शिक्षण संस्थाओ की लाइब्रेरी भी अच्छी थी। यहा प्राचीन दर्शन चिकित्सा, धर्म, इतिहास तथा विभिन्न विज्ञानो का संकलन था। कतिपय

लाइब्रेरी संस्कृत की हस्तलिपियों से सज्जित थी जिनमें अधिकतर धर्म सम्बन्धी रिकार्डस थे। जब बर्नियर बनारस पहुँचा तो कवीन्द्र आचार्य ने उसका स्वागत विश्वविद्यालय लायब्रेरी में किया जहाँ वृहत पैमाने पर हस्तलिपियों का संकलन था।

उपरोक्त बात से मालूम पड़ता है कि बनारस भी अपने समय का विद्याध्ययन का प्रमुख केन्द्र था। काशी विद्यापीठ के पुस्तकालय भी देश की शिक्षा के केन्द्र बिन्दु थे जहाँ देश विदेश के आचार्यों, साधु सन्तों ने आकर अध्ययन व ज्ञानार्जन किया था। वाराणसी के बारे में अबुल फजल ने आइने अकबरी में लिखा है कि अनादिकाल से यह हिन्दुस्तान का मुख्य विद्या केन्द्र था। देश के सुदूरतम भागों के लोग बड़ी संख्या में विद्या प्राप्त करने यहाँ आते थे और बड़ी श्रद्धापूर्ण लगन से अध्ययन करते थे। आज भी यह नगर शिक्षा का विशेष रूप से संस्कृत साहित्य की शिक्षा का देश में प्रमुख स्थल है।

हमें यह मानना पड़ेगा कि मध्यकाल में मुगल शासकों के द्वारा जनता की रूचि एवं पुस्तकालयों के विकास पर ध्यान दिया गया ताकि प्रजा सुखी एवं शिक्षित हो। सभी मदरसों एवं विद्यापीठों में उनके निजी पुस्तकालय होते थे। इनके अतिरिक्त मुगल सम्राटों तथा उच्च अधिकारियों एवं अमीरों ने भी पुस्तकालयों की स्थापना की। मुगल सम्राट शाही पुस्तकालय (Imperial Lib) के विकास में रुचि प्रकट करते थे। शेख फैजी के पुस्तकालय में 4,600 पुस्तकें थी।

इन सब विवरणों से स्पष्ट होता है कि पूर्व मध्यकाल में हिन्दु सम्राटों ने एवं धर्मावलम्बियों ने शिक्षा एवं साहित्य निर्माण के द्वारा ज्ञान विज्ञान में सफलता प्राप्त की और पुस्तकालयों का निर्माण कर अपनी संस्कृति को विश्व के समक्ष खुली पुस्तक के रूप में रख दिया ताकि सभी मानव जाति के लोग भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से कुछ प्राप्त कर सकें, भारत की दान शीलता, शान्ति प्रियता ने उससे अपनी मौलिक देन छीन ली और अब भिखारी बन पूर्व की ओर देख रहा है।

मध्यकाल में भी साहित्य का न्यारा न्यारा ही होता रहा। मुगल शासक अवश्य ही शिक्षा प्रेमी, कला प्रेमी एवं अध्ययन में रुचि रखने वाले थे और कुशल प्रशासक भी किन्तु भारत पर होने वाले निरन्तर बर्बर आक्रमण एवं आन्तरिक संघर्ष के कारण उनके सपने अधूरे ही रहे, जो कुछ था वह भी आक्रमणकारियों द्वारा लूट लिया गया।

(C) आधुनिक काल के पुस्तकालय—(17 वीं से 19 वीं शताब्दी)

पूर्व में लिखा जा चुका है कि भारत में पुस्तकालयों की परम्परा कोई नयी नहीं है, किन्तु आज की दशा में जो प्रगति हमने की है वह पहले से कहीं अधिक रोचक एवं ऐतिहासिक है। भारत में मुद्रण कला का प्रसार नहीं हुआ था।

पुर्तगालियो के गोवा आगमन के बाद ईसाई धर्म सम्बन्धी पुस्तकों का मुद्रण जोरों से चल पड़ा था। सर्वप्रथम माशमैन नामक पातगाली पादरी ने गोवा मे अपना छापा खाना खोला। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के व्यापारी दस्ते भी अब तक भारत के बडे बडे शहरों जैसे कलकत्ता, मद्रास, एव बम्बई म फैल चुके थे। 1712 मे डनिश मिशनरिया ने टान्केवर मे एक प्रेस स्थापित किया। उन्होंने 'एपोस्टाइल्स क्रीड" नामक पुस्तक तमिल मे छापी। यह भारतीय भाषा की प्रथम मुद्रित पुस्तक थी। चूंकि यहा अभी तक गुरुगृहा, मक्तवा, मदरसा मे शिक्षा दी जाती थी जिनके साथ उनके निजी पुस्तकालय भी थे। कुछ राजाओं के राज्यो मे भी पुस्तकालय थे किन्तु ईसाइयो एव अंग्रेज व्यापारियो के आगमन से इनका विकास न हो सका। ईसाई धर्म प्रचारक व कम्पनी के अधिकारियो ने कही कहो छोटे-छोटे विद्यालय स्थापित किये जिनके साथ पुस्तकालय भी थे। धर्म की लडाई म पोतगाली एव फ्रांसिसी पिछड गये और अंग्रेजो ने अपना पैर जमा लिया। भारतीय जनता की धार्मिक रूढिवादिता से अंग्रेजो को अपने धर्म प्रचार म कोई प्रभाव नजर नही आया अत उन्होंने भारत की धर्म प्राण जनता को धर्म के साथ शिक्षा देने का भी सकल्प ठान लिया। ब्रिटिश पार्लियामेन्ट के 1813 ई के पत्र के अनुसार भारत मे शिक्षा प्रचार को कम्पनी ने अपना उत्तरदायित्व समझ कर माना। इसके आधार पर 1781 मे कलकत्ता मदरसा, सन् 1791 मे बनारस संस्कृत कालेज तथा 1800 म फोर्ट विलियम कालेज की स्थापना हुई। इनमे पुस्तकालय भी स्थापित कर दिये गये। 1808 मे बम्बई सरकार ने भारतीय जनता की अंग्रेजी साहित्य म रुचि बढाने हेतु पुस्तकालयो को रजिस्टरड किया, जिससे कि पुस्तकें मुफ्त म बाटी जा सके, इसके साथ ही पुस्तकालय विकास की शुरुआत हुई। यद्यपि इस प्रकार के लोक पुस्तकालय देशी रियासतो जैसे इन्दौर स्टेट एव ट्रावनकोर म 19 वी शताब्दी के अन्त तक थे। अंग्रेजो ने गाव गाव नगर नगर पुस्तकालयो के आन्दोलन को बढाया किन्तु इसके पीछे हिन्दु संस्कृति एव धर्म के अनमोल खजाने को य संग्रह कर इंग्लैण्ड भेजते गये। हिन्दू जनता अंग्रेजी शिक्षा एव नौकरी पाकर खुश थी।

1867 म ब्रिटिश सरकार ने कानून पास करके पुस्तकालय आन्दोलन को जबरदस्ती जनता पर लाद दिया। यह भी साहित्य की संग्रह करने का एक अच्छा तरीका था। विरोधियो को खुश करने के लिये अंग्रेजो ने यत्र-तत्र पुस्तकालयो की स्थापना की। इनको नेटिव जनरल लाइब्रेरी कहा जाता था। सबसे पहले 1884 ई मे बेलगाव और 1854 म धारवाड म य नेटिव लायब्रेरिज स्थापित की गई। जुबली पुस्तकालय भी देश के अनेक भागो म महारानी विक्टोरिया के जुबली महोत्सव म खोले गये। इसी समय देश के कोने कोने म कई लोक पुस्तकालय भी स्थापित हुए।

1800 मे कलकत्ता म सावजनिक पुस्तकालया की शासकाय दफ्तरो, मन्त्रिमण्डलो के भी विभागीय पुस्तकालय खोल गय। पुस्तकालय विकास के इतिहास म यह एक महत्वपूर्ण कदम था। 1902 म इम्पीरियल लायब्रेरी की स्थापना हुई। विश्वविद्यालयो, महाविद्यालयो, पाठशालाओ म भी पुस्तकालयो का स्थापित किया गया। सवप्रथम 1857 मे कलकत्ता विश्वविद्यालय म 1869 म बम्बई विश्वविद्यालय म 1876 मे अलीगढ एव 1882 म पजाब विश्वविद्यालयो मे पुस्तकालयो की स्थापना हुई। 1903 म मद्रास विश्वविद्यालय पुस्तकालय का शुभारम्भ हुआ।

सावजनिक पुस्तकालय आन्दोलन का प्रथम श्री गणेश 1910 मे बडौदा राज्य के महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड ने पुस्तकालय सस्थान की स्थापना कर किया। उन्होने अपनी प्रजा को शिक्षित बनाने हेतु पूरे राज्य मे सावजनिक पुस्तकालयो का जाल फैला दिया। चलते फिरते पुस्तकालय भी ग्रामीण क्षेत्रो मे पुस्तकें पहुँचाने हतु निर्मित किय। शिक्षण सस्थाओ, अनुसधान सस्थाओ एव प्रयोगशालाओ म भी अनेक पुस्तकालय स्थापित हुए। इस काल मे जनता एव सरकार के मिले जुले पुस्तकालय देश भर मे कायरत थे। ब्रिटिश काल मे ही अखिल भारतीय पुस्तकालय सघ की स्थापना स्वर्गीय के एम असदुल्ला के नेतृत्व मे 1935 मे हो चुकी थी। देश के प्रमुख विश्वविद्यालयो दिल्ली, मद्रास, बनारस एव अलीगढ म पुस्तकालय विज्ञान शिक्षा का प्रशिक्षण भी प्रारम्भ किया गया। देश के प्रकाण्ड विद्वानो ने पुस्तकालय विज्ञान के साहित्य को लिखन मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुस्तकालय विज्ञान साहित्य के निमाण मे प्रकाण्ड पडित सुलझे हुए विषय वैज्ञानिक स्वर्गीय डा एस आर रगनाथन का अभूतपूव योगदान था। उन्होने पुस्तकालय विज्ञान विषय पर लगभग 50 पुस्तकें अग्रेजी भाषा मे लिखी। भारत मे ये पुस्तकालय विज्ञान विषय के जन्मदाता मान जात है। इस प्रकार पुस्तकालयो के इतिहास म एक ठोस पृष्ठभूमि का निर्माण हुआ। इस काल मे कुछ ख्याति प्राप्त पुस्तकालय अपने अस्तित्व म थे जिनका विवरण दना यहा प्रासगिक होगा।

(1) इण्डिया आफिस लायब्रेरी—

सन् 1799 म टीपू सुल्तान की पराजय के बाद उसका विशाल पुस्तकालय जो वैदिक साहित्य अग्रेजी फ्रेन्च व परशीयन साहित्य से परिपूर्ण था, अग्रेजो के हाथ लगा और व उस पुस्तकालय की 2000 चुनी हुई पुस्तकें लन्दन ले गये और इण्डिया आफिस लायब्रेरी की स्थापना की। गुलामी के काल मे शिक्षा प्रसार के नाम पर इस पुस्तकालय की स्थापना भारत की ऐतिहासिक सास्कृतिक, धार्मिक एव साहित्यिक ज्ञान राशि को सग्रहित करने के उद्देश्य से की गई थी। यह उद्देश्य उजागर करने का सवप्रथम प्रयास प्रसिद्ध इतिहासज्ञ राबट ओरम न

किया था जो उस समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी का कुशल इतिहासकार था। यह आफिस ब्रिटिश शासन काल में भारत की गतिविधियों का लेखा जोखा रखने का मन्दिर स्थल था। इसकी स्थापना ईस्ट इण्डिया कम्पनी के द्वारा 1809 में की गई थी। 1946 के बाद से इस पुस्तकालय को कामनवल्थ सम्बन्धी पुस्तकालय कार्यालय के नाम से पुकारा जाता है। इसका उपयोग केवल नियमित पाठकों या छात्र सदस्यों को ही करने दिया जाता है।"[15] इण्डिया आफिस लायब्रेरी बनने के पूर्व इसका नाम 'पब्लिक रिपोजिटरी सेन्टर" रखा गया था। 18 फरवरी 1808 में "इण्डिया हाऊस' का लजनहाल स्ट्रीट लन्दन में स्थित किया गया। क्रमशः भारत के विभिन्न क्षेत्रों से महत्वपूर्ण पोथियां, पाण्डुलिपियां, मूर्तियां, एवं दुर्लभ ग्रन्थ सामग्री यहां आकर जमा हो गई।

1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के बाद देश भर की अरबी एवं फारसी भाषा की पाण्डुलिपियां एवं पुस्तकें भी इस पुस्तकालय में अंग्रेजों ने पहुँचा दी। इस पुस्तकालय में लगभग 2 लाख पुस्तकें हैं, जिसमें 60,000 पुस्तकें अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषाओं की हैं, शेष प्राच्य भाषाओं की। भारतीय प्राच्य संस्कृति एवं साहित्यिक ज्ञान का यह विश्व का सबसे बड़ा संग्रह है।

इस पुस्तकालय में भारतीय ज्ञान संग्रह के पांच विभाग बनाये गये हैं जिनमें प्रथम (1) मुद्रित ग्रन्थ विभाग (2) हस्तलिखित ग्रन्थ विभाग (3) भारतीय चित्रकला विभाग (4) फोटो एवं अन्य दुर्लभ वस्तु संग्रह। ये सभी विभाग संस्कृत, अरबी, फारसी, उर्दू, तिब्बती, खोतानी, बंगला, गुजराती, मराठी, उड़िया एवं पश्तो भाषा के ग्रन्थों एवं चित्रकला के संग्रह से परिपूर्ण हैं। फोटो विभाग में भारतीय शिल्प वस्तुकला और पुरातत्व से सम्बंधित लगभग 2300 निगेटिव प्लेटस और लगभग 30,000 विभिन्न चित्रों का संग्रह एकत्रित है। इसमें 95 भाषाओं की पुस्तकें सुरक्षित है।

वर्तमान में यह पुस्तकालय किंग चार्ल्स स्ट्रीट स्थित "व्हाइट हाऊस" में स्थापित है। भारत सरकार इन दुर्लभ ग्रन्थों को वापस अपने देश मंगाने के कई बार प्रयास कर चुकी है किन्तु सफलता नहीं मिल सकी है। ये ही गौरव ग्रन्थ विदेशों में भारतीय संस्कृति, धर्म, इतिहास एवं साहित्य के अध्ययन के मौलिक ग्रन्थ थे जिनके सहारे भारत से अधिक भारत को जानने में विदेशियों ने सफलता प्राप्त की।

(2) राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता (National Library)—यह भारत का एकमात्र राष्ट्रीय पुस्तकालय है, जिसे इम्पीरियल लायब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 8 मार्च 1836 को हुई थी फोर्ट विलियम कालेज से प्राप्त 4675 पुस्तकों से इसका श्री गणेश हुआ था। 20 अप्रैल 1890 को नगर पालिका समिति ने इसका प्रशासन अपने हाथ में लिया और जुलाई में एक निःशुल्क वाचनालय खोला। चलते फिरते वाचनालय (Mobile Reading Room) के साथ एक रिफरन्स लायब्रेरी की भी स्थापना की गई। बंगाल सरकार ने 5 हजार रुपये का अनुदान पुस्तकालय के पुनर्गठन एवं व्यवस्थापन हेतु दिया।

कलकत्ता पब्लिक लायब्रेरी एव इम्पीरियल लायब्रेरी दोनों को 1902 म मिला दिया गया और नये सिरे से पुस्तकालय पत्रक सूचिया तैयार की गई। 30 जनवरी 1903 को जन-सामान्य की सेवा के लिये इसे मुक्त द्वार प्रणाली (Open Door System) से युक्त कर दिया। पुस्तकालय के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष ब्रिटिश म्यूजियम लन्दन के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री जॉन मैक फारलेन बनाये गय। पुस्तकालय क्रमश इनकी योग्यता, अनुभव और कार्यपटुता से प्रसिद्धि प्राप्त करता गया। 1904 मे दरभगा के जमींदार सैयद सदरुद्दीन अहमद का निजी सग्रह पुस्तकालय को भेंट स्वरूप प्राप्त हुआ। इसमें 1500 छप हुई तथा 850 हस्तलिखित ग्रन्थ थे।

इसकी सिल्वर जुबली 9 फरवरी 1953 को मनायी गयी, तभी "डिलिवरी आफ बुक्स एक्ट" द्वारा भारतीय प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित ग्रन्थो की एक प्रति राष्ट्रीय पुस्तकालय को भेजने का कानून अनिवार्य कर दिया। एक्ट को पास हुए 26 वष हो चुके हैं किन्तु भारत मे प्रकाशित होन वाली प्रत्येक पुस्तकें एव समाचार पत्र शायद ही पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ भेजे जाते हो। पुस्तकालय का आधुनिक तम तरीका से सज्जित एव तकनिकी दृष्टीयो से व्यवस्थित किया गया है। वतमान म पुस्तकालय की सग्रह सख्या लगभग 14 लाख करीब है। अध्ययन कक्ष मे एक साथ दो सौ लोगो के बैठने का व्यवस्था है। 350 के लगभग कर्मचारी कायरत ह। देश की 14 भाषाओ की पुस्तकें यहा सग्रहित है।

(3) आसफिया स्टेट लायब्रेरी हैदराबाद—

यह पुस्तकालय 1871 म हैदराबाद रियासत म स्थापित किया गया था। इस पुस्तकालय मे विभिन्न विषयो की 9 लाख पुस्तकें, 13, 804 दुलभ ग्रन्थ जो पार्चमेन्ट पपर (चमडे का बना हुआ) एव हिरण की खाल पर बने हुए हैं। ये दुलभ ग्रन्थ शीघ्र सन्दभ सेवा के अन्तगत छात्रो, अनुसधानकर्त्ताओ के उपयोगाक्षित तत्काल अध्ययन हेतु दिये जाते हैं। लगभग दो इच की एक पुस्तक मे पूर्ण गीता लिखी हुई है जो यहा उपलब्ध है। 1487 ए डी की एक अनुपम पुस्तक इस पुस्तकालय मे सुरक्षित है। सबसे प्राचीन 1072 ए डी की प्रकाशित पुस्तक इस पुस्तकालय का विशेष आकषण है। यहा पर 15वी शताब्दी की एक पुरानी पुस्तक "इण्डस्ट्रीयल साइ स" रखी हुई है जिसमे कागज एव स्याही बनाने की विधिया दी गई है। यह कौतूहल पैदा करने वाली दुलभ पुस्तक भारतीय सस्कृति की प्रगति की प्रतीक है।

चूँकि हैदराबाद रियासत एक समय की समृद्धशाली रियासत थी अत व्यापार, व्यवसाय एव साहित्यिक गतिविधियो म भी अग्रणी रही। पार्चमेन्ट पपर की पुस्तका का होना इस बात की प्रतीक है कि भारत के बाहरी देशो से व्यापारिक सम्बन्ध थे तभी य ग्रन्थ यहा तक आये। हैदराबाद का ही सालारजग म्यूजि-

किया था जो उस समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी का कुशल इतिहासकार था। यह प्राचीन ब्रिटिश शासन काल मे भारत की गतिविधियो का लेखा जोखा रखने का मुख्य स्थल था। इसकी स्थापना ईस्ट इण्डिया कम्पनी के द्वारा 1809 म की गई थी। 1946 के बाद से इस पुस्तकालय को कामनवेल्थ सम्बन्धी पुस्तकालय कार्यालय के नाम से पुकारा जाता है। इसका उपयोग केवल नियमित पाठको या छात्र सदस्यो को ही करने दिया जाता है।"[15] इण्डिया आफिस लायब्रेरी बनने के पूर्व इसका नाम "पब्लिक रिपाजिटरी सेन्टर" रखा गया था। 18 फरवरी 1808 मे 'इण्डिया हाऊस' को लजाहाल स्ट्रीट लन्दन मे स्थित किया गया। क्रमश भारत के विभिन्न क्षेत्रो से महत्वपूर्ण पोथियां, पाण्डुलिपियां, मूर्तियां, एव दुर्लभ ग्रन्थ सामग्री यहा आकर जमा हो गई।

1857 के स्वतन्त्रता सग्राम के बाद देश भर की अरबी एव फारसी भाषा की पाण्डुलिपियाँ एव पुस्तकें भी इस पुस्तकालय म अग्रेजो ने पहुँचा दी। इस पुस्तकालय मे लगभग 2 लाख पुस्तकें है, जिसम 60,000 पुस्तकें अग्रेजी एव यूरोपीय भाषाओ की है शेष प्राच्य भाषाओ की। भारतीय प्राच्य संस्कृति एव साहित्यिक ज्ञान का यह विश्व का सबसे बडा सग्रह है।

इस पुस्तकालय मे भारतीय ज्ञान सग्रह के पाच विभाग बनाये गये हैं जिनम प्रथम (1) मुद्रित ग्रन्थ विभाग (2) हस्तलिखित ग्रन्थ विभाग (3) भारतीय चित्रकला विभाग (4) फोटो एव अन्य दुर्लभ वस्तु सग्रह। ये सभी विभाग संस्कृत, अरबी फारसी, उर्दू, तिब्बती, खोतानी, बगला, गुजराती, मराठी, उडिया एव पश्तो भाषा के ग्रन्थो एव चित्रकला के सग्रह से परिपूर्ण है। फोटो विभाग म भारतीय शिल्प वस्तुकला और पुरातत्व से सम्बन्धित लगभग 2300 निगेटिव प्लेटस और लगभग 30,000 विभिन्न चित्रो का सग्रह एकत्रित है। इसमे 95 भाषाओ की पुस्तकें सुरक्षित है।

वतमान म यह पुस्तकालय किंग चार्ल्स स्ट्रीट स्थित 'व्हाइट हाऊस' म स्थापित है।भारत सरकार इन दुर्लभ ग्रन्थो को वापस अपने देश मगाने के कई बार प्रयास कर चुकी है किन्तु सफलता नही मिल सकी हैं। ये ही गौरव ग्रन्थ विदेशो म भारतीय-संस्कृति, धर्म, इतिहास एव साहित्य के अध्ययन के मौलिक ग्रन्थ थे जिनके सहारे भारत से अधिक भारत को जानने म विदेशियो ने सफलता प्राप्त की।

(2) राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता (National Library)—यह भारत का एकमात्र राष्ट्रीय पुस्तकालय है, जिसे इम्पीरियल लायब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 8 मार्च 1836 को हुई थी फोर्ट विलियम कालेज से प्राप्त 4675 पुस्तको से इसका श्री गणेश हुआ था। 20 अप्रेल 1890 को नगर पालिका समिति ने इसका प्रशासन अपने हाथ म लिया और जुलाई म एक नि शुल्क वाचनालय खोला। चलते फिरते वाचनालय (Mobile Reading Room) के साथ एक रिफरन्स लायब्रेरी की भी स्थापना की गई। बगाल सरकार ने 5 हजार रुपये का अनुदान पुस्तकालय के पुनर्गठन एव व्यवस्थापन हेतु दिया।

कलकत्ता पब्लिक लायब्रेरी एव इम्पीरियल लायब्रेरी दोनो को 1902 मे मिला दिया गया और नये सिरे से पुस्तकालय पत्रक सूचिया तैयार की गई। 30 जनवरी 1903 को जन-सामान्य की सेवा के लिये इसे मुक्त द्वार प्रणाली (Open Door System) से युक्त कर दिया। पुस्तकालय के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष ब्रिटिश म्यूजियम लन्दन के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष श्री जॉन मैक फारलेन बनाये गये। पुस्तकालय क्रमश इनकी योग्यता, अनुभव और कार्यपटुता से प्रसिद्धि प्राप्त करता गया। 1904 मे दरभगा के जमीदार सैयद सदरुद्दीन अहमद का निजी सग्रह पुस्तकालय को भेंट स्वरूप प्राप्त हुआ। इसम 1500 छपे हुई तथा 850 हस्तलिखित ग्रन्थ थे।

इसकी सिल्वर जुबली 9 फरवरी 1953 को मनायी गयी, तभी "डिलिवरी आफ बुक्स एक्ट" द्वारा भारतीय प्रकाशको द्वारा प्रकाशित ग्रन्थो की एक प्रति राष्ट्रीय पुस्तकालय को भेजने का कानून अनिवार्य कर दिया। एक्ट को पास हुए 26 वर्ष हो चुके ह किन्तु भारत मे प्रकाशित होने वाली प्रत्येक पुस्तकें एव समाचार पत्र शायद ही पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ भेजे जाते हो। पुस्तकालय को आधुनिकतम तरीको से सज्जित एव तकनिकी दृष्टीया से व्यवस्थित किया गया है। वर्तमान मे पुस्तकालय की सग्रह सख्या लगभग 14 लाख करीब है। अध्ययन कक्ष मे एक साथ दो सौ लोगो के बैठने की व्यवस्था है। 350 के लगभग कर्मचारी कार्यरत ह। देश की 14 भाषाओ की पुस्तकें यहा सग्रहित है।

(3) आसफिया स्टेट लायब्रेरी हैदराबाद—

यह पुस्तकालय 1871 मे हैदराबाद रियासत मे स्थापित किया गया था। इस पुस्तकालय मे विभिन्न विषयो की 9 लाख पुस्तकें, 13, 604 दुर्लभ ग्रन्थ जो पार्चमेन्ट पेपर (चमडे का बना हुआ) एव हिरण की खाल पर बने हुए ह। ये दुर्लभ ग्रन्थ शीघ्र सन्दर्भ सेवा के अन्तर्गत छात्रो, अनुसधानकर्त्ताओ के उपयोगार्थ तत्काल अध्ययन हेतु दिये जाते हैं। लगभग दो इन्च की एक पुस्तक मे पूर्ण गीता लिखी हुई है जो यहाँ उपलब्ध है। 1487 ए डी की एक अनुपम पुस्तक इस पुस्तकालय मे सुरक्षित है। सबसे प्राचीन 1072 ए डी की प्रकाशित पुस्तक इस पुस्तकालय का विशेष आकर्षण है। यहाँ पर 15वी शताब्दी की एक पुरानी पुस्तक "इण्डस्ट्रीयल साइन्स" रखी हुई हैं जिसमे कागज एव स्याही बनाने की विधिया दी गई है। यह कौतूहल पैदा करने वाली दुर्लभ पुस्तक भारतीय सस्कृति की प्रगति की प्रतीक है।

चूकि हैदराबाद रियासत एक समय की समृद्धशाली रियासत थी अन्न व्यापार व्यवसाय एव साहित्यिक गतिविधिया म भी अग्रणी रही। पार्चमेन्ट पेपर की पुस्तको का होना इस बात की प्रतीक है कि भारत के बाहरी देशो स व्यापारिक सम्बन्ध थे तभी य ग्रन्थ यहा तक आये। हैदराबाद का ही सालारजग म्यूजि-

यह भारत का विशाल एक व्यक्ति द्वारा संग्रहित संग्रहालय है जो प्राचीन संस्कृति एवं कला का अनूठा संगम है।

(4) माणिक्य स्मारक वाचनालय खण्डवा—

राष्ट्र प्रसिद्ध वीर योद्धा एवं यशस्वी साहित्यकार दादा माखनलाल चतुर्वेदी की नगरी खण्डवा में 1883 में हरिदास चटर्जी के सभापतित्व में "मारिस टेस्टोमाईनल फण्ड कमेटी" की स्थापना हुई। श्री चटर्जी के ही प्रयास से "मारिस ममोरियल लायब्रेरी" आरम्भ हुई।

यद्यपि भारत में उस समय अंग्रेजों का सघन साम्राज्य छाया हुआ था। उन्होंने ज्ञानवर्धन के लिये देश भर में नेटिव लायब्रेरीज की स्थापना की थी। इसी प्रकार की लायब्रेरी मण्डलेश्वर राज्य में थी जो 1881 में ही खण्डवा लायी गयी थी। 'उक्त लायब्रेरी को किराये के मकान में संचालित किया जाता था। लेकिन भवन निर्माण के उपरान्त यही लायब्रेरी मारिस ममोरियल लायब्रेरी में समाहित कर दी गई।"[16]

स्व श्री हरिदास जी चटर्जी की वसीयतनामे के अनुसार 5 000 रु वाचनालय को प्राप्त हुए थे। उसी समय के खण्डवा के प्रसिद्ध अभिवक्ता स्व श्री माणिक्य चन्द जी जैन की स्मृति में स्वाधीनता के उपरान्त इस वाचनालय का नाम "माणिक्य स्मारक वाचनालय" रखा गया। उनके निकट सम्बन्धी श्री विमलचन्द्र जैन ने उत्साहपूर्वक इस पुस्तकालय को 2500 रुपय की धन राशि प्रदान की।

लोगों के व्यक्तिगत दान से भी इस पुस्तकालय को कई पुस्तकें प्राप्त हुई।

1937 में, स्व श्री भगवन्तराव जी मण्डलाई की प्रखर सूझ बूझ से 14 000 रु की धन राशि ऋण स्वरूप लेकर वाचनालय के निम्न भाग में बैंक का निर्माण हुआ। जो कि आगे चलकर वाचनालय की आय का स्रोत बना।'[17]

1948 में भवन की प्रथम मंजिल के निर्माण में 1100 रु की धन राशि तुलसी पुण्य तिथि उत्सव समिति खण्डवा ने प्रदान किये।[18]

तत्कालीन केन्द्रीय वनानिक अनुसंधान एवं सांस्कृतिक विभाग म श्री स्व हुमायू कबीर को कदापि विस्मृत नहीं कर सकते जिन्होंने वाचनालय के कला भवन के विस्तार हेतु 8000 रु की धनराशि केन्द्रीय शासन से उपलब्ध करायी थी। सन् 1960 61 से जिला शिक्षा अधिकारी, नगर पालिका परिषद् तथा जनपद सभा से अनुदान प्राप्त होता है। इन अनुदानों में जनपद सभा खण्डवा द्वारा प्रति वर्ष 500 रु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 500 रु तथा नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिवर्ष 1000 रु नियमित रूप से प्राप्त होता है। केन्द्रीय शासन से 1960-61 एवं 1967 68 में सिर्फ 2000 रु की राशि का अनुदान हुआ।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय तथा ... आयोग ... 46 पुस्तकें नि शुल्क प्राप्त हुई है। वाचनालय ... 5 से 18 अप्रेल तक वाचनालय भवन में किये

इस वप वाचनालय समिति ने 1969 70 का नवीनतम "ब्रिटेनिका विश्व कोश" के समस्त खण्ड खरीदे जिसके अध्ययन की सुविधा भी वाचनालय मे की गई है।[20] केन्द्रीय राज्य शिक्षा मन्त्री श्री भक्त वत्सल ने इसकी हीरक जयन्ती समारोह के समापन पर कहा था "देश मे कई सम्थाओं की अकाल मृत्यु हो जाती है। इस वाचनालय के काय-कर्त्ता गण एव खण्डवा के नागरिक धन्यवाद के पात्र है जिन्होने इस सस्था को 86 वप जीवित रखकर अकाल मृत्यु से बचा लिया।[21] और आज यह समाज सेवी सस्था अपने सौ वप पूण करने जा रही है। इन गौरवशाली वर्षों मे जिन लब्ध प्रतिष्ठित नेताओ, साहित्यकारो एव दाशनिक व्यक्तियो ने इस वाचनालय को एक श्रेष्ठ स्थान दिया यह उनकी ही वाणी मे इस प्रकार है।

"मारिस मेमोरियल लायब्रेरी जैसी प्राचीन सस्था का निरीक्षण कर मुझे बडा हप हुआ है। खण्डवा नगर के शिक्षित समाज की जितनी प्रशसा की जाये, इस पुस्तकालय के चलाने के लिए वह थोडी है। मैं पुस्तकालय की उत्तरोत्तर उन्नति की शुभकामना करता हूँ।[22]

वाचनालय को देखने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसमे पुस्तको का चुनाव अध्ययन की सुन्दर व्यवस्था और कायकर्त्ताओ का अदम्य साहस देखकर खण्डवा नगर की सास्कृतिक चेतना का आभास मिला। इतने छोटे से नगर म इस प्रकार की जागरूकता और कमठता का दखकर मैं चकित हूँ। मा भारती के निष्ठा-वान सेवको को हृदय से साधुवाद देता हूँ।[23]

शिवमगल सिंह सुमन इस प्रकार इस पुस्तकालय को श्री जयप्रकाश नारायण, पुरुषोत्तमदास टण्डन भुवनेश्वर प्रसाद सिन्हा, नन्द दुलारे वाजपयी, वियोगी हरि, जैनेन्द्र कुमार, अज्ञेय इत्यादि महापुरुषो ने अपने आशीवाद से सुशोभित किया।

वतमान मे इस पुस्तकालय मे लगभग 20,000 ग्रन्थ है। हिन्दी दैनिक 13, हिन्दी मासिक 20, अग्रेजी 4 पाक्षिक 10 साप्ताहिक, हिन्दी व मराठी 16 पत्र एव पत्रिकायें आती है। इसकी सदस्य सख्या 1500 है। प्रतिदिन 200 पाठक अध्ययन का लाभ लेते है। एक दिन मे प्रात 8 स 11 एव शाम 5 से 8 बजे तक पचास से 60 पुस्तकें निगमित होती है। पुस्तकालय मे बाल विभाग एव महिला विभाग की स्वतन्त्र व्यवस्था है। एक चलित महिला वाचनालय भी है। जिसका उदघाटन अन्तर्राष्ट्रीय महिला वप मे श्रीमती एम एन बुच द्वारा किया गया था। 22-9-69 से पुस्तकालय के विशेष कायक्रमो मे कृति दपण एव समीक्षा दशन का भी समावेश किया गया है। पुस्तकालय मे 1930 के पूव के आलेखो का इस वाचनालय मे अभाव है।

प्रारम्भ से अभी तक बालको के सवागीण विकास को दृष्टीगत रखत हुए बालको के लिए निशुल्क पुस्तक प्रदान प्रणाली अपनायी जाना रही है। यह इस

पुस्तकालय की गौरवशाली विशेषता है। इस प्रकार म प्र का अति प्राचीन सार्वजनिक किन्तु सामाजिक सांस्कृतिक एव राजनैतिक चेतना का केन्द्र यह पुस्तकालय लोक हिताय महत्वपूर्ण है। ऐसे सभी पुस्तकालयों पर शासन को ध्यान देना चाहिये।

इस पुस्तकालय के विकास पर जितना शासन ने ध्यान नहीं दिया उससे कहीं बढकर यहाँ की जनता नेता साहित्यकार एव अधिकारी वर्ग ने महत्व दिया सजाया सवारा है। भविष्य म यदि इस लोक पुस्तकालय म प्रौढ पाठशालाओ का काम भी हो तो इसकी उद्देश्य पूर्ति सही अर्थों म हो सकती है। इस ओर शिक्षित समाज व जिम्मेदार लोगो को सोचना चाहिए। इसकी सेवाओ का और अधिक विस्तृत किया जाना चाहिए।

(5) केन्द्रीय पुस्तकालय बडौदा—

भारत म बडौदा वह पहला राज्य है जहाँ देश मे सर्वप्रथम शिक्षा के महत्व को समझ एव जनता म ज्ञान की विभिन्न शाखा प्रशाखाओ के प्रति जाग्रति लाने हेतु 1910 मे तत्कालीन महाराज सर सयाजीराव गायकवाड ने पुस्तकालयो के विकास एव उनके आन्दोलन को आगे बढाने का सूत्रपात किया। बडौदा स्टेट, शहर एव जनता की खुशहाली और शिक्षा के विकास हेतु एक केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना की गई। प्रारम्भ म इसे बडौदा स्टेट पुस्तकालय कहते थे। बडौदा महाराज ने इस पुस्तकालय के लिये 20,000 दुर्लभ ग्रन्थो का सग्रह भेंट किया। इस केन्द्रीय पुस्तकालय का पूर्ण व्यय राज्य की ओर से दिया जाता था। पुस्तकालय सर्व जनता के लिये नि शुल्क थी। पुस्तकालयाध्यक्ष बोडन महोदय ने यहाँ वर्गीकरण, सूचीकरण की पद्धतियो को अपनाकर सन्दर्भ सेवा को अधिक महत्व दिया। इस पुस्तकालय से सम्बद्ध कई चल पुस्तकालयो (Traveling Libraries) का निर्माण किया गया जो दूर दूर तक गावो म पुस्तकें पहुँचाने का कार्य किया करते थे।

पुस्तकालय मे भाषा सख्या के आधार पर दो प्रमुख भाषा मराठी एव गुजराती के बड विभाग कर दिये किन्तु भाषा एव शिक्षा की व्यापकता के कारण क्रमश पुस्तकालय मे अग्रेजी भाषा की 51,677 40,380 गुजराती की पुस्तकें, 31907 मराठी की पुस्तकें, 4681 हिन्दी की एव 1817 पुस्तकें उर्दू एव भाषा साहित्य की थी। इस प्रकार कुल मिलाकर इस पुस्तकालय की सग्रह सख्या 1,30784 हो गई, वर्तमान म लगभग 2 लाख तक ग्रन्थ सख्या पहुँच चुकी है।

श्री बोडन महोदय इस पुस्तकालय विकास योजना के अध्यक्ष नियुक्त किये गये। इस प्रकार धीरे धीरे बडौदा राज्य म 1946 तक 1500 सस्थायें हो गई जिनमे 4 जिला पुस्तकालय 72 तालुका एव नगर पुस्तकालय और शेष ग्राम पुस्तकालय एव वाचनालय थे। बोडन महोदय जिन्हे महाराजा गायकवाड अमेरिका से लेकर आये थे की देख रेख म ही इस पुस्तकालय भवन का निर्माण हुआ। पाश्चात्य

शैली से निर्मित इस भवन मे अत्याधुनिक ढग की ग्रन्थ भण्डार व्यवस्था को महत्व दिया गया। पुस्तकालय मे सभी कार्यों के विभाग भिन्न भिन्न रखे गये। वाचन एव पत्र पत्रिका विभाग भी सुन्दर ढग से स्वतन्त्र व्यवस्थापित किय गये। 1910 मे ही बोडन साहब ने पुस्तकालय-विज्ञान का पाठयक्रम प्रारम्भ किया जिससे राज्य भर मे प्रशिक्षित ग्रन्थपाल नियुक्त किये जा सके। बालको के अध्ययन को महत्व देने हेतु बाल पुस्तकालय कक्ष को मनमोहक एव आकर्षक बनाया गया ताकि बालक अधिक सख्या मे आकर मन को रमाये। कक्ष का आकर्षण बच्चो के लिय लाभदायी सिद्ध हुआ और सैकडो बच्चे पुस्तकें पढकर लाभ उठाने लगे।

बडौदा स्टेट म प्रारम्भ म गाँव पुस्तकालय प्राय गावो की पाठशालाओ म खोले गये थ। लेकिन धीरे-धीरे सन् 1930 से उनके लिये स्वतन्त्र भवन बनवाने के लिये पुस्तकालय विभाग न सहायता देनी शुरू की तो सन् 1946 तक 194 पुस्तकालयो के अपने निजी भवन भी हो गये थे। इस प्रकार इस राज्य मे पुस्तकालयो का विकास शृ खला क्रमबद्ध रूप से नियोजित होता रहा।

(6) खुदाबख्श ओरियन्ट पब्लिक लायब्रेरी पटना—

पूर्वी भारत का यह महत्वपूर्ण पुस्तकालय अरबी, फारसी, उर्दू एव सस्कृत के प्राचीन और दुलभ पाण्डुलिपियो के सग्रह की दृष्टि से इस क्षेत्र का ख्याति प्राप्त पुस्तकालय है। इस पुस्तकालय की स्थापना सन् 1888 मे हुई थी। प्रारम्भ काल मे इस पुस्तकालय म केवल 6500 पुस्तकें थी जिनमे 400 पाण्डुलिपिया थी। सन् 1981 मे देसला (बिहार) के अल इसलव पुस्तकालय द्वारा 7000 पुस्तको के दान से इस पुस्तकालय म पुस्तको की सख्या बढी।

वतमान काल म खुदाबख्श ओरियन्टल पब्लिक लायब्रेरी मे पाण्डुलिपियो मुद्रित पुस्तको, पत्रिकाओ तथा समाचार पत्रो की कुल सख्या 49,898 है जिसमे अरबी पाण्डुलिपि 4 106 फारसी पाण्डुलिपि 3,883 उर्दू पाण्डुलिपि 283, हिन्दी और सस्कृत पाण्डुलिपि 35 तुर्की पाण्डुलिपि 20 ताड पत्र पर लिखी पाण्डुलिपि 200, अरबी, फारसी और उर्दू पुस्तकें 23,944, अ ग्रेजी पुस्तके 9682 जमन पुस्तकें 982 फ्रेन्च पुस्तकें 875 लेटिन पुस्तकें 12 इटालियन पुस्तकें 3 स्पनिश पुस्तकें 21 पत्र पत्रिकायें एव समाचार पत्र 5911 है। इस पुस्तकालय मे 1269 इ की रची एक कुरान की प्रति सुरक्षित है।

उपरोक्त विवरण यह स्पष्ट करता है कि यह पुस्तकालय, अरबी, फारसी, मध्यकालीन एव भारतीय इतिहास एव इस्लामी सस्कृति के ज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पाण्डुलिपि विभाग एव वाचनालय कक्ष मे प्रतिदिन आने वाले पाठको की सख्या क्रमश 20 और 50 है। शोध एव अनुसधान के लिए पाण्डुलिपिया फोटो स्टट प्रतियो, माइक्रो फिल्म इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

इसकी उपयोगिता और इसके अन्तराष्ट्रीय महत्व का ध्यान मे रखते हुए इसे 'राष्ट्रीय महत्व की सस्था बनाने के लिए लोकसभा मे विधेयक स्वीकृत किया

गया है। इस प्रकार के विधेयक प्रत्येक राज्य म स्थित प्राचीन एव ऐतहासिक रुचि के साहित्य सरक्षक पुस्तकालयो के लिए पास होना चाहिये ताकि हमारी सास्कृतिक धरोहर की रक्षा हो सके।

(7) भण्डारकर रिसर्च इन्स्टीटयूट पुस्तकालय पूना—

इस प्राच्य विद्या सशोधन मन्दिर की स्थापना 6 जुलाई 1917 को डा सर रामकृष्ण गोपाल भण्डारकर के 80 वें जन्म दिन पर उनके मित्रा एव शिष्या के सदप्रयास से हुआ था। सस्थान के उद्घाटन के दिन ही डॉ भण्डारकर ने अपने निजी ग्रन्थो एव शोध पत्रिकाओं का बहुमूल्य 2600 ग्रन्था का विशाल सग्रह सस्था का भेंट कर दिया। महाराष्ट्र सरकार द्वारा लगभग 20,000 हस्तलिखित सस्कृत एव प्राकृत ग्र थो का दुलभ सग्रह सस्था का दिया। अखिल भारतीय प्राच्य विद्या परिषद् की योजना को क्रियान्वित करने हेतु पूना मे प्रथम अधिवेशन किया और मेधावी युवको को शास्त्र शुद्ध शोध पद्धति सिखाकर सशोधन काय के लिये स्नात कोत्तर अध्ययन और सशोधन विभाग प्रारम्भ किया सम्प्रति आज तक निरतर गतिशील है। अति प्राचीन ग्रन्थो, दुलभ पोथियो की फोटो कापी कर यहा सुरक्षित रख ली गई है। इन पोथियो की शोध स्तर पर आवश्यकता होती है तो इनकी पुन फोटो कापी बनाकर माइक्रो फिल्म रूप म स्वय के खच पर अनुसन्धित्सुओं को भेजी जाती है। अभी तक इस प्रकार का लेन देन विदशो से भी बहुत हुआ है। यह सस्थान शोध अनुसन्धान का शास्त्रोक्त दृष्टी से भारत मे अनूठा केन्द्र है।

(8) नेटिव सेन्ट्रल लायब्रेरी धारवार —

ब्रिटिश शासन की नीव जमने के बाद, बम्बई मद्रास हैदराबाद एव कर्नाटक मे शिक्षा हेतु सव प्रथम हुबली एव धारवार में 1826 में स्कूल खोले गये। इन स्कूलो के खुलने के साथ ही लोगो में साक्षरता बढी अत उन्हें स्थायी बनाने हेतु पुस्तकालयो की आवश्यकता महसूस की गई। अत सवप्रथम एव शिक्षक के सद्प्रयास से सन् 1854 में धारवार नेटिव सेन्ट्रल लायब्रेरी की स्थापना की गई। 1882 में इस पुस्तकालय में 451 पुस्तकें थी जिसमें 414 अग्रेजी 30 मराठी और 7 कन्नड की थी। ये पुस्तकें चन्दे से ही क्रय की गई थी। पुस्तकालय में कोई व्यवस्थित काय प्रणाली का अनुसरण नही होता था दो अग्रेजी अखबार इसमें आते थे, और कुछ सदस्यो के द्वारा भेंट कर दिये जाते थे। ये सभी पत्र अधिकाश अग्रेजी के होते थे। उसी समय धारवार में "म्युनिसिपल जनरल लायब्रेरी" भी चलती थी। 1920 में धारवार में ही "सन्तेस धर्माथ' वाचनालय की स्थापना की गई।

(9) कोनेमारा (स्टेट केन्द्रीय) लोक पुस्तकालय मद्रास[24]—

यह पुस्तकालय भारतीय स्वाधीनता के पूव का, मद्रास राज्य का, साथ ही भारतवर्ष व ब्रिटिश काल का चौथा या पाचवें क्रम का प्राचीनतम पुस्तकालय है। इस

पुस्तकालय की स्थापना लार्ड कोनेमारा के शासनकाल 1886-1891 में जब वे मद्रास राज्य के राज्यपाल थे के नाम से हुई थी। एंग्लो इटालियन पद्धति से इसकी सरचना की गई और 5-12-1896 को मद्रास सरकार की माँग पर खोला गया था।

स्वाधीनता के उपरान्त 1948 के मद्रास लोक पुस्तकालय अधिनियम के अनुसार जो कि 1 अप्रैल, 1950 से प्रभावित हुआ इसे 'स्टेट सेंट्रल लायब्रेरी" का दर्जा दे दिया गया। 10 सितम्बर, 1955 से इस पुस्तकालय को भारत के तीन प्रमुख सार्वजनिक पुस्तकालयों में से एक घोषित कर दिया गया। 1954 के 'डिलिवरी आफ बुक्स' अधिनियम के प्रावधानानुसार 10 मई, 1954 को या इसके बाद जो भी सामग्री भारत में प्रकाशित होगी वह इस पुस्तकालय को मिलेगी। 15 सितम्बर 1965 से यह यूनेस्को इन्फार्मेशन केन्द्र के रूप में सेवा कर रहा है। 21-3-1966 से इसे पुस्तकालय विज्ञान सस्थान की एक विंग से जोड़ा था। यह यू एन ओ के सभी अंगों एवं एजेंसीओं के प्रकाशन का भी एक महत्वपूर्ण डिपाजिटरी सेन्टर है। सन् 1973 की 7 अगस्त से बाल विभाग का कार्य भी इस पुस्तकालय में प्रारम्भ किया गया है।

इस पुस्तकालय में एक समय में 340 पाठक बैठकर अध्ययन करते हैं इतनी क्षमता का पुस्तकालय वाचनालय कक्ष है। लोक पुस्तकालय अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष इस पुस्तकालय को 8,870 पुस्तकें 3686 पत्रिकायें एवं 249 समाचार पत्र प्राप्त होते हैं। यहां पुस्तक संग्रह, भ्रमणार्थी, सन्दर्भ एवं पुस्तकों के उपयोग का लेखा भी रखा जाता है जिससे यह आसानी से पता लग जाता है कि सदस्य पाठक ने किस समय कितनी और कौनसी पुस्तकें ली है, उन्हें कब लौटाना है। इस तरह आगन्तुकों द्वारा देखी गई व सन्दर्भ पाठकों द्वारा ले जाई गई पुस्तकों की पूर्ण लेखा पंजी यहां रिकार्ड रूप में रखा जाता है। इस प्रकार के कार्य में ग्रन्थों के मांग कर्ताओं का इच्छित ग्रन्थ का [illegible] शीघ्र भी हो सकती है।

इस प्रकार कोनेमारा सार्वजनिक पुस्तकालय अब राष्ट्रीय पुस्तकालय का प्रमुख अंग बन गया है वर्तमान में इस ग्रन्थों की संख्या 2,96 715 है जिसमें 54 809 पत्रिकाओं के सजिल्द प्रकाशन [illegible] है। इस पुस्तकालय के सदस्यों की संख्या 11108 है। सन् 1977 78 में [illegible] पत्रिकाओं पर 1 90,000 रुपये खर्च किये गये, स्थापना विभाग में 3,67,700 एवं अन्य मदों में 30 500 रुपये खर्च किया। कुल मिलाकर 5,88 200 [illegible] पुस्तकालय के व्यवस्थापन में [illegible] हुआ। तमिलनाडु सरकार की ओर से चलाये जा रहे इन लोक पुस्तकालयों में [illegible] सामान्य नियम है जिन्हें प्रत्येक पुस्तकालय [illegible] सदस्यों को जानना चाहिये

(अ) सामान्य नियम—

(2) पुस्तकालय संग्रह में [illegible] को [illegible]

ग्र-य दिन के अवकाश हेतु प्रति नियुक्त अधिकारी द्वारा सप्ताह के नोटिस पर "फोट स्ट जाज गजट" एव पुस्तकालय सूचना पट्ट पर सूचना लगा दी जाती है।

(2) पुस्तकालय के खुलने का समय प्रात 10-30 से 8 बजे शाम तक होगा।

(3) 17 वप से कम आयु वग का कोई भी व्यक्ति पुस्तकालयाध्यक्ष की अनुमति के बिना पुस्तकालय में प्रवेश नही कर सकेगा।

(4) सदस्य इसी शत पर पुस्तकालय में प्रवेश करेंगे कि वे स्वच्छ कपड एव स्वस्थ मन वाले हो।

ऐसे ही अनिवाय व सामा-य नियमो का पालन कर ग्र-थालय सेवा को अधिक साथक बनाने में यहाँ के कमचारीगण एव सदस्यगण सभी अनुकूल प्रयास करते है।

बहुत समय से इस ग्र-थालय को भारत सरकार का राष्टीय के-द्रीय ग्र-थालय घोषित कर दिया गया था जिसे राष्ट्रीय ग्र-थालय जैसे ही कायक्रम अपने क्षेत्र में सम्पन्न करने थे। इस काय में ग्र-थालय कहा तक सफल हो सका है इसकी जानकारी प्राप्त नही हो सकी फिर भी यह ग्र-थालय देश का बहुत बडा सावजनिक ग्र-थालय है जिस पर हम देशवासियो को गव होना चाहिए।

(10) से-ट्रल स्टेट लायब्रेरी भोपाल-5—

म प्र राज्य की राजधानी भोपाल का यह के-द्रीय पुस्तकालय है जिसे 'मौलाना आजाद के-द्रीय पुस्तकालय" के नाम से जाना जाता है। इस पुस्तकालय की स्थापना स्वाधीनता के बाद 13 अगस्त 1955 को की गई थी। भोपाल राज्य में पूव से स्थापित हमीदिया लायब्रेरी जो 1818 में स्थापित हुई थी, उसकी हजारो पुस्तकें (जिनकी सूची देना यहा उपयुक्त नही लगता) एव साज-सामान इस पुस्तकालय को दिया गया।

सुल्तान जहा बेगम को हमीदिया स्टट लायब्रेरी की उक्त पुस्तकें देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और यह पुस्तकालय स्वाध्याय व जन रुचि के अध्ययन का एक के-द्र बन गया। स्थापना के समय इस पुस्तकालय में सिफ 3500 पुस्तकें उपलब्ध थी किन्तु इनकी तुलना में सदस्यो की सख्या एक हजार थी। इस बात से यह अ-दाजा सहज ही लग जाता है कि आज के पाठको की तुलना में आज से 24 वप पूव के पाठक अधिक अध्ययनशील थे और स्वाध्याय के लाभ को जानते थे। इसके विपरीत वतमान में हम देखे तो हमें पता चलता है कि पुस्तकालय के पास परिपुष्ट पुस्तक भण्डार (62,260) है किन्तु पाठको की सख्या मात्र 2118 ही रह गई है, अर्थात 24 वप में इस पुस्तकालय में पाठको ने दोगुनी वृद्धि का श्रेय पाया है।

पुस्तकालयो के विकास में दिनोदिन वृद्धि होती जा रही है किन्तु हमें देखने में आ रहा है कि पाठको में पुस्तकालयो में अध्ययन की रुचि कम एव ठलो व पाकेट बुक्स, उपन्यासी पुस्तकों के पढ़न में अधिक बढ़ती जा रही है।

भोपाल राजधानी के इस केन्द्रीय पुस्तकालय मे प्रतिदिन 150 पुस्तको का आगमन निगमन होता है। सदस्य पाठको के अध्ययन हेतु 200 सीटो की क्षमता वाला एक उपकरण (फर्नीचर) युक्त कमरा उपलब्ध है। पुस्तकालय मे मुक्त द्वार प्रणाली (open Access System) की व्यवस्था है जिसके द्वारा पाठक अपनी स्वय की इच्छा से ग्रथ भण्डार में जाकर अपनी इच्छित पुस्तक प्राप्त कर पढ सकता है और यदि वह पाठक उक्त पुस्तक घर पढने के लिये ले जाना चाहता है तो उसे श्राउन प्रणाली के द्वारा पुस्तकालय के नियमानुसार पढने के लिए दी जाती है।

यहाँ पर जो पुस्तकें क्रय की जाती है, वे एक पुस्तक चयन समिति की अनुशसा पर ही खरीदी जाती है। सदस्य भी ऐसे समय अपनी माग (पुस्तक) चयन समिति के समक्ष रख सकते हैं ताकि उन्हे भी क्रय करने पर विचार किया सकें किन्तु अन्तिम निर्णय समिति का ही होगा।

पुस्तकालय मे प्रतिवर्ष लगभग 20,000 रुपये की पुस्तकें क्रय की जाती है। इन पुस्तको की देख रख, व्यवस्थापन, सगठन एव पुस्तकालय प्रशासन हेतु, (1) क्षेत्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष (2) पुस्तकालयाध्यक्ष (3) दो बुक लिफ्टर (4) दो केटलागर (5) पाच लिपिक कर्मचारी एव छ भृत्य कार्यरत है।

उपरोक्त सभी ग्रथालय सेवियो के सहयोग एव सहकार से पुस्तकालय दिनो दिन वृद्धि पा रहा है प्रवर्धन शील सस्था का स्वरुप पा रहा है, निश्चित ही इसके उज्ज्वल भविष्य की आशा की जा सकती है।

पाठको को देश-विदेश, ज्ञान विज्ञान, धर्म दर्शन, साहित्य कला एव विविध मनोरजन प्रदान कराने हेतु पुस्तकालय के वाचनालय मे लगभग 76 पत्र-पत्रिकायें हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी इत्यादि भाषा मे मगायी जाती है।

वर्तमान मे क्षेत्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष श्री तिवारी के नेतृत्व में यह पुस्तकालय फल फूल रहा है एव राजधानी का गौरव बनता जा रहा है। शासन से पुस्तकालयो एव उनके कर्मियो के विकास के प्रति कुछ अपेक्षायें है ताकि अच्छे साहित्य को पढने हेतु अच्छे पाठक बनाये जा सके।

(11) इन्दौर जनरल लायब्रेरी इन्दौर —26

भारतवर्ष के पुस्तकालयो के इतिहास मे मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर की सार्वजनिक सस्था द्वारा सचालित यह पुस्तकालय, सामाजिक आर्थिक एव सास्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है।

104 वर्ष पूर्व स्थापित इस ज्ञान मन्दिर के विकास की कहानी, इन्दौर के शैक्षणिक सामाजिक एव सास्कृतिक विकास की कहानी है। 92 रुपय प्रतिमास की शासकीय सहायता से 1854 मे तत्कालीन होलकर नरेश श्रीमन्त तुकोजीराव द्वितीय ने इस सस्था की स्थापना की एव 'किताब घर' इस सस्था का नाम रखा।

आज इस पुस्तकालय को एक सौ चौबीस वर्ष हो रहे है। यह पुस्तकालय अपनी प्राचीनता एवं भव्यता मे श्रेष्ठ है। इस पुस्तकालय को 104 वर्ष पूर्ण होने पर साहित्यानुरागियों एवं समाज सेवीयो ने नवीन भवन बनाने हेतु जनता एवं शासन से सहयोग की अपील की थी। उन्होंने इन्दौर शहर के शासन से सहयोग की जो इच्छा प्रकट की वह निवेदन इस प्रकार था "संस्था ने नये भवन की जो योजना बनाई है, जिसमें एक विशाल सभागृह, महिला तथा बालकों के वाचनालय के लिये स्वतन्त्र कक्ष, सन्दर्भ ग्रन्थालय और अन्य सुविधा की जा सकेगी। इस भवन निर्माण के लिये अनुमानित ढाई लाख की राशि की आवश्यकता होगी। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए इस नगर के धनी मानी, उद्योगपतियों, समाज सेवीयों, शिक्षा प्रेमीयों एवं सार्वजनिक कार्य कर्त्ताओं के सक्रीय सहयोग की आवश्यकता है।

इस प्रकार इन्दौर जनरल लायब्रेरी को नवीन भवन प्रदान करने के लिए एक ट्रस्ट का निर्माण श्री डी व्ही रंगे, कृ श्र चितले, मनोहरसिंह जी महता, चन्दनसिंह जी भरकतिया एवं एन डी जोशी के नेतृत्व मे किया गया। श्री व्ही एम नामजोशी द्वारा पुस्तकालय भवन का रेखाचित्र प्रस्तावित किया जो निम्नानुसार है।

उपरोक्त भवन का मूल्यांकन इस प्रकार किया गया।
ग्रन्थालय भवन—1 60,000
ग्रन्थालय फर्नीचर—10,000
ग्रन्थालय पुस्तकें—90,000
पुस्तक संख्या—28,088
सदस्य संख्या—1600

उपरोक्त स्थिति आज से 20 वर्ष पूर्व 'इन्दौर जनरल लायब्रेरी" की थी। वर्तमान मे यह पुस्तकालय राजबाडा चौक मे स्थित एक विशाल भवन में स्थापित हैं वर्तमान में इस पुस्तकालय की पुस्तक भण्डार संख्या 43,387 है। पुस्तकालय में आने वाले दैनिक साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक एवं त्रैमासिक पत्र पत्रिकाओं में अंग्रेजी 23 हिन्दी 89 एवं मराठी 23 एवं अन्य इस प्रकार 88 विभिन्न पत्रिकायें आती है। एक दिन में वाचनालय में लगभग 200 पुरुष एवं 100 से 125 तक बालक आकर पुस्तकालय की साहित्य का लाभ प्राप्त करते है। पुस्तकालय की वर्ष 1978 तक कुल सदस्य संख्या 1735 तक पहुँची है। पुस्तकालय में देश विदेश से नाना प्रकार के विषयों की पत्रिकायें भी समय-समय पर भेंट स्वरूप प्राप्त होती रहती है।

पुस्तकालय भवन मे एक बाल विभाग एवं महिला विभाग है महिलाओं के लिये शहर में पुस्तकें पहुचाने हेतु चल वाचनालय खोला गया है जिससे वनिता विश्व ज्ञान प्राप्त कर रहा है। यह योजना संस्था द्वारा नारी जागरण के हेतु नि शुल्क चलाई जा रही है।

भारतवर्ष चूंकि निरक्षरता के दामन से कई वर्षों से झुलसता रहा है अत

सभी भारतवासियों को चाहिये कि वे इस प्रकार का संस्थाओं की स्थापना कर पुण्य कमायें और राष्ट्रीय समस्या का हल निकाले। सरकार को भी इस ओर ध्यान देना चाहिये।

वृतात वर्ष मे ग्रन्थालय को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग की ओर से 15,173 रु, अनुदान के रूप मे प्राप्त हुए वह गत वर्ष की अपेक्षा अधिक है। दि इन्दौर जन, लाय, 124 वा वार्षिक वृतात 77—78

सन् 1977–78 में ग्र थालय सदस्यता से पुस्तकालय को 7017—75 पैसे, श्री इन्दौर साव ग्रन्थालय टस्ट द्वारा 4000 = 00 रुपये विविध 2662 = 10 रुपय की राशि प्राप्त हुई।

ऐसे विशाल एव मध्य प्रदेश के अति प्राचीन पुस्तकालय पर हमे गर्व है और इससे भी अधिक गर्व है उन महानविभुतियो पर जिन्होने ऐसे सरस्वती के ज्ञान मन्दिर को अस्तित्व म लाकर इन्दौर जैसे महानगर 39 शैक्षणिक, सास्कृतिक सामाजिक एव कलात्मक गतिविधियो को विविध रग दिया एव बालको एव युवको के स्वाध्याय का प्रब ध किया। भावी पीढी इसका लाभ प्राप्त करने से वचित नही रखी जा सकती।

सन्दर्भ सामग्री

1, हिन्दी विश्व कोश पखा से प्राग तक खण्ड 7 पृ 293,
2 ब्रिटनिका विश्वकोश खण्ड 14 पृ 2
3 हिन्दुस्तानी, इलाहाबाद अकादमी प्रेस, 1953 पृ 451
4 ओझा मध्यकालीन भारतीय सस्कृति पृ 115
5 हिन्दुस्तानी (नैमा) प्राचीन भारत के पुस्तकालय, 6 (4) अक्टू 1936 पृ 454
6 हिन्दुस्तानी (वमा) प्राचीन भारत के पुस्तकालय, 6 (4) अक्टू 1936 पृ 455
7 हैसल (अल्फ्रेड) पुस्तकालयो का इतिहास (हिन्दी) परिशिष्ट (अ) भोपाल, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी 1972 पृ 263 अनुवाद मदनसिंह परिहार,
8 कपूर (श्यामनारायण) प्राचीन भारत के पुस्तकालय हिन्दुस्तानी, (नैं) इलाहाबाद, एकेडेमी प्रेस 6 (4) अक्टू 36 पृ 456
9 शास्त्री (द्वारका प्रसाद) भारत मे पुस्तकालयो का उद्भव और विकास पृ 29
10 शास्त्री (द्वारका प्रसाद) भारत म पुस्तकालयो का उद्भव और विकास पृ 30
11 परिहार (मदनसिंह) अनु देखिए अल्फ्रेड हैसल पृ 264
12 गोखल (वी जी) प्राचीन भारत पृ 144
13 कपूर (श्यामनारायण) प्राचीन भारत के पुस्तकालय, हिन्दुस्तानी (नैं) इलाहाबाद एकडमी प्रेस, 1936 पृ 460

14 शुक्ल (अशोक) मध्य भारतीय साम्कृतिक अनुशीलन पृ 334
15 Pears Encyclopeadior 73 rd Ed General Information P L 60
16 विन्ध्याचल (सा) 1—1—70 पृ 2
17 विन्ध्याचल (सा) 1—1—70, पृ 6
18 विन्ध्याचल (सा) 1—1—70 पृ 2
19 जागरण 10—4—1970
20 कमवीर 4 अप्रेल 1970
21 विन्ध्याचल जन 8—1—70
22 हीरक जयन्ती समारोह विशेषाक, खण्डवा माणिक्य स्मारक वाचनालय, पृ 5
23 हीरक जयन्ती समाराह विशेषाक, खण्डवा माणिक्य स्मारक वाचनालय पृ 6
24 कोनेमारा केन्द्रीय ग्रन्थालय विवरण प्राप्त सूचना के आधार पर
25 मौलाना आजाद केन्द्रीय राज्य ग्रन्थालय, भोपाल—श्री तिवारी से सूचना प्राप्त
26 श्री इन्दौर जनरल लाइब्रेरी से प्राप्त सूचना के आधार पर—

2

भारत मे ग्रामीण-शिक्षा एवं पुस्तकालय

स्वतन्त्रता पूर्व शिक्षा एवं पुस्तकालय—

महात्मा गांधी ने एक बार कहा था "शिक्षा से मेरा अभिप्राय बच्चे के शरीर, मन और आत्मा मे विद्यमान सर्वोत्तम गुणो का सर्वांगीण विकास करना है।"[1]

शिक्षा एक ऐसा संस्कार है जो मानव जीवन के समग्र विकास तथा मानव के व्यक्तित्व विकास में सहयोगी होती है। स्वतन्त्रता के पूर्व भारत में शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत कम था। जनता को शिक्षित करने उनमे अध्ययन के प्रति रुचि जाग्रत करने की दृष्टि से कुछ स्वायत्त व समाज सेवी संस्थाओ ने सावजनिक पुस्तकालयो की स्थापना पर जोर दिया। ग्रामीण शिक्षा को प्रसारित करने व ग्रामीण जन-जीवन को शिक्षित करने की दृष्टि से "अंग्रेजो के समय शिक्षा देने वाली अनेक संस्थाएँ थी जो सरकार, ईसाई मिशनरियो, भारतीय समाज सुधार संगठनो और राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा खोली गई थी। किन्तु ये सभी संस्थाए भी ग्रामीण क्षेत्र मे कोई विशेष सफलता प्राप्त नही कर सकी क्योकि इनमे ग्रामीण शिक्षा की समस्या पर कोई विचार नही किया गया था।"[2] फिर भी चूकि ब्रिटिश-शासन काल मे भारतीय-क्षेत्र कई स्वतन्त्र रियासतो मे बटा हुआ था अत इन रियासतो के प्रमुखो को अपनी जनता की शिक्षा, रहन-सहन, खान पान व उनकी सामाजिक सुरक्षा की पूर्ण स्वतन्त्रता दी थी। पराधीनता तथा निरक्षरता के इस अन्धकार काल मे भी देश के सजग व्यक्तियो, नेताओ तथा तत्कालीन राजपुरुषो ने अपनी जनता को, अपने ग्रामीण भारत को शिक्षित करने का बीडा उठाया।

बडौदा राज्य के महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड ने अपनी रियासत मे अनिवार्य शिक्षा देने के साथ-साथ 1910 मे पुस्तकालयो का एक स्वतन्त्र विभाग स्थापित करवाया और पूरी रियासत मे जिला, तालुका, नगर एवं ग्राम पुस्तकालयो की स्थापना करवायी। इन पुस्तकालयो को खोलने के पीछे महाराजा का एक ही उद्देश्य था, कि मनुष्य बौद्धिक प्राणी है और वह शिक्षा ग्रहण कर अपने जीवन की अनिवार्यता व अपने अस्तित्व को समझ सके।

महाराजा इस प्रयास मे सफल हुए। इतना ही नही उन्होने पुस्तकालय विज्ञान मे प्रशिक्षण भी प्रारम्भ करवाया ताकि सभी प्रकार के पुस्तकालयो को संचालित करने मे प्रशिक्षित व्यक्तियों को नियुक्त किया जा सके ताकि ये लोग निरक्षर ग्रामीण जनता का शिक्षा सम्बन्धी उचित मार्ग दर्शन भी दे सके।'

प्रकार धीरे धीरे बड़ौदा राज्य मे सन् 1947 तक 1500 संस्थाए हो गई जिनमें 4 जिला पुस्तकालय, 72 तालुका एव नगर पुस्तकालय और शेष ग्राम-पुस्तकालय तथा वाचनालय थे। ग्राम पुस्तकालय प्राय गावो की पाठशालाओ म खोल गये थे। लेकिन धीरे धीरे सन् 1930 से उनके लिए स्वतन्त्र भवन बनवाने के लिए पुस्तकालय विभाग ने सहायता देनी शुरू की तो सन् 1947 तक 194 पुस्तकालयो के अपने निजी भवन भी हो गये थे।'[3]

इस प्रकार भारत मे ग्रामीण शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रन्थालयों का विस्तार हुआ। यद्यपि बडौदा स्टेट का यह प्रयास एक आन्दोलनकारी वास्तविक प्रयास था जिसने भारत म ग्रन्थालय आन्दोलन को स्वरूप प्रदान किया, किन्तु इससे पहले भी पाठशालाओ की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से देश के बहुत भागो म पुस्तकालयो के माध्यम से लोगो को साक्षर करके शिक्षित बनाने का काम प्रारम्भ हो चुका था।

19वी शताब्दी "मद्रास, बम्बई और बगाल के प्रातो म कुछ रात्री मध्य काल म पाठशालायें ऐसे बालको का अध शासकीय शिक्षा देने के लिए खोली गई जो मजदूरी के कारण पढ नहीं सकते थे। सन् 1909 म ऐसे संस्थाओ की सख्या मद्रास प्रान्त म 775, बगाल प्रात म 1078 और बम्बई प्रान्त म केवल 107 थी। जन प्रतिनिधियो का ध्यान भारत मे फैली निरक्षरता की ओर गया और प्रौढ शिक्षा के विकास के लिए कदम उठाए गये और वयस्को के लिए कुछ पुस्तकालयो की स्थापना की गई।'[4] लोक पुस्तकालयो को खोलने में इन यूरोपीयनो का मार्गदर्शन व सक्रीय योगदान भी रहा। 19वी शताब्दी के अन्त तक रियासतो की राजधानियों मे लोक पुस्तकालय स्थापित हो चुके थे। जिनम जिला लोक पुस्तकालय व नगर पुस्तकालय प्रमुख थे। इन्दौर व त्रावणकोर आदि रियासतो मे भी अपने लोक पुस्तकालय स्थापित हो चुके थे।

'1867 म एक और 'Press and registration of Books Act" पास हुआ। इसमे व्यवस्था थी कि प्रत्येक प्रकाशक प्रादेशिक सरकार को उसके द्वारा प्रकाशित पुस्तक की एक प्रति निःशुल्क भेजें। 1902 म एक और एक्ट कलकत्ता पब्लिक लायब्रेरी (1935) को इम्पीरियल लायब्रेरी घोषित करने से सम्बन्धित था, पास हुआ। '[5]

उपरोक्त सभी क्रिया कलाप इस बात के सूचक थे कि शिक्षा म सहयोग देने के लिए तथा देश की जनता को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक, राजनैतिक एव आर्थिक विकास, मे सक्षम बनाने के लिए लोक-पुस्तकालयो का होना आवश्यक है। इस तरह के प्रयास *व्यक्तिगत आधार पर भी किये गये। "सन् 1915 में* दिवगत सर एम विश्वेश्वरय्या ने जब व मैसूर के दीवान थे, गावों म पुस्तकालय चलाने की व्यवस्था की थी। कुछ वर्ष तक सरकार के नेतृत्व म सफलता पूर्वक कार्य भी हुआ।"[6] व्यक्तिगत प्रयासो से भारतीय जनता को शिक्षित करने, गाव-

गाव ग्रन्थालय एव चल-ग्रन्थालय खोलने व पथधर तथा भारतीय ग्र थालय जगत के विश्व प्रसिद्ध विद्वान डा एस आर रगनाथन का बहुमूल्य योगदान युग युगान्तर तक भुलाया नही जा सकता।

"पुस्तकालय जगत मे प्रविष्ट होने और यूनिवर्सिटी कालेज लन्दन से लौटने के तुरत बाद डॉ रगनाथन ने 1926 म पुदुकोट्टाह कान्फ्रेन्स मे भाषण दिया जो प्रकाशित हुआ। इसके बाद डा रगनाथन ने कई निबन्ध लिखे जिनका उद्देश्य जन-साधारण तथा पुस्तकालय सचालको का पुस्तकालयो की ओर ध्यान आकर्षित करना, अन्य देशो की पुस्तकालय सेवाओ के विशिष्ट प्रतिमानो पर प्रकाश डालना, पुस्तकालय सेवा म सुधार करने की दृष्टि से सुझाव दना तथा कतिपय नवीन सेवाओ को प्रारम्भ करने की आवश्यकता पर जोर देना था।"[7] उक्त सभी सुझावो व प्रकाशित लेखो म ग्रामीण पुस्तकालय सेवा एव प्रौढ शिक्षा के लिए ग्रन्थालयो का उपयोग उल्लेखनीय है।

इतना ही नही डा रगनाथन का यह सपना था कि भारत के सम्पूर्ण ग्राम पुस्तकालयो से जोड दिये जाव ताकि ग्राम के छोटे-बडे, ऊँच नीच सभी प्रकार के लोग बिना किसी भेदभाव के पचायत भवनो के ग्र थालयो, चौपालो पर बैठकर देश की ताजा राजनीति पर चर्चा कर सके, विभिन्न प्रकार के पत्र पत्रिकाओ का अध्ययन कर सकें। गावो के ग्रन्थालयो मे इस प्रकार का साहित्य ग्रामीणो के अध्ययनार्थ पहुँचाया जावे जो, कृषि, उद्योग, पशुपालन, स्वास्थ्य एव चिकित्सा की जानकारी दे। ग्र थ एव ग्रन्थालयो पर उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तो व नियमो ने ग्रन्थालय जगत म तहलका मचा दिया था। उनका यह कथन कि प्रत्येक पाठक को उसका वाछित ग्रन्थ प्राप्त होना चाहिए।"[8]

इसी नियम के आधार पर उनका मानना था कि जिस प्रकार शिक्षा व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है वैसा ही हर व्यक्ति को अध्ययन का अधिकार है और प्रत्येक छपने वाली पुस्तक के लिए उसका पाठक होता है और प्रत्येक पाठक के लिए कोई न कोई ऐसी पुस्तक होती है जो उपयोगी होती है। अत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पुस्तक मिले ऐसा एक मात्र साधन ग्रन्थालय ही हो सकता है। वह ग्रन्थालय चाहे गावो का हो नगर, तालुका का हो जिला, प्रान्त या कि देश का हो सभी मे पाठको के उपयोग की पुस्तक होगी। इन ग्रन्थो को पाठको तक पहुँचाने का कार्य ग्रन्थालय प्रणाली का है। भारतीय परिवेश की शैक्षणिक आवश्यकताओ तथा ग्रामीण परिस्थितियो के अनुरूप ग्रन्थालय प्रणाली लागू करने का उनका प्रयास मृत्यु पर्यन्त चलता रहा। उन्होने ग्रामीण क्षेत्रो म ग्राम-पुस्तकालयो की आवश्यकता के बारे मे अपनी पुस्तक मे लिखा कि 'इग्लैण्ड म लगभग 80 प्रतिशत लोग नगरो म रहते है। इस कारण वहाँ ग्रामीण पुस्तकालयो का विकास देर से हुआ। इसके विपरीत भारत की लगभग 75 प्रतिशत जनता

ग्रामीण क्षेत्रों म रहती है, अत भारतीया के लिए पुस्तकालय सेवा मुख्यत ग्रामीण क्षत्रो पर निभर करगी।"[9]

जहा एक ओर बडोदा मे प्राथमिक शिक्षा का अनिवाय घापित कर ग्र थालय विकास कायक्रमो को भी लागू किया गया। प्रेस एण्ड रजिस्टेशन आफ बुक्स एक्ट" पास हुआ, इम्पीरियल लायब्रेरी विधेयक पास हुआ, वही बडोदा नरेश के उत्कृष्ट प्रयास से गोपालकृष्ण गोखले ने केन्द्रीय धारा सभा मे सम्पूण देश मे प्राथमिक शिक्षा लागू करने की सिफारिश की। "उस समय देश म केवल 6 प्रतिशत साक्षरता थी और प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चो मे से केवल 23 8 प्रतिशत बालक और 2 7 प्रतिशत बालिकाएँ इस शिक्षा से लाभ उठा रहे थे।"[10]

शैक्षणिक विकास की यह प्रगति अत्यल्प थी। तभी प्राथमिक शिक्षा का अनिवाय बनाने के लिए बम्बई पजाब, सयुक्त प्रात बगाल, बिहार एव उडीसा मे भी प्राथमिक शिक्षा अधिनियम पास किया गया। क्रमश राष्ट्रीय जन जागरण म तीव्रता आती गई और शिक्षा के राष्टीयकरण की माग प्रबल होती गई। माध्यमिक शिक्षा का विस्तार भी निरतर होता गया साथ ही उच्च शिक्षा के लिए भी नये नय विश्व विद्यालय अस्तित्व म आये। इसके बावजूद डा रगनाथन जिस उद्देश्य को लेकर चल थे वह था ग्राम-ग्राम पुस्तकालयो का जाल बिछे, सावजनिक-ग्र थालय प्रणाली लागू हो राष्ट्रीय स्तर पर ग्रन्थालय कानून बने साथ ही राज्यो मे ग्र थालय अधिनियम पारित किए जावें ताकि निरक्षरता जसी बिमारी को सदैव के लिए देश से निकासित किया जा सके। इस उपक्रम मे उन्होने ग्र थालय विज्ञान पर ग्र थ, व लेख लिखे साथ ही अपने ओजस्वी भाषणो से ग्र थालयो की उपयोगिता को प्रतिपादित करने मे सलग्न रहे। उन्होने समस्त *एशिया शैक्षणिक सम्मेलन के सम्मुख जिसका अधिवेशन* सन् 1930 मे बनारस म हुआ था, आदश पुस्तकालय अधिनियम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अधिनियम मे राज्य मे सावजनिक पुस्तकालयों की स्थापना व रक्षण प्रणाली का दायित्व तथा शहर, ग्राम व अन्य प्रकार की पुस्तकालय सेवाओ का विकास उपबन्धित था।"[11]

यद्यपि तत्कालीन सरकार ने भारतीय ग्रामीण शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु आवश्यक कदम उठाये किन्तु भारत के जागरूक नागरिको ने निरक्षर जनता की चिन्ता करते हुए उन्ह ग्रन्थो के अध्ययन की सुविधाएं दने हेतु ग्राम वाचनालयों, चल ग्र थालया व पुस्तकालयो की स्थापना पर विशेष जोर दिया। डा रगनाथन, ने भारत मे ग्र थालयो के विकास हेतु "आदेश पुस्तकालय अधिनियम के आधार पर एक विधेयक मद्रास विधान सभा म 1933 मे प्रस्तुत किया। इसी वष भारतीय ग्र थालय सघ का गठन भी हुआ। इसी प्रकार से कई विधेयक डा रगनाथन द्वारा अलग-अलग प्रदेशो मे ग्र थालय विकास के लिए प्रस्तुत किये गये। सरकार ने

इन विधेयकों पर विचार करने की जरूरत नहीं समझी। "1939 में बम्बई में श्री ए ए ए फैजी की अध्यक्षता में "पुस्तकालय विकास समिति" की नियुक्ति हुई। समिति ने 1942 में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उसने पुस्तकालयों के विकास के लिए अनेक महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए किन्तु देश के स्वाधीन होने तक उनको व्यवहार में नहीं लाया जा सका। 1940 में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार ब्यूरो ने यह निर्णय लिया कि प्रौढ़ शिक्षा की समस्याओं को हल करने की दृष्टि से पुस्तकालय खोले जाने चाहिए।"[12]

ग्रन्थालय विकास की उपरोक्त गतिविधियों के क्रमश मन्द होने तक देश में अनेक स्तर की शिक्षा का शुभारम्भ हो चुका था। कई विश्वविद्यालय खुल चुके थे और उनसे सम्बद्ध ग्रन्थालय भी। समस्या यह थी कि शिक्षा के साथ ग्रन्थालयों का समन्वय अभी तक ठीक से नहीं हो रहा था। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम तैयार होने पर केन्द्रों को वाचनालय सुविधायें अवश्य प्रदान कर दी गई थी, परन्तु इसका दायरा कम था अत ग्रन्थालय संघों ने अस्तित्व में आकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ कई बैठकों में भाग लिया और कांग्रेसी नेताओं को शिक्षा में ग्रन्थालयों की उपयोगिता तथा सार्वजनिक ग्रन्थालय अधिनियमों की अनिवार्यता से अवगत कराया। स्वतन्त्रता के पूर्व तक देश के विभिन्न राज्यों में ग्रन्थालय विकास का सकल्प लिए निम्नांकित राज्य पुस्तकालय संघों की स्थापना हुई।

(1) बड़ौदा पुस्तकालय संघ	1910
(2) पंजाब पुस्तकालय संघ	1915–1929 में पुन स्थापित
(3) मद्रास पुस्तकालय संघ	1928
(4) कर्नाटक पुस्तकालय संघ	1929
(5) बिहार पुस्तकालय संघ	1930
(6) बंगाल पुस्तकालय संघ	1931
(7) आन्ध्र पुस्तकालय संघ	1931
(8) आसाम पुस्तकालय संघ	1938
(9) केरल पुस्तकालय संघ	1942
(10) बम्बई पुस्तकायल संघ	1944
(11) उत्कल पुस्तकालय संघ	1944
(12) पूना पुस्तकालय संघ	1945
(13) दिल्ली पुस्तकालय संघ	1946

1946 में ही डा रंगनाथन ने "National Library System A plan for India" ग्रन्थ का प्रकाशन करवाया। इसमें उन्होंने राष्ट्र में पुस्तकालयों के विकास तथा सम्पूर्ण देश के लिए एक राष्ट्रीय ग्रन्थालय प्रणाली के निर्माण पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही मद्रास, कोचिन, त्रावणकोर तथा बम्बई के लिए पुस्तकालय विधेयकों के प्रारूप व राज्यव्यापी पुस्तकालय विकास कार्यक्रम की

रूपरेखा तैयार की, जिनका प्रकाशन भी स्वतन्त्रता प्राप्ती के पूर्व वर्षों म हो चुका था। भारतीय जन जीवन को शिक्षित, जागरूक व राष्ट्रीय भावना की प्रेरणा से युक्त बनाने के उद्देश्य स शिक्षा प्रचार व प्रसार की तीन तरह की प्रयत्न विधियां अग्रेजो, राष्ट्रीय कांग्रेस व समाज सवियो व पुस्तकालय विकास के पक्षधरो ने अपनायी। इस प्रयास मे अपने अपने तरीके से सभी लोग एकजुट होकर लगे रहे। अग्रेजो को अपने प्रशासन-तन्त्र को चलान हेतु पढे लिखे बाबूओ की आवश्यकता थी तो भारतीय नेताओ को नागरिको को जागरूक व सजग बनाने की, और इन्हीं दोनो के बीच ग्रन्थालय विकास की धारा भी पूरे देश म गतिमान होती रही। इस प्रकार भारत मे तीन तरह स शिक्षा का व्यापक बनाने के प्रयास हुए।

(1) अग्रेज शासन की शिक्षा प्रणाली।
(2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व समाज सेवियो द्वारा प्रस्तुत प्रणाली। तथा
(3) पुस्तकालय-सगठनो द्वारा किए जाने वाले प्रयास।

1—अग्रेज शासन द्वारा शिक्षा के लिए किये गये प्रयासो और महत्वपूर्ण आयोगो के गठन की जानकारी निम्नानुसार है।

(1) वुड का घोषणा पत्र— (1854)
(2) हटर कमीशन— (1882-83)
(3) लार्ड कर्जन, भारतीय विश्वविद्यालय आयोग तथा अधिनियम
(4) सैडलर कमीशन— (1917-1919)
(5) हटाग-समिति— (1927-1929)
(6) एबट वुड रिपोर्ट— (1936-1937)
(7) सार्जेट रिपोर्ट— (1944)

प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा तथा प्रौढ शिक्षा के साथ ही बच्चो के लिए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड न भारत मे युद्धोत्तर शैक्षणिक विकास (1944) सम्बन्धी प्रतिवेदन मे सिफारिश की कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा भी दी जाव। यद्यपि महाराष्ट्र के नूतन बाल शिक्षा सघ 1920 ने इसकी शुरूआत पहले ही कर दी थी किन्तु 1930 म मैडम मान्टसरी के भारत आगमन के बाद पूर्व प्राथमिक शिक्षा म वृद्धि हुई। '1950-51 म पूर्व प्राथमिक विद्यालयो (आगन बाडी शिशु सगोपन केन्द्र बाल मन्दिर) की सख्या 303 थी जिसम 866 शिक्षक थे और लगभग 28000 बच्चो की शिक्षण व्यवस्था थी। इस साल म कुल शिक्षा व्यय का लगभग 0 1 प्रतिशत, पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर व्यय किया गया सन् 1957 के लगभग पूर्व प्राथमिक विद्यालयो की सख्या 3500 हो गई जिसम 6500 शिक्षक थे और 2,40,000 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे थे।'[13]

प्रारम्भिक वर्षों म इनका कार्य क्षेत्र नगरो म अधिक और गावो म कम रहा किन्तु बाद मे सामुदायिक विकास कार्यक्रमो मे आगन बाडियो की स्थापनाओ म वृद्धि हुई। प्राथमिक एव माध्यमिक शिक्षा सस्थाओ का विकास क्रमश निम्नानुसार हुआ।

बम्बई— "1824 तक देशी विद्यालयों की संख्या 216 हो गई थी जिनमें 12 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ते थे।"[14]

मद्रास— "सम्पूर्ण प्रान्त में 1852 में 1,185 मिशन स्कूल थे, जिनमें 38005 विद्यार्थी शिक्षा पाते थे।"[15]

उत्तर प्रदेश—"इन जिलों में 50 कस्बे एवं 14,572 ग्राम थे स्कूलों की संख्या 3,127 थी और उनमें 27,853 विद्यार्थी पढ़ रहे थे। हल्का बन्दी स्कूल प्रणाली के अन्तर्गत 1854 में 758 विद्यालय थे जिनमें 17 हजार छात्र पढ़ते थे।"[16]

बम्बई के शिक्षा बोर्ड एवं बंगाल के शिक्षा परिषद बनने के बाद वुड के घोषणा पत्र में ही शिक्षा विभाग एवं उनके संगठन का प्रावधान रखा गया था। "1856 के अन्त तक भारत के सब प्रान्तों में शिक्षा विभाग की स्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका था और वे शिक्षा कार्य में व्यस्त हो गये थे।"[17]

1937 से 1947 तक की प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के आंकड़े निम्नानुसार हैं।

प्राथमिक शिक्षा

प्रांत	शिक्षा पाने वाले बालक		शिक्षा पाने वाली बालिकाएँ	
	नागरिक क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र	नागरिक क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
बिहार	17			
बम्बई	9	134	110	5,100
मध्य प्रदेश	34	1031		
पूर्वी पंजाब	37	1,420		
मद्रास	16	31	12	1,607
उड़ीसा	1	1		
उत्तर प्रदेश	36	1,371	3	3
पश्चिमी बंगाल	1			
दिल्ली	1	7		
योग	152	3995	125	6710

माध्यमिक शिक्षा—1937 में माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 13056 और उनमें शिक्षा का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या 22,87,872 थी। 1947 में यह संख्या क्रमशः 11,907 और 26,81,981 थी।

2 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं समाज सेवी संस्थाओं ने भी प्राथमिक एवं एवं माध्यमिक व उच्च शिक्षा के लिए प्रमुख समितियों का निर्माण किया साथ ही

प्रौढ शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दन हेतु प्रौढ पाठशाला एव वाचनालय भी खोले।

"1937 मे ही भारत मे "इण्डियन एडल्ट एजूकेशन सोसाइटी" की स्थापना हुई। इसके पूर्व 1935 म भारत मे आठ-प्रान्ता मे राष्ट्रीय काग्रेस द्वारा शासन सभाला गया था। लोक प्रिय मत्री मण्डला न उस समय के साढ बत्तीस कराड निरक्षरो को साक्षर बनाने का आन्दोलन चलाया। इसके परिणामस्वरूप प्रौढ शिक्षा की दिशा मे पर्याप्त प्रगति हुई। केवल बिहार मे ही 18,878 केन्द्रो पर 11,68 325 व्यक्ति साक्षर हुए। 1939 मे भारत में प्रौढ शिक्षा केन्द्रो की सख्या 5978 तथा इनके अध्ययन कक्षाओ की सख्या 1,92, 539 थी।"[18]

1937 से 1942 क बीच प्रौढ शिक्षा का विकास निम्नाकित तालिका से स्पष्ट है—

प्रान्त	प्रौढ शिक्षा केन्द्र	छात्र
आसाम	10,000	61,16,713
बगाल	32,574	6 80 178
बिहार	100526	27,74,595
बम्बई	6432	1 39,000
सी पी	77	1 692
मद्रास	354	19,265
उडीसा	2547	64,108
पजाब	10,929	3,62,322
उत्तर प्रदेश	21,300	14,00 000 ※

※ प्रौढ शिक्षा और पुस्तकालय के पृष्ठ 33–34 से उद्धत।

अभी तक जबकि देश के 13 प्रान्तो में ग्रन्थालय सघो का गठन हो चुका था। भारतीय राष्ट्रीय काग्रेस शक्ति में आ गई थी, कई प्रदेशो का शासन उसके हाथ में आ चुका था। देश में डा रगनाथन सन्तराम भाटिया, खान बहादुर असदुल्लाह एव अन्य ऐसे ग्रन्थपाल व लाकजन ऐसे थे जो अपने अपने क्षेत्रो में खुले मन व समर्पित भाव से ग्रन्थालयो की स्थापनाएँ करते जा रहे थे और प्रयासरत थे। कुछ सघ ऐसे थे जो ग्रन्थपालो के लिए ग्रन्थालय साहित्य भी प्रकाशित कर रहे थे। मद्रास ग्रन्थालय सघ डॉ रगनाथन के लेखा का प्रकाशन कर रहा था और पजाब ग्रन्थालय सघ लाहौर से "माडन लायब्रेरियन' नाम की त्रमासिक पत्रिका प्रकाशित हो रही थी।

राष्ट्रीय काग्रेस के सन् 1937 में प्रभावशील होने के उपरान्त बहुतेरे प्रान्तों म ग्रन्थालय सघो ने सरकारी प्रयासा से ग्रन्थालय चलाये जाने की माग रखी। इनमें स कुछ प्रादेशिक सरकारा ने ग्रन्थालय सघो की मागो को स्वीकार कर राज्य

शिक्षा-विभागा को ग्रामीण पुस्तकालय खोलने का आदेश प्रदान किया। ग्रन्थालय परामर्श समिति[19] ने भी अपने एतिहासिक प्रतिवदन में यह बात स्पष्ट की है। मद्रास ग्र थालय सघ (1929) ने ग्रन्थालयो के विकास हेतु काफी प्रयास किए जिसका श्रेय डा रगनाथन को जाता है। उनकी अद्वितीय क्षमता के कारण ही— "1942 में भारतीय पुस्तकालय सघ ने डा रगनाथन से एक अ य विधेयक की रूपरखा तैयार करने की प्राथना की। उन्होन विधेयक की रूपरेखा वनाई जिसे "आदश सावजनिक पुस्तकालय विधेयक" कहते ह। इस विधेयक का बम्बई में समस्त भारतीय पुस्तकालय सघ के पाचवें अधिवेशन के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। विधेयक पर अधिवेशन में बहस तो हुई परतु कोई निश्चित पग नहीं उठाया गया।"[20]

एसे ही अधिनियम बनाने या विधेयक प्रस्तुत करने के प्रयास अनेक राज्या के ग्रन्थालय सघो द्वारा डा रगनाथन के सहयोग से किए जिनका विवेचन हम स्वाधीनता काल मे शिक्षा एव ग्रन्थालयो के विकास के समय करेंगे।

उपरोक्त समग्र विवेचन मे हमने देखा कि भारत वष पर अ ग्रेजो के शासन काल म शिक्षा के साथ ग्रन्थालयो के विकास पर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया गया। शिक्षा के साथ उपलब्धि के नाम पर हमे विश्व विद्यालयीन व महाविद्यालयीन शिक्षा म ही ग्रन्थालयो के दशन होते हैं। शेष पाठ शिक्षा कायक्रमा मे ग्र थालया के उपयोग का जिक्र मिलता हैं जसा कि हिन्दी विश्व कोष म लिखा है कि "बसिक शालाओ एव जूनियर हाइ स्कूला मे तो अभी पुस्तकालया का विकास नही हुआ है। परन्तु माध्यमिक शालाओ एव विद्यालया के पुस्तकालयो का सवागीण विकास हो रहा है।"[21]

यह बात तो सवविदित है कि स्कूलो मे आज भी ग्रन्थालय सक्रिय नही ह। ग्रामा के पुस्तकालया की स्थिति तो और भी खराब है। जहा तक ग्रन्थालयो

---

19 'The need for public libraries so conceived and dedicated has been felt all the more keenly in India after independence There is a remarkable unanimity of opinion among all national leaders that facilitits for reading books must be brought with in the means of all citizens and particularly of villagers It is beleived that this will prevent their world of learning from being limited to personal experiences and obseruations Reading will widen their harizen beyore the berriers of space and time ' Report of advisory Committee for libraries, Govt of India, Mi istry of education & youth services 1970, P 32

द्वारा शैक्षणिक प्रक्रिया में सहयोग करने का प्रश्न है वह एक अच्छी शिक्षण प्रणाली में ही सम्भव है। दूसरे यह कार्य प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत ग्रन्थालयों की अहमियत समझने में होगा। प्रद्युम्न कुमार गौड़ ने लिखा है कि "यह विचारणीय है कि शिक्षा प्रक्रिया का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति से होता है क्योंकि व्यक्ति ही शिक्षित होता है और ऐसे ही शिक्षित व्यक्तियों से समाज बढ़ता है अतः व्यक्ति की आवश्यकताओं और उसकी प्रसन्नता और समृद्धिशीलता और शिक्षा अभियान में ही सर्वोपरि होगी परन्तु इनकी संरचना में पुस्तकालयों का योगदान भी महत्वपूर्ण है।'[22]

इस महत्त्व को शायद अंग्रेज सरकार नहीं समझ पायी थी, किन्तु भारतीय नेता शिक्षाविद व समाज सुधारकर्ता इनके महत्त्व को जानते थे, उन्होंने ही ग्रन्थालयों के समग्र विकास पर विचार किया होता तो संभव था आज पूरा राष्ट्र ग्रन्थालयों का लाभ अपने ग्राम शहर व शैक्षणिक जीवन में करता।

"स्वातन्त्र्योत्तर काल में ग्रामीण शिक्षा एवं ग्रन्थालय" —

एक लम्बे जद्दो-जहद और स्वातन्त्र्य-संघर्ष के उपरान्त भारतीयों ने अपने देश को पराधीनता की जंजीरों से मुक्त किया। सुव्यवस्थित रूप से भारतीय राष्ट्रीयता का जन्म सन् 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के साथ हुआ।'[23] कांग्रेस जनों तथा राष्ट्रीय चेतना के दीवानों ने सत्ता हस्तांतरण के लिए अंग्रेजों पर दबाव डाला। 1942 में पूरे देश में इतिहास प्रसिद्ध भारत छोड़ो' आन्दोलन छिड़ गया और अन्ततः 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों द्वारा संघर्षशील भारतीयों को सत्ता सौंप देनी पड़ी।

भारत अब पूर्ण स्वतंत्र था और उसे अपने देशवासियों को प्रजातान्त्रिक ढंग से जीने के लिए शिक्षा, कृषि, उद्यो[illegible] र एवं विज्ञान [illegible] रना था। तत्कालीन सरकार का ध्यान नागरि[illegible] करने [illegible] वी से उबारने की ओर गया। भारत में [illegible] स्वत[illegible] रग
संविधान [illegible] राज्य के नीति निर्देशक [illegible] ा
का प्रावधान किया [illegible] श्य से [illegible]
में स्पष्ट रूप से [illegible] सभी
तक अनिवार्य द[illegible]

24 "The s[illegible]
ten year[illegible]
the free a[illegible]
they compl[illegible]
the constitu[illegible]
1950

"इस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायता देने के लिए" अखिल भारतीय-प्राथमिक शिक्षा परिषद (All India Council for elementry Education Council 1975) का निर्माण किया गया, केंद्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को वार्षिक सहायता अनुदान दिया गया और पिछली पाच पचवर्षीय योजनाओं में प्राथमिक शिक्षा पर लगभग 1005 करोड रुपये व्यय किये गये।"[25]

प्रथम पच वर्षीय योजना से लेकर पाचवी पचवर्षीय योजना तक प्राथमिक शिक्षा की प्रगति का अनुमान निम्नांकित तालिका से हम लगा सकते है।"[26]

वर्ष	विद्यालय सख्या	छात्र सख्या	शिक्षक सख्या	व्यय (करोडा रु० में)
1950 51	2,09,671	1,82,93,967	5,37,918	36 49
1955-56	2,78,135	2,29,19,734	6,91,249	53 73
1960-61	3,30,397	2,66,42,253	7,41 695	73 44
1961-62	3,51,530	2,94,74,377	7,94,747	82 67
1962 63	3,66,262	3,12,86,929	8,32,996	92 94
1963 64	3,77,106	3,31,03,271	8,81,438	99 01
1964 65	3,85,250	3 35,78,000	9,06,900	105 8
1965 66	3,91,064	5,04,70,000	9,44,377	
1976-77	4,66,264	6,84,80,000	13,36,104	
1977-78	4,77 037	7,69,70,300	13,54,460	

उपरोक्त तालिका इस बात का सकेत देती है कि 70 प्रतिशत ग्रामीण जनता को भी अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का लाभ निश्चित रूप से मिला। शिक्षा की ओर भी आगे बढाने जसे माध्यमिक शिक्षा, महाविद्यालयीन एव विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए भी प्रयास स्वाधीनता के बाद बेहतर हुए।

'माध्यमिक शिक्षा की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि जहाँ 1950 51 में कुल 20 884 माध्यमिक विद्यालय, 52,32 009 विद्यार्थी, 2 12000 अध्यापक तथा 30 करोड 74 लाख रुपये का व्यय राशि थी, वहाँ 1963 64 में विद्यालयो की सख्या 88,584, विद्यार्थियो की सख्या 2,46,77,747 तथा अध्यापको की सख्या 8,49,782 हो गई। इसकी व्यय राशि 1 अरब 63 करोड 93 लाख रुपये तक जा पहुची।'[27]

शिक्षा का इतना व्यापक विस्तार होने के उपरान्त भी "यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि स्वतन्त्रता प्राप्ती के बत्तीस वर्ष होते जा रहे है परन्तु आज भी हमारी 70 प्रतिशत जनसख्या निरक्षर है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय देश की 15 प्रतिशत जनसख्या और साक्षर हुई।"[28]

द्वारा शैक्षणिक प्रक्रिया म सहयोग करने का प्रश्न है वह एक अच्छी शिक्षण प्रणाली म ही सभव है। दूसरे यह काय प्रौढ शिक्षा के अ तगत ग्र थालयो की अहमियत समझने मे होगा। प्रद्युम्न कुमार गौड ने लिखा है कि "यह विचारणीय है कि शिक्षा प्रक्रिया का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति से होता है क्योकि व्यक्ति ही शिक्षित होता है और ऐसे ही शिक्षित व्यक्तियो से समाज बनता है अत व्यक्ति की आवश्यकताओ और उसकी प्रसन्नता और समृद्धिशीलता प्रौढ शिक्षा अभियान मे ही सर्वोपरि होगी परन्तु इनकी सरचना मे पुस्तकालयो का योगदान भी महत्वपूर्ण है।'[22]

इस महत्त्व को शायद अ ग्रेज सरकार नही समझ पायी थी, किन्तु भारतीय नेता शिक्षा विद व समाज सुधारकर्त्ता इनके महत्त्व को जानते थे, उन्होन ही ग्र थालयो के समग्र विकास पर विचार किया होता तो सभव था आज पूरा राष्ट्र ग्र थालयो का लाभ अपने ग्राम, शहर व शक्षणिक जीवन म करता।

"स्वातत्र्योत्तर काल मे ग्रामीण शिक्षा एव ग्र थालय" —

एक लम्बे जद्दो-जहद और स्वातत्र्य सघष के उपरान्त भारतीयो न अपने देश को पराधीनता की जजीरो से मुक्त किया। सुव्यवस्थित रूप से भारतीय राष्ट्रीयता का जन्म सन् 1885 मे भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना के साथ हुआ।[25] काँग्रेस जनो तथा राष्ट्रीय चेतना के दीवाना न सत्ता हस्तारण के लिए अ ग्रेजो पर दबाव डाला। 1942 मे पूरे देश म इतिहास प्रसिद्ध 'भारत छोडों" आन्दोलन छिड गया और अ तत 15 अगस्त 1947 को अ ग्रेजो द्वारा सघषशील भारतीयो को सत्ता सौंप दनी पडी।

भारत अब पूर्ण स्वतत्र था और उसे अपने देशवासियो को, प्रजातान्त्रिक ढग से जीने के लिए शिक्षा, कृषि उद्योग, व्यापार एव विज्ञान म आग बढना था। तत्कालीन सरकार का ध्यान नागरिको को शिक्षित करने एव उन्ह गरीबी से उबारने की ओर गया। भारत मे शिक्षा के गिरे हुए स्तर को ध्यान म रख सविधान ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वो के अन्तगत शिक्षा की विशेष व्यवस्था का प्रावधान किया। इस उद्देश्य से स्वतत्र भारत के सविधान की 45 वी धारा म स्पष्ट रूप से 10 वष के अन्दर सभी बच्चो के लिए प्रायमिक शिक्षा को नि शुल्क एव अनिवार्य बनाने की घोषणा की गई।'[24]

---

24 "The state shall endeavour to provide within a period of ten years from the commencement of this constitution for the free and compulsory education for all children until they complete the age of fourteen years"—Article 45 of the constitution adopted by free India on January 26, 1950

"इस लक्ष्य की प्राप्ति मे सहायता देने के लिए" अखिल भारतीय-प्राथमिक शिक्षा परिषद (All India Council for elementry Education Council 1975) का निर्माण किया गया, केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारो को वार्षिक सहायता अनुदान दिया गया और पिछली पाच पचवर्षीय योजनाओ मे प्राथमिक शिक्षा पर लगभग 1005 करोड रुपये व्यय किय गये ।"[25]

प्रथम पच वर्षीय योजना से लेकर पाचवी पचवर्षीय योजना तक प्राथमिक शिक्षा की प्रगति का अनुमान निम्नांकित तालिका से हम लगा सकते है ।"[26]

वर्ष	विद्यालय सख्या	छात्र सख्या	शिक्षक सख्या	व्यय (करोडो रु० मे)
1950-51	2,09,671	1,82,93,967	5,37,918	36 49
1955 56	2,78,135	2,29,19,734	6,91,249	53 73
1960 61	3,30,397	2,66,42,253	7,41 695	73 44
1961-62	3,51,530	2,94,74,377	7,94,747	82 67
1962 63	3,66,262	3,12,86,929	8,32,996	92 94
1963-64	3,77,106	3,31,03,271	8,81,438	99 01
1964 65	3,85,250	3,35,78,000	9,06,900	105 8
1965 66	3,91,064	5,04,70,000	9,44,377	
1976 77	4 66,264	6,84,80,000	13,36,104	
1977-78	4,77 037	7,69,70,300	13,54,460	

उपरोक्त तालिका इस बात का सकेत देती है कि 70 प्रतिशत ग्रामीण जनता को भी अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का लाभ निश्चित रूप से मिला । शिक्षा को और भी आगे बढ़ाने जैसे माध्यमिक शिक्षा, महाविद्यालयीन एव विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए भी प्रयास स्वाधीनता के बाद बेहतर हुए ।

'माध्यमिक शिक्षा की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि जहाँ 1950 51 में कुल 20 884 माध्यमिक विद्यालय, 52,32,009 विद्यार्थी, 2 12000 अध्यापक तथा 30 करोड 74 लाख रुपये की व्यय राशि थी, वहा 1963 64 में विद्यालयो की सख्या 88,584, विद्यार्थियो की सख्या 2,46,77,747 तथा अध्यापको की सख्या 8,49 782 हो गई। इनकी व्यय राशि 1 अरब 63 करोड 93 लाख रुपये तक जा पहुँची ।"[27]

शिक्षा का इतना व्यापक विस्तार होने के उपरान्त भी "यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि स्वतत्रता प्राप्ती के बत्तीस वर्ष होते जा रहे है परन्तु आज भी हमारी 70 प्रतिशत जनसख्या निरक्षर है। स्वतत्रता प्राप्ति के समय देश की 15 प्रतिशत जनसख्या और साक्षर हुई ।"[28]

निरक्षरता निवारण के लिए निरन्तर प्रयासरत भारत सरकार के समाज शिक्षा मुहिम चलवायी, सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलवाये और युवक गोष्ठियों व महिला समितियों की स्थापना की ।

प्रौढ शिक्षा का षष्ठमुखी कार्यक्रम, शिक्षक आयोग (Education Commission) ने प्रस्तुत किया जिसके अनुसार नीचे लिखे कार्यक्रम निश्चित किए गये ।

(1) निरक्षरता का उन्मूलन (2) अनवरत शिक्षा (3) पत्राचार पाठ्यक्रम (4) पुस्तकालय (5) विश्वविद्यालयों की भूमिका (6) सगठन व प्रशासन ।

'शिक्षा आयोग' ने वयस्क-शिक्षा से सम्बन्धित पुस्तकालयों के विषय में नीचे लिखे विचार प्रस्तुत किए हैं ।

(1) वयस्कों के पुस्तकालय प्रगतिशील होने चाहिए ।

(2) उक्त पुस्तकालयों को वयस्कों को शिक्षित एवं आकर्षित करना चाहिए ।

(3) विद्यालयों के पुस्तकालयों को सार्वजनिक पुस्तकालयों के साथ सम्मेलित कर देना चाहिए और उनमें बच्चों एवं नव साक्षरों की रुचियों को ध्यान में रखकर पुस्तकों का संग्रह किया जाना चाहिए ।

(4) देश भर में पुस्तकालयों की स्थापना के सम्बन्ध में "पुस्तकालय-सलाहकार समिति" की सिफारिशों पर अमल किया जाना चाहिए ।

(5) जहां तक सभव हो पुस्तकालयों में टेपरिकार्डों, ग्रामोफोन रिकार्डों, फिल्मों तथा अन्य उपयोगी साधनों का संग्रह होना चाहिए । [29]

इन्हीं उद्देश्यों को प्रौढ शिक्षा विकास में सहयोगी बनाने के लिए प्रथम-पंच वर्षीय योजना में सम्पूर्ण देश में पुस्तकालयों का विकास करने की दृष्टि से भारतीय राष्ट्रीय ग्रन्थालय (कलकत्ता) के अलावा राज्यों में केन्द्रीय ग्रन्थालय, क्षेत्रीय ग्रन्थालय एवं जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर एक एक सार्वजनिक ग्रन्थालय स्थापना का निर्णय लिया गया ।

निर्णयानुसार प्रथम योजना काल में "9 स्टेट सेन्ट्रल लायब्रेरी, 96 जिला पुस्तकालय तथा 52 विद्यमान जिला पुस्तकालयों के विकास के लिए 88,91,499 रुपय स्वीकृत किए गये थे। राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय आसाम, पश्चिम बगाल, मध्यप्रदेश, पजाब राजस्थान सौराष्ट्र पेप्सू भोपाल, विन्ध्य प्रदेश में स्थापित किये गये तथा 96 जिला पुस्तकालयों में से आसाम में 7, पश्चिम में 17, बिहार में 12, मध्यप्रदेश में 22, राजस्थान में 24, सौराष्ट्र में 5, भोपाल में 2 तथा विन्ध्य प्रदेश में 7 स्थापित किये गये। '[30]

ज्ञान को एक परम्परा की श्रृंखला का स्वरूप देने में शिक्षा महत्त्वपूर्ण होती है। इस शिक्षा द्वारा ही मनुष्य अपनी मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक प्रगति करता है। शिक्षा ही मानव को पशु-स्तर से ऊँचा उठाकर श्रेष्ठ

सास्कृतिक प्राणी बनाता है। ग्रीव माध्यमा से प्राप्त शिक्षा देश के विकास म निश्चित ही सहयोगी बनकर अपने शिक्षित नागरिको को गौरवशाली पद प्रदान करती हैं। एक देश म शिक्षित एव ज्ञानी नागरिको की सख्या क आधार पर ही उस देश की उन्नतिशील अवस्था का ज्ञान किया जा सकता है। अत राष्ट्र की जनता को सर्व-व्यापी शिक्षा देने का सकल्प लेकर उनम व्याप्त ब्रिटिश काल की निधनता एव अशिक्षा को दूर करने का सकल्प पचवर्षीय योजनाम्रो ने लिया।

प्रथम पचवर्षीय योजनाकाल की प्रगति के आधार पर ही द्वितीय पचवर्षीय योजनाकाल म देश के पूरे 320 जिला म पुस्तकालय सेवा शुरू करने की योजना बनी। तृतीय पचवर्षीय योजना म 416 ग्राम-पचायतो 5000 चलित ग्रन्थालयो तथा 1250 वाचनालयो के लिए 10,10,000 (दस लाख, दस हजार) रुपय अनुदान क रूप म स्वीकृत किए गये। चतुर्थ पचवर्षीय योजना क दौरान देश म ग्रन्थालयो के समुचित योजनाबद्ध व्यवस्थापन पुनगठन एव सचालन हेतु भारत सरकार न शिक्षा मन्त्री की अध्यक्षता म केन्द्रीय परामश समिति का निर्माण किया। शिक्षा मन्त्रालय मे जो ग्रन्थालय विभाग था उस योजना को क्रियान्वित करने तथा ग्रन्थालयो के विकास का उत्तरदायित्व सौपा गया। चौथी योजना काल म ही योजना आयोग न ग्रन्थपालो का एक 'कार्यकारी दल" नियुक्त किया जिन्ह देश म जन ग्रन्थालय-सेवा क विकास की योजना बनाकर देनी थी। 'इस दल ने देश म जन पुस्तकालय सेवा क विकास की एसी योजना दी है कि जो अगले दस वर्षो म प्रत्येक 2000 की जनसख्या वाले गावो म पहुँच जायगी तथा जन-पुस्तकालयो का वार्षिक व्यय 22 करोड रुपये होगा।'[1]

किन्तु अफसोस रहा कि बाद के वर्षो म इस योजना पर सरकार न कोई विशेष ध्यान नही दिया। जबकि भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व० पडित जवाहरलाल नेहरू का योजना काल के दौरान ही यह सपना था कि "हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि देश क हर ग्राम म कम से कम एक पुस्तकालय अवश्य होना चाहिए और लोगो को पढने की आदत डालनी चाहिए। वास्तव म, प्रत्येक पुस्तकालय स्वय म ही विश्व विद्यालय होने चाहिए।"

परन्तु यह नही हो सका और न ही हो रहा है और न ही हो सकने की सम्भावनायें दिखाई पडती है। कारण स्पष्ट है कि जहाँ ग्रन्थालय अधिनियम राज्य सरकारो ने पारित कर दिये हैं वहीं ही जन-ग्रन्थालयो को सुचारु रूप स चलाने म सुविधा है, दूसरे राज्यो म नही। एक बार जिन राज्यो म ग्रन्थालय अधिनियम लागू हुए है वहाँ गाव-गाव, जिला, राज्य व केन्द्रीय ग्रन्थालय से उनका सम्बन्ध बना हुआ है और वहाँ सारा प्रबन्ध राज्य ग्रन्थालय समितियो द्वारा होता है जो बिना अधिनियम वाले प्रदेशो म सभव नही है।

यद्यपि डॉ रंगनाथन ने देश के अनेकों प्रदेशों के लिए ग्रन्थालय अधिनियम बनाये और उन्हें पारित करने का प्रयत्न भी किया किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली। वे राज्य जहाँ ग्रन्थालय अधिनियम पारित करने हेतु प्रयास किए गये निम्नानुसार है।

वर्ष	राज्य	वर्ष	राज्य
आज विज्ञान एव तकनीकी आविष्कारो न कृषि उद्योग, स्वास्थ्य पशुपालन एव ग्रामीण प्रौद्योगिकी मे इतनी उन्नति कर ली है कि, विज्ञान की करामातो ने खेती व गृहस्थी के कार्यो को अधिक उन्नतिशील व समृद्ध कर दिया है। आज गाव शहरो की संस्कृति सभ्यता व रहन सहन के सम्पक मे आकर निश्चित ही आधुनिकता की गिरफ्त म आ चुका है, फिर भी ग्रामीण प्रगति मे हुई आशातीत वद्धि के चरणो से वह आज भी अनभिज्ञ बना हुआ है। गाँवो का खेतिहर किसान व मजदूर वैज्ञानिक उपलब्धियो का अपने जीवन मे उपयोग कर सुखी तो है, परन्तु इसके ज्ञान स अछूता होकर रह रहा है। भारत के ग्रामीण किसानो क पास आज जहा विज्ञान की दी हुई घडिया, रेडिया, टी वी फ्रीज ट्रैक्टर्स, स्कुटस खाद, रसायन, बीज स्वास्थ्य सुविधायें व पशु प्रजनन व पशु पालन की नवीन विधिया उपलब्ध करा दी गई है वही उनम अध्ययन, चिन्तन सास्कृतिक व साहित्यिक चेतना की कमी दृष्टिगोचर हो रही हैं। आज का किसान कृषि स्वास्थ्य, उद्योग व्यापार व तकनीकी साहित्य के अभाव मे पूरे समय गाव के सरकारी अधिकारियो के सुझावो पर निभर रहते हैं। कृषि क्षत्र मे जो भी नई-नई तकनीकी होती है उनस ग्रामीण जन तभी परिचित हो सकते हैं जबकि उन्ह कृषि साहित्य के ग्रन्थो, पत्र-पत्रिकाओ को पढ़ने का सौभाग्य मिले। दुर्भाग्य से यह अवसर अभी देश के शेष (उपरोक्त सारणी के अनुसार) ग्रामो को नही मिल पाया है जहा एक ओर विकसित पद्धतियो द्वारा आधुनिक जीवन शैलिया न ग्रामो मे प्रवेश पा लिया है वही यदि ग्राम की ग्राम पचायतो म ग्रामीण-पुस्तकालयो की व्यवस्था हो जावे तो कृषक अपनी वैचारिक-प्रगति मे भी पीछे नही रह सकेंगे। ग्रामीण पुस्तकालयो से होने वाले लाभों से ग्राम के युवा शिक्षित यदि अशिक्षित लोगो को परिचित करवा दें तो हम यह महसूस होगा कि ग्रन्थालय विहीन ग्राम आज किस तरह अपनी मानसिक-गुलामी का भोग रहे है और यदि उन्ह ग्रन्थालयों की सुविधा प्राप्त हो जाये तो वे किस प्रकार अपने व्यक्तित्व की अपनी कृषि सम्बन्धी, अपने जीवन-स्तर, स्वास्थ्य एव भोजन सम्बन्धी तथा राष्ट्रीय विकास की गतिविधियो म अपना मूल्यवान सहयोग देकर और भी अधिक तरक्की कर सकत हैं कृषको को पुस्तकालयो के उपयोग की आवश्यकता क्या है और इनके होने स उन्हे क्या-क्या लाभ हो सकते हैं उनका हम विवेचन निम्नानुसार करेंगे।

(1) **भारतीय संस्कृति सबोध का परिचय**—आज का ग्रामीण जो मूलत कृषक जीवन व्यतीत कर रहा है अपने ही देश के अन्य समाजो, सस्कृतियो धम

रीतिरिवाजो व लोक साहित्य सम्पदाओ से अपरिचित है। ग्रामीण को यह बात नही है कि जम्मू कश्मीर, बगाल, बिहार, केरल व मद्रास की सस्कृति धम कैसा है लोग कैसे ह क्या भाषा बोलते है और कैसे रहते है, उनका व्यवसाय व शिक्षा दीक्षा क्या है। उक्त साम्स्कृतिक अवचेतना का ग्रामीणो मे होने का मूल कारण है, इन पर प्रकाशित होने वाले ग्रथो का ग्राम पुस्तकालयो तक न पहुँचना। ग्राम पचायतो के ग्रथालयो मे यदि ग्रामीण जनता को देश म प्रकाशित होन वाले विभिन्न धर्मो, सस्कृतियो व प्रादेशिक प्रगतियो से परिचित करान वाले ग्रथ व पत्र-पत्रिकाएँ उपलब्ध हो तो किसान, भारत म फल-फूल रही विभिन्न सस्कृतियो के बार म, उनके धम, खान पान व उनकी उन्नति से परिचित हो सकत है। और सस्कृति सबोध पा सकत है। डॉ श्रीनाथ सहाय ने सावजनिक ग्रथालयो के पास हमारे नागरिको को पढन के लिए ग्रथो की उपलब्ध सख्या क बारे मे लिखा है कि "पुस्तको के भण्डार की दृष्टि से भारत म सावजनिक पुस्तकालयो के पास 00 व्यक्तियो पर एक पुस्तक होती है।"[5] यह सख्या सस्कृति सबोध का ज्ञान कराने की दृष्टि से अत्यल्प है। पुस्तके सस्कृतियो की सवाहक होती है मानव इतिहास का दपण होती है अत विभिन्न विषयो की पुस्तको से युक्त ग्रामो के ग्रथालय कृषको के लिए साम्स्कृतिक आदान प्रदान के केन्द्र व बौद्धिक उत्पादकता के उपा-दान हो सकत है। सस्कृति-सगम के रूप म ग्रामो के ग्रथालयो को विकसित करना राष्ट्र की समृद्धि के लिए आवश्यक होगा अत इनकी उपयोगिता को समझा जाना अत्यावश्यक है।

(2) खाली समय का सदुपयोग—ग्रामीण कृषको एव कृषक परिवारो के पास अपन कृषि काय व खेती गृहस्थी के कामो के बाद काफी समय बठ ठाल व्यतीत हो जाता है। प्रमुख रूप से ग्रीष्म, वषा व ठण्ड की ऋतुओ म कृषको व खेतीहर मजदूरो को काम से लौटने के बाद काफी समय मिलता है जिसका उपयोग ग्रथालयो मे जाकर अच्छे अच्छे ग्रथो को पढने व ज्ञान बढान मे किया जा सकता है। एक समय था जब फुर्सत के समय ग्राम-वासी अपने आपको भजन कीतन, रामायण वाचन व कथा कहानी सुनने सुनाने मे व्यस्त रखा करत थ। आध्यात्मिक व धार्मिक प्रवृत्तियो मे लग ग्रामीणो को भी अब आधुनिकता से पनपी शहरी चकाचौंध व वैज्ञानिक प्रगति ने अपने पूव कृत्यो से विमुख कर दिया है। आज कल ऐसे काय कलाप म लोग ज्यादा दिलचस्पी नही रखत। किसान अपन काम यत्रो की सहायता से तथा आधुनिक उपकरणो के द्वारा जल्दी पूरा कर लत ह। अत आराम का समय पहले से काफी अधिक मिलता है। उनके समय के सदुपयोग के लिए उचित मागदशक की आवश्यकता आज और भी ज्यादा है। नही तो खाली समय को लोग उपयोगी तौर पर गुजारने के बदले उस बुरे कामो म नष्ट करते है। जनता खासकर ग्रामीण जनता को इस प्रकार गलत माग अपनाने से बचाने के लिए पुस्तकालय प्रभावशाली काय कर सकत हैं।'[6]

(3) दनिक जीवन मे उपयोगी साहित्य का अध्ययन—कृषक जितना कर्म (अनुभवी) होता है उतना पढ़ा नही होता फिर भी अनुभव के साथ साथ उसे उपयोगी विषयो के साहित्य का अध्ययन करने को मिल जाये तो शायद उसके जीवन और उसके कार्यों म चार चाद लग जाये, वह धन्य हो उठे। श्रम ने यदि उसे अनुभव म श्रेष्ठ बनाया है तो ग्रन्थ उसे अध्ययन व ज्ञान मे परिपक्व बना सकते है। अभी तक स्वास्थ्य की दृष्टि स वह जडी बूटियो, पेड-पौधो का दवाइयो के रूप म उपयोग करता आया है तो अब अनेक बिमारियो के प्रारम्भिक प्रकोपो से ही भयभीत है ऐसी स्थिति मे यदि घरेलू उपचार प्राथमिक चिकित्सा या प्राकृतिक चिकित्सा अथवा फल-फूल व सब्जियो द्वारा चिकित्सा की जानकारी उस स्थानीय पुस्तकालयो के रखे चिकित्सा सम्बन्धी ग्रन्थो से मिल जाती है तो वह बिमारी के प्रारम्भिक लक्षणो को जान प्रारम्भिक चिकित्सा का उपाय कर सकता है।

रोगो के फैलन के कारणो व उनसे बचने के उपायो का अध्ययन कर वह अपने परिवार को बचा सकता है। पशु बिमार हो गये हो या गाय भैंस दूध कम दते हो। फसलो म कोई रोग हो गया हो या खाद व रासायनिक उवरको को खेत मे डालने की सही विधि ज्ञात करना हो तो वह ग्र थालय मे उपलब्ध कृषि-साहित्य पशुओ की बीमारी और घरलू उपचार सम्बन्धी ग्रन्थादि को पढकर स्वय उनका निदान कर सकता है।

घर व खेती मे उपयोग मे लाये जान वाले कृषि यत्रो, मोटर, वाहन व बिजली उपकरणो को ठीक करने के लिए भी ग्रन्थालय मे सग्रहित ग्रन्थो से सुधारन की कला सीख सकते है। कहने का तात्पय यह है कि ग्रामीण पुस्तकालयो मे वह सभी साहित्य उपलब्ध हो जो दनिक जीवन को सवारने सजाने मे मदद करें, साथ ही कृषक जीवन की कठिनाइयो को दूर करने मे मदद करें। ऐसे साहित्य स भर भण्डार का सदुपयाग कर कृषक स्वय सिद्ध हो सकने म सफल हो सकते ह।

(4) धम, राजनीति व राष्ट्र से रूबरू होना—ग्रामीण जीवन आज भी धार्मिक आस्थाओ म जी रहा है, परन्तु अपन ही धम की परिधि का उसे पूर्ण ज्ञान नही है। अपन धम के साथ दूसरे धर्मो से तालमल बिठाने का अवसर उसे ग्रन्थालय म सग्रहित अनेक धम ग्रन्थ पुस्तको के अध्ययन स मिल सकता है। धर्मों की वास्तविकता स रूबरू हान का अवसर ग्रन्थालय दे सकते ह। धम से राजनीति का क्या सम्बन्ध है और देश की ताजा राजनीति मे देश हित म क्या-क्या परिवतन हो रहे ह इसकी जानकारी क लिए देश विदेश के प्रकाशित पत्र पत्रिकाओ के अध्ययन से लाभ होता है। प्रजातत्र प्रणाली म जागरूक नागरिक के क्या अधिकार तथा कत्तव्य है, राष्ट्रीय विकास म उसकी क्या भूमिका है, चुनाव प्रक्रिया की वास्तविकताएँ क्या है न्याय प्रणाली, कायपालिका व प्रशासनिक व्यवस्थापिका क्या है आदि बातो की जानकारी भी ग्रन्थालयो मे जाकर मिल सकती है। राष्ट्र म चल

रही सभी प्रकार की गतिविधियों से परिचित होने के लिए ग्रन्थालय वाचनालय म आने वाली, पारिवारिक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक धार्मिक व शैक्षणिक-विम्म की पत्रिकाओं स व्यवस्थित जानकारी प्राप्त हो सकती है। उद्योग व्यापार, कृषि व घर-बार की हलचलों का भी पता पत्र पत्रिकाओं के अध्ययन से लग सकता है। उपयुक्त सभी सुविधायें दिलाने म ग्राम पचायतो को जिला ग्रन्थालयो व प्रखण्ड पुस्तकालयो को मदद करनी चाहिए।

(5) स्वाध्याय व सतत-अध्ययन से ज्ञान अभिवृद्धि—शिक्षा एक जीवन पर्यन्त प्रक्रिया है जो आजीवन चलती रहती है और औपचारिक रूप से ली जाने वाली शिक्षा की पूर्ति म मदद करती है। इस प्रकार की सतत् शिक्षा के अवसर सार्वजनिक ग्रन्थालयो स प्राप्त किए जा सकते हैं। आज देश के प्रत्येक गावो म शिक्षा की व्यवस्था हो गई है। जो लोग पहले से साक्षर है, जिन्होंने बीच मे पढाई छोड दी है और जो नव साक्षर बनकर अपनी शैक्षणिक प्रक्रिया को जारी रखना चाहते हैं व ग्रामीण ग्रन्थालयो म जाकर प्रौढ शिक्षा केन्द्रो म भर्ती होकर अपने शैक्षणिक पिछडेपन को दूर कर सकते है। बिना स्कूली शिक्षा के भी स्वाध्याय द्वारा अपनी शैक्षणिक प्रगति को बढा सकते हैं। लोक ग्रन्थालय स चे अर्थो म जनता के खुले विश्वविद्यालय है जहा जाकर ग्रामीण स्त्री पुरुष व बच्चे सभी ज्ञानार्जन कर सकते है। "प्रौढ व्यक्ति जीवन के सभी पहलुओं का ज्ञान पाना चाहता है अत उन्हे एसी सरल भाषा के ग्रन्थ भी उपलब्ध कराये जाने चाहिए जिन्हे पढकर वे अपनी जिज्ञासा को शान्त कर सकें। यह काम सिर्फ ग्रन्थालयो द्वारा ही सभव हो सकता है।"[7] गावो में ऐसे ग्रन्थालय पचायतो व प्रौढ शिक्षा केन्द्रो से सम्बद्ध होकर ग्रामीण जनो का ज्ञान अभिवृद्धि मे सहायक होते है व होने चाहिए।

(6) सामदायिक व सास्कृतिक हलचल का केन्द्र—ग्राम पुस्तकालयो मे जब गाव की ही अनेक बिरादरी व समुदाय के लोग पहुचते है, तो उनका एक सामुदायिक सगठन कायम हो जाता है। उनमें एकता सदभाव व सहयोग की भावना जन्म लेती है। ग्रन्थालय में बैठकर विभिन्न ममलो पर जब चर्चा करते हैं तो उन्हे एक नया मार्ग मिलता है। नये मार्ग को प्रशस्त करने में ग्रन्थपाल ग्राम जनो को मदद करते हैं। जब कभी मेले उत्सव अथवा पुस्तक प्रदर्शनी या भाषण गोष्ठी, खेलकूद के समारोह आयोजित किये जाते हैं और उनमें ग्रामवासी अपने अपने धर्म समुदाय व जाति के सास्कृतिक व मनोरजनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत करते है तो उन्हे अपनी सस्कृति पर गर्व होता है। जब एक ही स्थान पर अनेक सस्कृतियो का जमघट होता है तब सास्कृतिक एकता के बीज प्रस्फुटित होते है। ये ही सास्कृतिक एकता के बीज राष्ट्रीय एकता को शक्तिशाली बनाने मे मदद पहुचाते है। ग्रामीणो को भी गर्व होता है जब वे बिना किसी भेदभाव के ग्रन्थालयो द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में एकजुट होकर भाग लेते है और उसे सम्पूर्ण मनोयोग से सफल बनाते है।

उपरोक्त सभी प्रकारो से ग्रामीण कृषक और उनके परिवारो खेतीहर मजदूरो, युवको व बच्चा के बौद्धिक विकास में ग्रन्थालय अपनी उपयोगी भूमिका निभाते हैं। ग्राम पुस्तकालया के उपयोग से गावा मे फैलने वाली सामाजिक व्याधियो मे बचा जा सकता है। बुरी आदता अपराधवृत्तियो व लडाई झगडो से दूर रहा जा सकता है। इन कुसस्कारा से भविष्य की पीढी को बचाकर उन्हे सुसस्कारित करने में ग्रन्थालया का साहचय भी लाभप्रद सिद्ध होगा।

सन्दर्भ सामग्री—

1 चौबे (सरयूप्रसाद) भारतीय शिक्षा की समस्यायें, आगरा, विनोद पुस्तक मन्दिर पृष्ठ 120।
2 चौबे (सरयूप्रसाद) भारतीय शिक्षा की समस्यायें, आगरा, विनोद पुस्तक मन्दिर पृष्ठ 125।
3 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, पटना, बिहार हि भ अका पृष्ठ 58।
4 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, पटना, बिहार हि भ अका पृष्ठ 58।
5 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, पटना, बिहार, हि ग्र अका 1980, पृष्ठ 69।
6 बगरी (एन डी) भारतीय ग्रामो मे पुस्तकालय लेखक की पुस्तक, पुस्तकालय पद्धति इलाहाबाद, नीलम प्रकाशन, 1973, पृष्ठ 5।
7 कालभोर (गोपीनाथ) सतत् शिक्षा के लिए ग्रन्थालय, साहित्य परिचय (मा) आगरा, विनोद पुस्तक मन्दिर पृष्ठ 5।

———

9

युवा कृषक मन और पुस्तकालय प्रसार

सामुदायिक विकास एवं पंचवर्षीय योजनाओं ने भारत को पिछले बीस वर्षों में कृषि, शिक्षा, उद्योग, व्यापार, विज्ञान एवं टक्नालाजी में बहुत कुछ आत्म-निर्भर बनाया है। शिक्षा जिसे राष्ट्रीय विकास की आधारशिला माना जाता है, देश में विशाल पैमाने पर फैली, लेकिन जनसंख्या की बढ़ती हुई दर के कारण साक्षरता का औसत स्तर बढ़ने की बजाय गिरता गया, बेरोजगारी फैलती गयी। शासन ने शिक्षित बेरोजगारों के लिए अप्रेन्टसशिप योजना, उद्योग ऋण व कृषि ऋण की सुविधा प्रदान की किन्तु समस्याओं का हल नहीं निकल सका। बेरोजगारों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

ग्रामीण शिक्षित युवा वर्ग पिछले दस वर्षों से शहर की ओर दौड़ रहा है। खेती भाग्य भरोसे जो उत्पादन दे रही है वही बहुत है। किसान के बच्चों को पांच आठ कक्षा तक की पढ़ाई ने बौद्धिक स्थिरता प्रदान नहीं की और न ही सुधरी खेती के तरीकों से वे अवगत हो पाये। शहरी जिन्दगी के सम्पर्क ने उनके रहन-सहन, खान पान एवं मनोरंजन के दृष्टिकोण को बदल दिया है। संगठित परिवारों में विघटन हो रहा है, पुरानी प्रथायें टूट रही हैं जमीन के छोटे छोटे टुकड़ों का भी बँटवारा हो रहा है।

वर्तमान वैज्ञानिक प्राद्योगिकी, सघन कृषि कार्यक्रम के युग में जब उसने अपनी कृषि को दुनिया का सबसे श्रेष्ठ कार्य एवं सुखी जीवन का आधार बनाया है तो उसे अच्छे कृषि साहित्य, उद्योग समाचार साहित्य ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजनात्मक साहित्य की नितान्त आवश्यकता है। कृषक युवकों का ध्यान शहरी रुझान के साथ-साथ देश की राजनीति में भी बढ़ता जा रहा है। उनके पठन की मनोवृत्ति ने समाचार-पत्रों कृषि एवं मनोरंजन सम्बन्धी पत्रिकाओं के स्थान पर जासूसी एवं अश्लील साहित्य की पुस्तकों को अपना बौद्धिक स्तर बढ़ाने का साधन बना लिया है। युवकों के चारित्रिक एवं बौद्धिक विकास के साथ ही औद्योगिक व कृषि विकास से सम्बन्धित साहित्य सामग्री उपलब्ध न होने से उनका मानसिक स्तर रुका होता है एवं वे अपनी परम्परागत कृषि को ही महत्त्व देकर तसल्ली कर लेते है।

हम जानते हैं कि देश में अभी भी पूरी जनसंख्या का चालीस प्रतिशत भाग ही साक्षर है। साठ प्रतिशत लोग आज भी पूर्णत शिक्षित नहीं है। ग्रामीण भारत में जिन योजनाओं का विकास प्रथमावस्था में दशक की गति से गाँव नगर,

शहर, जिला सभाग प्रदेश एव दश के क्रम मे होना चाहिये था वह सवप्रथम शहरो से प्रारम्भ हुई और गावा तक पहुँची भी नही थी कि मानवीय दुगु णा की क्रूर चपट मे आनी गयी। गांधीजी का कहना था "हम गावो से शहर की ओर बढना ह गावा म ही सवप्रथम, शिक्षा, कृषि विनान एव उद्यागा की प्रयोगशालाओ का निमाण करना है । किन्तु यह नही हुआ। आज तक जा भी योजनाएँ, परियोजनाए क्रियान्वित की गई उनका केन्द्र शहरा को बनाया गया और उनके आसपास के दस-बीस गावा का ही अपन कायक्षेत्र के अन्तगत लिया गया और वर्षों तक इनम प्रयोग चलत रह। इसलिए विकास याजनाएँ गावा की तकदीर व तस्वीर नही बदल सकी। प्रौढ शिक्षा एव साक्षरता कायक्रम काफी समय पहले शुरू हुए थे किन्तु साक्षरता का औसत स्तर चालीस प्रतिशत से अधिक नही हो सका। जो कुछ सुविधाए जुटायी गयी व अस्सी प्रतिशत ग्रामवासियो के हित मे न होकर बीस प्रतिशत शहरी क्षेत्रो मे ही बँटकर रह गई।

गाधीजी तो भारत की आत्मा गावा का मान चुके थ। अत उन्होने सहकारिता की भावना गावा म काय करने को बताया था। इसी के अनुरूप देश मे सहकारिता आन्दालन, प्रशिक्षण समितिया एव सहकारी शिक्षा परियोजनाओ का निमाण हुआ था। साग समितियो से ग्रामीणा को लाभ पहचाना था। 1952 म पुस्तकालय वितरण अधिनियम एव ग्रामीण पुस्तकालय विकास काय क्रम से ग्रामीण जनता म अध्ययन को प्रोत्साहन देन एव उनके बौद्धिक स्तर को विकसित करन का प्रयत्न हुआ था लेकिन यह शिक्षा प्रसार काय भी सिफ जिला ग्रन्थालया तक सीमित रह गया। नेहरजी का कहना था कि ग्राम पुस्तकालयो का जाल बिछा दिया जाना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति अशिक्षित न रहे और पढने स वचित न हा सक। ग्राम पचायतो ने पुस्तकालय-व्यवस्था पर कोई ध्यान नही दिया और न ही शासन ने।

वतमान भारत का शिक्षित युवा कृषक अब अज्ञान के अ धकार मे निकल रहा है शहरी चकाचौंध को अपने चारो तरफ देखना चाहता है, ग्रामीण औद्योगीकरण, कृषि विकास काय, तकनीकी प्रशिक्षण एव अनुसधान काय की ललक उसके मस्तिष्क मे कौध रही है। सहकारी शिक्षा परियोजनाएँ जो विभिन्न प्रान्ता म प्रारम्भ की गयी ह, युवा कृषक विकास का सराहनीय काय है। इसक द्वारा युवा कृषको को भूमि परीक्षण, खाद का सही उपयोग-पौधे व फसल सरक्षण कीटनाशक दवाओ का प्रयोग, पशु रोगा की जानकारी मुर्गी, भेड-बकरी पालन सूअर-पालन उद्योग, कुटीर उद्याग एव सुधरे हुए कृषि औजारा एव उन्नत बीजो के चुनाव का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका की ग्राम विकास योजना बका की कृषि विकास सहायता कृषि एव अनुसधान आयाग की सर्वेक्षण एव अनुसधान प्रक्रिया सभी ग्रामीण विकास मे आशिक रूप स सहायक हो सकती ह लेकिन किसान की मानसिक शान्ति केवल धम म ही नही हागी और

न ही लम्बे चौडे प्रशिक्षण मात्र से। आज का युवा कृषक अन्धानुकरण का आदी नही है, वह किसी भी काय को करने या अमल मे लाने मे पहले उसके बारे मे जानना, अध्ययन करना एव मनन करना चाहता है, तदोपरान्त वह उसका क्रियान्वयन चाहता है।

सैद्धान्तिक रूप से थोप गये कार्यो से कृषि क्षेत्र मे तरक्की के आसार कम नजर आते हैं। युवा कृषको को दिये जाने वाले प्रशिक्षणो के व्यावहारिक पक्ष का जहा तक प्रश्न है वह कृषि विकास म निश्चित ही सहायक है किन्तु सैद्धान्तिक दृष्टि से कृषि साहित्य की कमी उनके सफल कृषि प्रयोग मे विघ्न पैदा करती है। अत जिस विषय म युवको को प्रशिक्षण दिया जाना है उस विषय म विस्तृत कार्यक्षेत्र, शोध एव अनुसधान सुविधा, खोज व परिवतन सम्बन्धी साहित्य पढने की सुविधा युवा कृषको के लिए हो तो वे उक्त योजनाओ, विकास कायक्रमो का सही लाभ लेकर व्यावहारिकता मे उपयोगी बना सकते है। कुछ वष पूव सारे देश मे नव युवका मण्डलो का गठन किया गया था। जिसमे नव युवको एव कृषको की खेलकूद, सगीत नाटक, कला एव अध्ययन सुविधाएँ प्रदान की गयी थी। पचायतो की निष्क्रियता की निष्क्रियता से न खेल के मैदान बने, ना नाटय मण्डलिया जीवित रही और न ही युवको को पुस्तकालयो का लाभ मिल सका। इसका प्रमुख कारण गावो मे दलगत राजनीति का होना रहा। कुछ प्रयोग व्यावहारिक रूप से अपूण रहे और कुछ सैद्धान्तिक रूप से असफल रहे। हम यह अच्छी तरह जानते है कि शिक्षक अपने विद्यार्थियो को सिर्फ कक्षा मे पढा ही सकते है लेकिन अगर वह पुस्तको की पहुँच से दूर रखे या पुस्तको को पढाने की सुविधा उसे नही मिले तो वह कैसे अपने गुणो का परिचय दे पायेगा उसे अध्ययन के दौरान पुस्तको का सहारा लेना ही पडेगा। ठीक यही हाल उन युवा कृषको का है जिन्हे उन्नत कृषि करना है, मशीनो का उपयोग करना है उद्योग धन्धो को चलाना है किन्तु उचित माग दशन एव विषय साहित्य के अभाव म असमथ है। उद्योग एव कृषि अनुसधान काय की जिज्ञासा अपूण रह गयी तब युवा मन कहाँ भटकेगा क्या करेगा।

आज मजदूर, किसान युवा विद्यार्थी-सभी को किसी काय को करने के पूव उसकी अधिकाधिक जानकारी हासिल करना आवश्यक हो जाता है। तकनीकी ज्ञान की कमी एव यथोचित साहित्य की अनुपलब्धि मे युवा कृषक यह नही जानता कि क्या करना है। जिसने पढा ता है लेकिन आत्मसात नही किया दुविधा म फँस जाता है। गाँव म पुस्तकालय सुविधा भी नही होती कि वे हल ढूँढ सके। कृषि काय छोडकर शहर जाकर कृषि विशेषज्ञो या जानकार अधिकारियो से भी वह मिल नही पाता है। ऐसे अवसर पर युवको को अपनी अधूरी शिक्षा, अपूण व्यवस्था एव अविकसित क्षेत्र पर क्षोभ होता है। यह एक अभिशाप ही है कि वे इस तरह शिक्षित होकर भी अशिक्षित होकर ह अविकसित रह और फिर भी सफल होने की कोशिश म मेहनत करें और भूखा मरें।

शिक्षा का ले तो दखेंगे कि देश के प्रत्यक व्यक्ति को साक्षर करने का भरमक प्रयास चल रहा है यह निहायत जरूरी है। गाव-गाव म सहकारी समितियाँ कृषि सवा केन्द्र, कृषि अनुसधान एव विकास केन्द्र लघु एव कुटीर उद्योगा के निमाण की योजनाएँ है। कहीं ऐसा न हो कि फिर वही पुराना इतिहास दोहराया जाये गाव जहा है वही रह सिर्फ शहरी क्षेत्रो को ही लाभ मिलता रह। एसी कम सम्भावनाएँ हैं, बदलत भारती परिवेश म ग्रामीण पुनर्निर्माण की कल्पना शायद गावो की काया पलट कर दे। शिक्षा के गुणात्मक विकास म तो वृद्धि नहा हुई ह किन्तु प्रौढ शिक्षा एव साक्षरता अभियान क द्वारा ग्रामीण जनता म अध्ययन की रुचि अवश्य बढेगी। देश का आर्थिक रूप से आत्म निभर बनाने क लिए एव राष्ट को अपन परो पर खडा करने के लिए, चाहे वह युवा कृषक हो, चाह विद्यार्थी या बुजुग, उसके अध्ययन की अभिरुचिया का ध्यान रखा जाना आधुनिक सदभ म नितान्त आवश्यक है। ग्रामीण युवको पर योजनायें थोपन से अधिक अच्छा है उन्ह स्वच्छिक बाध का चयन करन दिया जाय क्योकि युवा कृषक आदि अधिक पढ लिखे नहीं ह और न ही पढन जाना चाहत ता उनको दैनिक अध्ययन की सुविधा पुस्तकालयो से दी जानी चाहिए ताकि उनका बौद्धिक सन्तुलन कायम रखा जा सके। समग्र ग्राम विकास कायक्रमो म ग्रामीण पुस्तकालया के निमाण पर भी कुछ साचा जाय तो बुरा नहा है।

जिन प्रदशा म शिक्षा का प्रबन्ध अच्छा है उनमे शिक्षा सस्थाओ म अध्ययन की व्यवस्था पर नजर दौडायें तो पता चलता है कि जहाँ भी पाठशालाओ म विद्यार्थियो के लिए पुस्तकालय खोले गये हैं उन सस्थाओ ने शिक्षा सत्रो के दौरान कभी भी पुस्तकालयो के द्वार नही खोले। जैसा कि "निमान' म प्रकाशित एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि देश के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो मे पुस्तकालय बहुत कम ह और जहा भी हैं उन स्कूल पुस्तकालयो के ताले सदव ही बन्द रहते है। कहीं कही पुस्तकालय स दूक म बन्द हैं ता कहीं कहीं रद्दी के ढेर के रूप मे सीलन भरे कमरों म।

जब शिक्षा के मन्दिरा की यह दशा है ता गाव-गाव पुस्तकालय निर्माण की योजना कितनी सफल हो सकती है इसका अनुमान हम भलीभाति लगा सकत ह। फिर भी युवा कृषको, बच्चा एव महिलाओ के मानसिक हित को ध्यान म रखते हुए एव योजनाओ के क्रियान्वयन को दनिक जीवन म आत्मसात करन के लिए पुस्तकालय प्रसार को महत्त्व दना होगा। उन अस्सी प्रतिशत क्षेत्रा मे लोगो को पढने की सुविधा सत्साहित्य से दी जाना चाहिए। योजनाओ की सफलता स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण मे फले फूले इसके लिए आवश्यक है ग्रामीण विकास साहित्य का निमाण हो एव उनके समीप तक पहुँचने म सुगमता हो।

भारत के प्रमुख प्रकाशक एव अखिल भारतीय पुस्तक प्रकाशक महासघ के निदेशक श्री कृष्णचन्द बेरी ने ग्रामीण विकास हेतु साहित्य निमाण पर बल द

हुए लिखा है कि ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे कृषि विकास, उद्योग, कुटीर उद्योग आदि व्यवसायों पर उपयुक्त साहित्य लिखा एवं प्रकाशित किया जाना चाहिए। ऐसा करने से जनता अध्ययन को महत्व देगी साथ ही अपने व्यवसाय की कठिनाइयों को दूर करने में भी सामर्थ्यवान बनेगी।

इस प्रकार का साहित्य निर्माण होने पर उसे गांव गांव पहुँचाना निहायत जरूरी हो जायेगा जिसके लिए पुनः पुस्तकालयों के प्रसार एवं विस्तार पर सोचना पड़ेगा। यदि यह सम्भव होगा तो ग्रामीण जनता को अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, युवा कृषकों को कृषि कार्यों में एवं राष्ट्रीय गतिविधियों को जानने में सहायता मिलेगी। युवा मन को उस योग्य बनाया जाना चाहिए कि वह अपने व्यवसाय के प्रति सहर्ष आत्मार्पित हो जाय, सारी सुविधाओं को प्राप्त कर उसका हृदय कमल सदैव खिलता रहे योजनाएं उसके पदचिन्हों पर चलें न कि उसे योजनाओं के क्रियान्वयन में खपना न पड़े। पुस्तकालय प्रसार के माध्यम से गांव गांव वह समाचार व साहित्य पहुंचाना जरूरी है जिससे वैचारिक क्रान्ति जन्म ले और सम्पूर्ण क्रान्ति का नारा घर-घर द्वार द्वार गूँजने लगे। ऐसा मौका युवा जनों को न आये कि छोटे छोटे कामों के लिए उन्हें सदैव अधिकारियों के पास दौड़ दौड़ कर जाना पड़े। सहकारी संस्थाओं के साथ ऐसे न हों कि किसान उनकी शरण में जा जाकर अपने माथे रगड़, व अधिकारियों के शिकंजों में जकड़े न जाय। युवा कृषकों की समस्याओं का समाधान उनके शिक्षित होने में है, अध्ययनशील और कार्य के प्रति निष्ठावान होने में है। युवा कृषकों को अध्ययन और अनुसंधान की सुविधा पुस्तकालयों के द्वारा दी जानी चाहिए। ग्रामीण औद्योगीकरण, कृषि एवं तकनीकी अनुसंधान की बात आज बहुत जोर पकड़ रही है। इसके पीछे भारत के समग्र गांवों के विकास की कल्पना है। उद्योग खुल जाये, बेरोजगारी समाप्त हो जाय और अनुसंधान परियोजनाओं में सफलता मिल जाये तो देश के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। एक आश्चर्यजनक क्रांति होगी। किन्तु मानसिक शांति नहीं मिली, स्वाध्याय की सहूलियत प्राप्त न हुई तो युवा मन पर आये संकट का क्या होगा, कह नहीं सकते। सभी का बहुमुखी ध्यान ग्रामीणीकरण, तकनीकी कृषि विकास, सहकारी शिक्षा विकास एवं बेरोजगारी समस्या समाप्त करने के साथ ही ग्राम ग्राम पुस्तकालयों एवं अध्ययन स्थलों की स्थापना की ओर भी हो तो गांवों पर फैलते अज्ञानता के बादल हटते जायेंगे एवं विकास के पथ में नया सूर्य उदित होगा जिसके प्रकाश में शहर एवं ग्राम एक से चमकेंगे विषमता की दूरियां समाप्त होगी।

युवा कृषकों को कृषि कार्य में आने वाली रुकावटें कृषि साहित्य एवं समाचार के अध्ययन से दूर हो सकती है, बशर्ते उनकी समस्याओं का मानसिक तुष्टि से समाधान निकल जाय। पुस्तकालय प्रसार सुविधाओं के लिए युवा वर्गों के सेवा की भी प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्मठों

चाहिए कि वे गावो म वाचन कक्षा की स्थापना पर बल दे, निरक्षरता को समाप्त करने मे ये कक्ष भी सहायक होग। अखिल भारतीय विद्यार्थी सघ ने ग्रामोत्थान का जो बीडा उठाया है वह बहुत प्रशसनीय है। गावो की सभी समस्याग्रो का समाधान तो क्रमश निकाला जा सकता है, परन्तु जनता को पहले समझदार बनाकर योजनाग्रो की कायविधिया म रुचि लेने के लिए भी प्रेरणा मिलनी चाहिए। देश की ताजी राजनीति, ग्राथिक एव सामाजिक दशा सभी की सम्यक जानकारी उसे मिलती रह तो निश्चित ही युवा कृषक एव नागरिक देश क विकास मे रुचि लेंग। इसके लिए पुस्तकालयो मे ग्रामीण विकास एव राष्ट्रीय गतिविधिया से युक्त साहित्य पहुँचाया जाना ग्रावश्यक होगा। पुस्तकालय प्रसार सुविधा से ग्रामीण युवा कृपको एव ग्रन्य लोगो को निम्न प्रकार से लाभ पहुँचाया जा सकता है।

1 निरक्षरा को साक्षर बनाने मे 2 देश मे होने वाले कृषि ग्रनुसधान, उद्योग व्यापार की खबरें हासिल करन म 3 प्रशिक्षित युवका मजदूर,व किसाना एव शासकीय सेवका को ग्रध्ययन के सुग्रवसर उपलब्ध करान म। 4 ग्रध्ययन गोष्ठियो से समस्याग्रा का समाधान निकालन मे। 5 जनता की ग्रध्ययन प्रवृत्ति को प्रोत्साहन दने मे। 6 बौद्धिक केन्द्रा का विकास करने म। 7 शोध एव ग्रनुसधान की प्रेरणा को प्रोत्साहन दिलान म। 8 नारी जागरण एव राष्ट्रीय निमाण म सहायता पहुँचान म। 9 समग्र ग्राम विकास को ग्राधार दिलाने मे। 10 पुस्तकालय उपयोग के महत्त्व को सामान्य जन भी जान सकेंग।

उपरात्त मुद्दो को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि घर घर क्रान्ति लान म नानागार ग्रन्थालय बहुत उपयोगी सिद्ध हागे। यद्यपि पुस्तकालय प्रसार की ग्रावश्यकता को ग्राज तक ग्रनुभव नही किया गया है जबकि यह ग्राम की ऐसी इकाई सिद्ध हो सकती है जहा समग्र ग्राम की भावनाग्रो को तैयार परखा एव ग्रनुभव किया जा सकता है।

शासन एव जनता दोनो को ग्रपने उत्तरदायित्वो का निर्वाह करना चाहिए ताकि भावी भारत के पुन निमाण की कल्पना को साकार रूप प्रदान किया जा सके।

---

10 पुस्तकालय प्रचार की आवश्यकता

विषय की विधिवत् व्याख्या करने के पूर्व पाठकों से आग्रह करूँगा कि वे इस नये प्रचार पर आश्चर्य न करें। जन सामान्य यह न सोचें कि जीवन की अनिवार्य वस्तुओं के प्रचार से तो हमारी आत्मसंतुष्टी नहीं हो रही है तब यह पुस्तकालय प्रचार हमारी किस आवश्यकता की सन्तुष्टि करेगा। लिखना, यह भी एक प्रकार का पुस्तकालय प्रचार ही है। जब जिज्ञासु पाठक पुस्तकें व पत्र पत्रिकायें प्रतिनिधियों पुस्तक विक्रेताओं, पान ठेलों सामान्य पुस्तक स्टालों से प्राप्त नहीं कर पाता है तब उसके मस्तिष्क का एक तार झंकृत होता है और उसके पग सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यालयीन पुस्तकालय महाविद्यालयीन पुस्तकालय एवं विश्वविद्यालय पुस्तकालय के द्वार की ओर बढ़ जाते हैं। यह प्रायः जिज्ञासु पाठक के शैक्षणिक स्तर पर निर्भर करता है कि वह किस पुस्तकालय से प्रभावित है, और किस पुस्तकालय का नाम या सेवा कार्यों के गुण उसने सुन रखे हैं तथा वह किस संस्था के पुस्तकालय का सदस्य है या बनना चाहता है।

यह इतना आसान नहीं है कि सभी व्यक्ति पुस्तकालय के सदस्य बन ही जावें और उन्हें पूर्ण सन्तोष प्राप्त हो। कारण स्पष्ट है कि मानव के समक्ष उसकी आर्थिक सामाजिक सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं ऐतिहासिक स्थितियों का पहाड़ खड़ा होता है जिसका सामना करने के उपरान्त वह इस योग्य नहीं रह पाता कि वह पुस्तकालय जैसे ज्ञान गृह तक पहुंचकर अपना मानसिक तनाव कम कर सके। तात्पर्य यह कि पुस्तकालय-सेवा उनके लिए उतनी सुगम और सुलभ नहीं है कि वे आसानी से उसे जीवन निर्वाह में उपयोगी बना सकें।

विकास के युग में मानवीय ज्ञान ने जितनी सुख सुविधाओं के उपादान खोजे हैं उनमें बौद्धिक-स्तर को सक्षम बनाने के लिए पुस्तकों का निर्माण, विविध विषयों की खोज एवं पुस्तकालयों का विकास एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जिस प्रकार मानव शरीर को शक्तिशाली बनाने के लिए खाद्य पदार्थ की अनिवार्यता मानी गई है तद्नुरूप ही मानस को शक्तिशाली बनाने के लिए पुस्तक एक ऐसा उपकरण है जिसके अध्ययन से मानव मस्तिष्क की बौद्धिक भूख शान्त हो सकती है। पठनीय प्रचार का प्रारूप विविध विषयों के प्रकाशन का परायण है।

मानव इस बौद्धिक-क्षुधा को मिटाने हेतु जाने क्या-क्या उपाय खोजता है और चाहे जैसे भी हो पुस्तक प्राप्त करके पढ़ने का प्रयत्न करता है। जब तक

वह ग्रथ का पारायण नहीं कर लेता चन नहा पाता है। पेट की भूख मनुष्य को मिटाने का कारण है तो मस्तिष्क की भूख भी मनुष्य की उत्तेजना का कारण बन सकती है।

अत पुस्तकालय म जाकर पुस्तका म याग आज की महत् आवश्यकता बन गई है। निम्न परिवार से लेकर उच्च परिवार क लोगा के लिए बिना किसी भेद भाव के ऐसे अध्ययन के आधुनिकतम साधन जुटायें कि सहज भाव स सुगमता पूवक, अमीर-गरीब, सूने अछूत बूढे-बच्चे, अन्धे-बहरे, लूले लगडे सभी प्रकार के व्यक्ति पुस्तकालयो का लाभ प्राप्त कर ज्ञानाजन कर सके।

वतमान म विकसित पुस्तकालया की सख्या अल्प है। सावजनिक एव व्यावसायिक पुस्तकालया का देश भर मे जाल बिछा हुआ है, फिर भी वे पुस्तकालय अपने लक्ष्य का पूरा नही कर पा रहे है। सावजनिक पुस्तकालया की सवायें पाठका के शक्षणिक स्तर के मान स ठीक है किन्तु उनमे वैज्ञानिक तकनीका का अभाव पुस्तकालय व्यवस्थापना की कमी का दशाता है। ग्राम पाठक इनका उपयोग नहीं कर पाते है क्याकि इनकी वास्तविक वस्तु स्थिति का ज्ञान उन्ह नहीं हाता है। अत यह अनिवाय रूप से मान लेना चाहिये कि सावजनिक पुस्तकालया क भवनों का निर्माण ऐसे स्थान पर हा जहाँ जनसमूह अत्यधिक मात्रा में अपना समय व्यतीत करता हा, जहाँ गड खड ऊबकर उसकी पढ़ने की तीव्र अभिलाषा हा।

ऐसे स्थल बाजार बगीचे, चौराहा, मोटर स्टण्ड या पब्लिक मिटिंग स्थल हो सकते हैं। यह तो हुई भवनो के निर्माण स्थल की बात, द्वितीय भवन के कक्षों म अध्ययन की आराम देह सुविधा हो, अच्छे-अच्छे ग्रथ हो, और विशिष्ट बात यह हो कि वाचनालय कक्ष के सडक के किनारे वाल भाग से शीश की खिडकिया से बने हो जिसमे अध्ययनरत पाठक चलने फिरने वाले व्यक्तियो का दिखाई दे और सहज ही उनका मन भी पुस्तकालया को देखने के लिये लालायित हो जाये।

जिस प्रकार विक्रेता अपनी बहुमूल्य वस्तुआ व उपकरणो को बचन हेतु अपनी दुकान को अति आकषक बनाता है, जिसे दखकर स्वाभाविक रूप से क्रेता उन दुकानो की ओर दखकर मन्त्रमुग्ध हो जात है ठीक उसी तरह ही पुस्तकालया की बनावट ऐसी हो कि जन सामान्य उसे दखकर आकर्षित हो, आकर पढने का दो मिनट के लिये अवसर दे। इस प्रकार की पुस्तकालय सवा नि शुल्क हो ताकि पुस्तका का उपयोग अधिक से अधिक हो। ताजा राजनीति देश विदेश की हलचलो से सामान्य लाग भी पढ़कर अवगत हाते रहे और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यवहार म रुचि ले और अपने अस्तित्व को देश के निमित्त जानने मे समथ हो सके।

लेकिन आज व्यवसायिक पुस्तकालया का लक्ष्य अधिक से अधिक घटिया किस्म के उपन्यासो की बिक्री मात्र है, यह एक प्रवृत्ति हो गई है कि उपन्यासा को पढ़कर ही हम अपना बौद्धिक स्तर ऊँचा उठा सकते है किन्तु अच्छ अध्ययन के लिये य कोई

अच्छे साधन नही है न लक्षण। शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए गाव-गाव, शहर शहर पुस्तकालयो की आवश्यकता है।

हमारे देश मे इन पुस्तकालया के इतिहास का भविष्य अभी तक बहुत अ धकार मे रहा है। अभी तक एसे कोई साधन नही अपनाये जा रहे है कि पाठको म सहज भावना की जाग्रति हो सके और न ही सहज रूप से पुस्तकालयो की उपलब्धि हो रही है जिनका पूर्ण लाभ उन्ह मिल सके।

भारत मे स्थित विदेशी पुस्तकालय जैसे ब्रिटिश कौंसिल लायब्रेरी, यू एस आइ एस पुस्तकालय आज देश के महत्वपूर्ण पुस्तकालया के रूप मे अपनी सेवा दे रहे है जिनके सामने भारतीय पुस्तकालयो की स्थिति, कार्यक्षमता एव सेवा क्षेत्र फीके होते जान पडते है। दूतावासा के पुस्तकालयो का अपना अभिन्न स्थान बन गया है जिन्ह जासूसी अड्डो का रूप माना जाता है। ये पुस्तकालय अधिक से अधिक सेवा देकर हमारा लाभ पहुँचाते है तो देश मे जासूसो का जाल फैलाकर हमे दुख भी पहुँचाते है। विगत कुछ वर्षो से इस प्रकार की घटनाएँ सामने आई है जो भारत के लिये एक कष्टप्रद बात है। इनके विरुद्ध कदम उठाये जाने चाहिये।

हमे चाहिये कि साक्षरता के विकास मे पुस्तकालयो का उपयोग अधिक से अधिक करें। सुधरे हुए वैज्ञानिक तरीको से निर्मित पुस्तकालया-उपकरणों एव पद्धतिया को अपनाये ताकि पुस्तकालय सेवायें जन सुलभ होकर अधिक प्रचलित हो।

उपरोक्त बाता को पूर्ण करने हेतु हमे जन साधनो का प्रयोग करना होगा जिससे पुस्तकालयो के प्रचार म सुविधा हो और उक्त आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। पुस्तकालय प्रचार के लिये हम निम्नाकित बातो पर [illegible] आवश्यक होगा।

शक्षणिक सस्थाओ के लिए वतमान मे प्रात 8 [illegible] 11 बजे तक पढने की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए [illegible] स्तर एव सर्वोत्कृष्ट साक्षरता के प्रतिशत का [illegible]। [illegible] उपरोक्त कुछ बातो के लिए सतत् प्रयत्नशील है, [illegible] दृष्टिकोण को मद्देनजर रखत हुए शनै शनै [illegible] है, समय को इसका इन्तजार है।

पुस्तकालय वार्ता—जहा [illegible] है, [illegible] पर पुस्तकालय की गतिविधियो स सम्बन्धित [illegible], [illegible] होने वाले परिवतना, उसकी पद्धति [illegible] को मिले। पुस्तकालय के [illegible] द्वारा इस प्रकार की गोष्ठि [illegible] म पाठक पुस्तकालय [illegible] हृदयगम करेंगे।

वार्ता, विषय से सम्बन्धित विद्वानो द्वारा सम्पन्न होनी चाहिये, ताकि उपयुक्त विषय की गहन पैठ मे उतरकर विद्वान वक्ता पाठको का मन सम्मोहित कर ले और बार बार विषय की अच्छाइयो को सुनने मे आगन्तुक पाठक का मन लालायित हो। यह विशेषता भी पुस्तकालय प्रचार का महत्वपूर्ण सहयोगी अंग है।

रेडियो वार्ता– भारत वष मे रडियो के आने से प्रचार साधनो की बाढ सी आ गई है सभी प्रकार के औद्योगिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक, राजनैतिक ऐतिहासिक गतिविधियो के प्रचार रेडियो के माध्यम से होने लग हैं शिक्षा के क्षेत्र मे भी केन्द्रीय एव राज्य स्तर पर विभिन्न विषयो पर शैक्षणिक-वार्ता रडियो द्वारा प्रसारित होती है, जिससे देश विदेश मे होने वाले अनुसधान, नये विषयो के आगमन की जानकारी के साथ ही उन पर शिक्षाप्रद लेख की प्राप्ती हमे होती है। किन्तु खेद हमे यह ह कि कोई शिक्षक या वक्ता विद्वान अपन भाषणो व वार्ता मे कभी इस प्रकार स नही कहते है कि इस प्रकार के अध्ययन हेतु पुस्तकालयो की शरण जाकर उन विषयो पर खोज करना चाहिये। कुछ अनुसन्धित्सु विद्वान पाठक एस होत है जिन्हे ग्रन्थवर्णना, इण्डक्स, एवस्ट्रेक्ट की जानकारी ही नही होती और व पी एच डी भी प्राप्त कर लेत ह जबकि पुस्तकालयो म इन्हें बिना देखे निर्धारित विषय पर पूर्ण सामग्री की जानकारी हो ही नही हो सक्ती है। अत यह वतमान मे अत्यन्त आवश्यक है कि रेडियो के माध्यम से पुस्तकालय सेवाओ की वार्ताओ का आयोजन किया जावें तभी अनुसधान के विविध नवीन क्षेत्रो म सफलता मिलेगी। रडियो वार्ता म पुस्तकालयो से होन वाले लाभ, उनकी सेवाओ के क्षेत्र, उनकी विशेषतायें एव वैज्ञानिक युग मे उनकी आवश्यकताओ पर प्रकाश डाला जाना आवश्यक है, आज यह साधन खर्चीला अवश्य है किन्तु प्रचार के दृष्टिकोण से बहुत उपयोगी एव महत्वपूर्ण है।

फिल्म प्रदशन—फिल्म स्टाइल के माध्यम से 'पुस्तकालयो की सेवा, सम्बन्धी प्रचार किया जा सकता है शासन का यह कत्तव्य होना चाहिए कि जिस प्रकार धूम्रपान, नशाबन्दी, छुआछूत के स्लाइडस छविगृहो मे दिखाने की व्यवस्था रखते हैं उसी प्रकार से एक पक्ति यह भी दिखाने का आदेश होना चाहिये कि "पुस्तकालयो से लाभ उठाइये" या "पुस्तको को जीवन का अग बनाइये' "पुस्तकालय चलो' इत्यादि। इस प्रकार के प्रदशन से दशको मे पुस्तकालय के प्रति मोह होगा और वे जाने का प्रयत्न करेंगे। दूसरा तरीका यह भी हो सकता है कि विद्वान पुरुषो ने जो समय पुस्तकालयो मे व्यतीत किया है उसका चल चित्र प्रदर्शित करना चाहिये। पुस्तकालयो म अध्ययनरत शोधकर्त्ताओ के चित्रो को एक पूरे फलक पर प्रदर्शित करना चाहिए और पढने से मिलने वाली योग्यता का परिणाम सहित उसके चित्र का प्रदशन आवश्यक है। इन्ही प्रदशनो के माध्यम से युवा वग म प्रतिस्पर्धा की भावना जाग्रत होगी और पढने म अधिक रुचि लेन लगेंगे। यह काय सूचना एव प्रसारण मन्त्रालय के द्वारा अधिक सुविधा जनक हो सकता है।

विज्ञापन—समाचार पत्रो पत्रिकाओ मे यह आवश्यक सकेत दिया जाना चाहिये कि पुस्तकालयो से देश की सस्कृति और सभ्यता का पता लगता है। साक्षरता का माप उस देश म निहीत पुस्तकालयो से होता है। विभिन्न प्रकार के कोटेशन लिखे जा सकते है जैसे—

पुस्तकालय ही सच्चे विश्वविद्यालय है। पुस्तकालय ज्ञान का कल्पतरू है इससे जो मागोगे वही मिलेगा। महान बनने की प्रयोगशाला पुस्तकालय है आदि आदि। इस प्रकार के विज्ञापन अवश्य ही पुस्तकालय प्रचार म सहायक होगे और उसकी आवश्यकताओ को समाज के सामने प्रतिबिम्बित करेंगे। बडे-बडे लिखे पोस्टर एव पम्पलेट दिवालो पर चिपका कर भी विज्ञापन किया जा सकता है।

पुस्तकालय सघो की स्थापना—यह तत्व पुस्तकालय प्रचार का अनिवार्य साधन हैं। राष्ट्र सेवा, सघो के माध्यम से अधिक होती रही है। कहते है सघ शासन की राह मे बाधक भी होते है किन्तु यह एक शका मात्र है सघ तो होने वाले विकास के लिए शासन से माग करता है, यदि शासन माग मजूर नही करता तो सघ की एकता उन मागो को मनवाने का पूर्ण प्रयत्न करती है और तभी विकास का पथ अग्रसर होता है।

भारत म पुस्तकालय सेवाओ से सम्बन्धित राष्ट्रव्यापी सघ नही है जो कि पुस्तकालयो के प्रचार को बढाने म सहयोग दे। छोटे छोटे राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय सघ अवश्य है किन्तु वे उतने क्रियाशील नही है जितना की सघो को होना चाहिये। केन्द्रीय सगठनो से उनका कोई तालमेल नही बैठा है। पुस्तकालयीन सेवाओ की अवनति का सबसे बडा कारण यही रहा है कि अभी तक पुस्तकालय सघो न मिलकर ऐसा कोई कठोर कदम नही उठाया है जो सबहित मे रहा हो। सघो को चाहिये कि वे एक होकर इस आन्दोलन को बढाये और भारत मे निहित निरक्षरता को समाप्त करने म अपना बहुमूल्य योगदान दे।

अन्तर पुस्तकालयीन आदान प्रदान—हमारे देश मे पुस्तकालयो के विकास की गति अति मन्द रही है, साथ ही साथ विस्तृत रूप मे फले राष्ट्र के पुस्तकालयो मे आपसी लेन-देन की प्रक्रिया को प्रोत्साहन नही दिया गया, आज भी हम देखते है कि अल्प मात्रा म विश्वविद्यालयीन स्तर पर पुस्तकालयो से पुस्तको का आदान प्रदान होता है जबकि इसका रूप व्यापक होना चाहिये। ग्रामीण पुस्तकालयो से लेकर राष्ट्रीय पुस्तकालय तक शृखलित व्यवहार होना चाहिये ताकि जिज्ञासु पाठको को वाञ्छित पुस्तक की प्राप्ती मे विलम्ब न हो। इस प्रकार के आदान-प्रदान से किसी भी स्तर का व्यक्ति अपनी वाञ्छित पुस्तक की माग कर सकता है इसके लिए उस ग्रथालय को जहा का वह सदस्य है पूर्ण सहयोग प्रदान करना चाहिये।

इस प्रकार अन्त पुस्तकालयीन आदान प्रदान की जानकारी जन सामान्य म होगी तो मदव प्रवृत्तिवत्त मनुष्य ऐसे सहयोग का लाभ प्राप्त करते रहेंगे एव

पुस्तकालय प्रचार अधिकाधिक होकर पुस्तकालयीन सेवाम्रा मे वृद्धि को प्रोत्साहन देगा।

छोटे से छोटे पुस्तकालय को बडे से बडे पुस्तकालय द्वारा पुस्तको का लेन देन बढाना चाहिए और बडे पुस्तकालयो का यह कत्तव्य हो जाना चाहिए कि वे पुस्तकें यथा समय पहुँचाने म डाक द्वारा मदद करें। इन्ही प्रचार के कारणो से पाठको की अभिगम पूर्ण होगी एव पढने की अभिरुचि अधिक जाग्रत होगी। सभी घर बैठे अपने पुस्तकालय मे दुलभ पुस्तकें मगवाकर पढ सकेंग।

सन्दभ सेवा केन्द्र—यह पुस्तकालय की विशेष सेवा होती है। राज्यो म जहा-जहा केन्द्रीय एव राज्य पुस्तकालय स्थापित है, साथ ही विश्वविद्यालय एव महाविद्यालय के बडे पुस्तकालय है उन पुस्तकालय भवनो मे एक सन्दभ सेवा कक्ष भी होना अति आवश्यक है। सामान्य रूप से इस प्रकार के केन्द्र सभी पुस्तकालयो के अनिवाय अग है, इन विभागो के बिना पुस्तकालयो की विशिष्टता नजर नही आती अत इन केन्द्रो का निर्माण पुस्तकालयो के लिये जरूरी है।

पुस्तकालयो म जहा सेवायें दी जाती है न जाने कौन किस समय क्या प्रश्न लेकर उपस्थित हो जाये और आप आश्चयचकित होकर उसका मुँह ताकते रहो, अत सन्दभ सेवा केन्द्र ऐसे प्रश्नो का उत्तर शीघ्र देकर उनकी अभिगम की पूर्ण करेगा। सन्दभ सेवा केन्द्र मे चलचित्र, अणु चित्र, आडोविजवल एडस सीटीयल पत्रकी एव सरकारी प्रकाशनो का होना आवश्यक है। यदि ये उपकरण आपके पुस्तकालय मे हैं तो सदैव ही कोई न कोई समस्या मूलक पाठक आप तक पहुचेगा और हल की प्राप्ती पर जन-साधारण मे प्रकट करेगा तभी आपके पुस्तकालय का सही उपयोग हुआ माना जायगा। शीघ्र सन्दभ सेवा एव दीघ सन्दभ-सेवा के माध्यम से प्रत्येक प्रकार के पाठको को सेवाए दी जा सकती है पुस्तकालयो म टलीफोन की व्यवस्था दीघ सेवा का एक उपादान है जो आवश्यक सन्दभ विभाग म वर्षो का सामग्री क्या न हो एक वष म यदि हजारो मे से एक ग्रन्थ भी काम आ गया तो समझना चाहिये कि एक पुस्तकालय का निर्माण हुआ। इस प्रकार का पुस्तकालय प्रचार आवश्यक जानकारी एकत्रित करने के लिये आवश्यक है जसे जनसख्या के आकडे, जन्म मृत्यु दर, मुद्रा स्थिति इत्यादि।

पुस्तक प्रदर्शनियो का आयोजन—ज्ञान विज्ञान की अनेक पुस्तकें देश विदेश मे प्रकाशित होती है, देश विदेश म होने वाले विभिन्न अन्वेषण एव अनुसधान काय सम्बन्धी पुस्तको की जानकारी अनुसन्धित्सु पाठको को नही हो पाती है, इस प्रकार की प्रकाशित एव पुस्तकालय मे उपलब्ध पुस्तको को मस्थागत-पुस्तकालयो म प्रदर्शित करना चाहिये, यदि ऐसा नही होगा तो एक विषय म होने वाले अनुसधान सम्बन्धी पुस्तक यदि 2 वष बाद पुस्तकालय म आती है या प्रदर्शित होती है तब तक विश्व म उस विषय पर न जाने कितनी खोज हो चुकी होती है, ऐसी अवस्था म पुस्तकालय सेवा अपने आप म अक्षम हो जाती है।

पुस्तकालयों में या अन्यत्र कहीं पुस्तक प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाय वहाँ पुस्तकालय विज्ञान सम्बन्धी पुस्तकों का प्रदर्शन अवश्य होना चाहिए। ताकि प्रदर्शनी देखने वाले दर्शक पुस्तकालय के गुण-दोषों से परिचित हो सके तथा उससे सम्बन्धित साहित्य को पढ़कर लाभ उठा सके। पुस्तकालयों की सेवाओं को अधिक सक्षम बनाने हेतु उन पुस्तकों की प्रदर्शनी रखी जावे जिनकी प्राप्ति आस-पास के ग्रन्थालयों से नहीं हो सकती, इस प्रकार का उद्यम सभी पुस्तकालयाध्यक्ष करें तो प्रत्येक ग्रन्थालय में विशिष्ट एवं दुर्लभ ग्रन्थों का संग्रह हो जावेगा जिन्हें पढ़ने दूर-दूर से अनुसन्धित्सु पाठक आयेंगे इस प्रकार से उक्त ग्रन्थालयों का प्रचार तीव्र गति से होगा। प्रति पुस्तक प्रति पाठक की अभिगम भी पूर्ण होगी। मनचाहा पाठक पुस्तक को और चहेती पुस्तक पाठक को मिलेगी पुस्तकालयों के उद्देश्य भी पूर्ण होंगे एवं पुस्तकालय प्रचार में वृद्धि होगी पाठकों में वृद्धि होगी।

शो रूम (खिड़की प्रदर्शन)—प्राचीन समय में पुस्तकों को सजाकर रखने के मतलब सुरक्षित रखने से था, बहुत आकर्षक जिल्द साजी और कढ़ाई हुआ करती थी किन्तु जंजीरों से बंधी रहने के कारण आम व्यक्तियों के काम नहीं आती थी उसका एक मात्र कारण पढ़ने की प्रवृत्ति एवं साक्षरता की कमी का था किन्तु जब से कागजों का बनना प्रारम्भ हुआ और प्रिंटिंग प्रेस की व्यवस्था हुई, शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास हुआ तभी से पुस्तकों का उपयोग बढ़ गया। वर्तमान में पुस्तक मनुष्य के मन बहलाव का साधन-स्वरूप मित्र हो गई है। मित्र होने पर पाठकों का विद्रोह अच्छा नहीं लगता वह चाहता है कि जैसे ही पुस्तकों का जन्म हो (रचना से प्रकाशन तक) उसका साथ उसे मिले और वह पुस्तक रूपी मित्र समाज से जीवन भर प्यार करता रहे मित्रता का हाथ बढ़ाकर पुस्तकों से स्नेह पाता रहे। अतः जैसे ही नवीन उत्तम कृतियाँ प्रकाशित हों उन्हें पुस्तकालय के एक कमरे में जो पूर्णतः शीशे का बना हो सजाकर अच्छी तरह रख देना चाहिये ताकि पाठकों को प्रत्येक नई पुस्तक पढ़ने के लिए मिला करें। यह कमरा सामान्य कमरों से अलग एक सिरे से दूसरे सिरे तक सड़क के किनारे से लगा हुआ होना चाहिए जिसे देखकर यात्री आकर्षित हों और पुस्तकालय में प्रवेश हेतु ललक उठे। यही कमरा वाचनालय कक्ष होना चाहिये।

सहकारिता—वर्तमान युग में सहयोग अनिवार्य आवश्यकता के रूप में सामने आता है। देश जहाँ विदेशों का सहयोग लेकर अपने व्यापार व्यवसाय, आर्थिक राजनैतिक एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों को मजबूत बनाता है और अन्य विकासशील देशों की तुलना में अपने को सक्षम एवं योग्य समझता है वहाँ दूसरी ओर राष्ट्र में शिक्षा कृषि मानव कल्याण संचार एवं प्रशासनिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए भी अपने पड़ोसी राष्ट्रों से सहयोग लेना पड़ता है जिसमें राज्यों का बहुमूल्य योगदान सराहनीय है।

इसी प्रकार से शिक्षा मे कार्यरत इकाई पुस्तकालयो, सार्वजनिक एव निजी पुस्तकालयो को आपस मे सहयोग देना चाहिये। सहकारिता की भावना से ही इन पुस्तकालयो का विकास सम्भव है। जनता के द्वारा पुस्तकालयो के भण्डार सामग्री को बढाने हेतु अपने ग्रन्थ भण्डारो का दान करना चाहिये, आर्थिक दृष्टि से सहयोग प्रदान कर जनता मे जाग्रति एव अध्ययन की रुचि को द्विगुणीत करना चाहिये।

सहकारिता से ही सयुक्त राष्ट्र सघ की यूनेस्को शाखा के द्वारा विश्व भर के पुस्तकालयो को आर्थिक एव ग्रन्थ सम्बन्धी सहयोग प्रदान किया जाता है ताकि विश्व बन्धुत्व की भावना बढे मानव कल्याण हो, शिक्षा म आशनयजनक मापदण्ड निर्मित हो। मानव की जिजिविषा दिन प्रति दिन इस ओर गहरी हो तो शिक्षा का मानक स्तर निर्मित होगा। इस ओर शासन की रुचि होना अति आवश्यक है, राष्ट्रीय पुस्तकालय योजना का निर्माण, पुस्तकालय अधिनियमो की स्वीकृति सहकारिता का सुन्दर उदाहरण है।

अत यह कहा जाना उचित ही होगा कि उपक्षित पुस्तकालयो के लिये शासन को जागरुक होना चाहिये, साथ ही साथ जनता को भी सरकार का साथ देकर इस सेवा का स्वाध्याय के प्रति आकृष्ट जन रुचि का केन्द्र बनाना चाहिये और सारे देश मे इस प्रकार के प्रचार माध्यम से पुस्तकालयो का विकास कर निरक्षरता मे कमी एव शिक्षा मे वृद्धि कर शिक्षा के क्षेत्र मे क्राति लाना चाहिए।

जिस प्रकार किसी देश विशेष की उन्नति शिक्षा से मापी जाती है तत्सम हमे भी शिक्षा के क्षेत्र म क्रान्ति लाकर अपना चारित्रिक मनोबल, नतिक विकास एव शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाना है। ऊँचे उठे रहने के लिये जिस प्रकार ताड के पेड की जड शक्तिशाली होती है उसी प्रकार शक्षणिक सस्थाओ के स्तर को बढाने के लिये हमे पुस्तकालय रुपी जडो का जाल सारे देश मे फैला देना चाहिये यही पुस्तकालय प्रचार देश के सर्वागीण विकास म सहायक हो सकता है। सर्वागीण विकास से मेरा तात्पर्य चतुर्मुखी उन्नति से है। राष्ट्र का हर नागरिक जब शिक्षित होगा तो उसे प्रत्येक क्षेत्र म काम करन की गहरी रुचि जाग्रत होगी। देश विदश की नवीन राजनीति को समझने मे वह समथ होगा तथा अपना भला बुरा समझेगा। व्यापार व्यवसाय मे कुशल होगा, और सबसे बडी बात होगी, अपने परिवार की भली-भाति परवरिश, जिसे हम महगाई के युग म नहीं कर पाते है। अशिक्षा से नाना विकारो, व्यसनो मे फसा व्यक्ति अपना नतिक पतन कर रहा है उसके सामने स्वय के अस्तित्व तथा इज्जत का प्रश्न तो है ही नही और राष्ट्र के गौरव का भी उसे ख्याल नही है। तब वह कैसे अपने आपको राष्ट्रीय विकास म लगायेगा अर्थात् नही। देश-विदेश, राज्य-राष्ट्र समाज परिवार, धर्म सस्कृति कला विज्ञान राजनीति इतिहास इन सभी बातो को जानने म व्यक्ति तभी समथ होगा जब वह शिक्षित होगा, चरित्रवान और निष्ठावान होगा।

उपरोक्त बातो से निष्कष रूप म यही कहा जा सकता है कि पुस्तकालया का प्रचार अधिकाधिक माध्यमो से किया जावें, जनता एव शासन दोना ही इसके प्रचार मे सहयाग द एव निज की उन्नति का साधन मानकर बहुजन हिताय इसके प्रचार म जुट जाय। देश पर मडरा रहा सकट अशिक्षा से उत्पन्न भीड क्रान्ति है। कुछ शक्तिशाली और शिक्षित हैं उनकी मुटठी म देश की 80% ग्रामीण अशिक्षित जनता बन्द है, जिधर बुद्धिमान का इशारा होता है उसी ओर अशिक्षितो की भीड टूट पडती है। शिक्षित भीड होती तो एक बारगी सोचती किन्तु यहा एसा नही ह। इनम हम शिक्षा का म त्र फू कना है ताकि इनम नैतिक चरित्र का निमाण हो जो राष्ट्र को शक्ति भक्ति और एकता देगा। इन सब बातो के लिये प्राथमिक उपचार पुस्तकालया का प्रचार है जिनकी आज गाव गाव शहर शहर, गली गली मोहल्ला-मोहल्ला आवश्यकता है, यही मनुष्य के विकास का सस्ता और सुलभ उपाय है तथा निरक्षरता समाप्त करने का यन्त्र है। इन य त्रा के निर्माण म क्रान्ति की बू आ रही है अवश्यमेव उन्नति के परम स्थल ये सरस्वती के ज्ञान भवन सस्कृति कला विनान एव मानव इतिहास के साक्षी है। इनका निर्माण सच्चे पथ का निर्माण होगा शीघ्र आइये सहकार स हा समस्या का समाधान होगा।

11
ग्रामीण पुस्तकालय भवन व फर्नीचर

स्वत त्रता प्राप्ति के बाद देश म पुस्तकालया का जाल बिछा देने के पीछे ग्रामीण भारत की अनपढ जनता को शिक्षा एव स्वाध्याय के सुअवसर प्रदान करना था। प्रजातन्त्रीय शासन प्रणाली म प्रत्येक नागरिक को जागरूक होकर अपने अधिकारा का उपयोग करने का अधिकार होता है। इन्ही मौलिक अधिकारो की महत्ता एव व्यक्ति जीवन के समग्र विकास को समझने के लिए भारतीय जनता का साक्षर बनाना नितान्त आवश्यक है। चूंकि शिक्षा मानव विकास का उपयोगी अग है तद्नुरूप ही अध्ययन भी मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। राष्ट्र की जनता का अध्ययन अध्यापन एव स्वाध्याय के साधन उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा शिक्षण सस्थाओ म पुस्तकालया एव वाचनालया की स्थापना की जाती है। यह काय राष्ट्र क नागरिक भी 'सावजनिक पुस्तकालय" की स्थापना कर पूण कर सकत हैं।

भारत ग्रामा का देश है। इसकी भौगोलिक स्थितिया के हिसाब से 70% प्रतिशत भारतीय ग्रामा मे वास करत है तथा कृषि, उद्योग एव पशुपालक से अपनी जीविका चलाते है। प्रारम्भ से ही इन गावा मे शिक्षा काफी देर स पहुँची। पचवर्षीय योजनाओ म समाज शिक्षा का विस्तार सम्पूण भारत मे हुआ साथ ही देश भर म प्रमुख जिला राज्य एव केन्द्रीय पुस्तकालय खोले गये।

ग्रामो मे भी पचायतो के भवना म पुस्तकालय एव वाचनालय चल रह है। फिर भी ग्रामो म वह स्वस्थ अध्ययनशील वातावरण नही बन पाया है जिससे यह अपेक्षा की जा सके कि, इन ग्रामीण-पुस्तकालयो को केन्द्रीय, राज्य एव जिला पुस्तकालय इकाईया से जोडा जा सके।

आज वैज्ञानिक अनुसधान, आविष्कार एव नवीन शोध के युग म कृषि प्रधान भारत का कृषि काय भी बेहतर उन्नति की ओर अग्रसर होता जा रहा है। कृषि म वैज्ञानिक तकनिका के समावश से कृषका के समक्ष यह समस्या आ गई है जिसे व अल्प साक्षर या निरक्षर हो सकने के कारण समझ नहीं पात ह। इसके अलावा उन्ह कृषि अधिकारिया का उचित मागदशन नही मिल पाता है ऐसी स्थिति म यदि साक्षर कृषक स्थानीय पुस्तकालय म उपलब्ध साहित्य का पढकर कोई हल निकाल सकता है तो उसकी समस्या का निराकरण पूणता की ओर अग्रसर हो जाता है।

भारतीय कृषक जीवन के लिए अच्छे बीज, खाद, उवरक, सयत्र एव उद्योग सम्बन्धी जानकारी का उचित साहित्य ग्रामीण-पुस्तकालय म उपलब्ध हो जाता है

तो किसान की बहुत बड़ी समस्या का हल निकल आता है। वनानिक ग्रामीण औद्योगीकरण एव समग्र ग्रामीण विकास की बात यदि हम चरिताथ करनी है तो सवप्रथम हम प्रत्यक ग्राम पचायतो एव विकास-खण्डो म अच्छे कृषि एव ग्रामीण साहित्य स युक्त सुन्दर ग्राम-पुस्तकालय भवन की आवश्यकता होगी।

आज ग्रामीण पुस्तकालय भवन या तो पचायत भवन क कमर म है या फिर बडे बडे सन्दूक। यह स्थिति वतमान युग क विकसित ग्रामो जसी नहा हो सकती। इसम हम परिवतन लाना है। जिस प्रकार हमन सहकारी बैंक खोलन एव चलाने में शिक्षण सस्थाओ को बढाने में, सडकें एव गृह निर्माण क कार्यों म रुचि लकर ग्रामो की काया को बिजली सिचाई स्वास्थ्य पशुपालन एव कुटीर उद्योगों द्वारा बदलना है, उसी प्रकार ग्रामीण विचारधारा को बौद्धिक स्तर प्रदान करन क लिए हम एक अच्छ पुस्तकालय भवन के निर्माण मे रुचि लना है ताकि हमारा मानसिक, चारित्रिक, नतिक, सामाजिक, राजनैतिक एव आर्थिक सभी प्रकार स विकास हो।

ग्रामीण-पुस्तकालय भवन की रूपरेखा—यह हम भलीभांति जानते हैं कि ग्रामो म जहा भी पुस्तकालय अथवा वाचनालय हैं व सभी या तो पचायत भवनो म स्थित है अथवा किसी गाँव प्रमुख क घर म। दूसरी ओर यह बात भी हम जान लेना चाहिए कि भारत म ग्राम-पचायतो की स्थिति राजनीतिक प्रभावो क कारण बदत्तर होती जा रही है। दलगत भावना क कारण ग्राम विकास रुके पडे हैं, जहा हो रहे हैं वहा सत्तारूढ पार्टी की सहायता का कारण है। ऐसा न करके सभी ग्रामीणो को मिलकर एक ऐस प्रसिद्ध स्थल को पुस्तकालय भवन हेतु चुन लेना चाहिये वह या तो न्व स्थान हो, बाजार लगता हो स्कूल पास म हो या फिर जहा लोग अधिक उठन बठत हो ऐसे स्थान पर पुस्तकालय स्थापित किया जा सकता है।

पुस्तकालय-भवन निर्माण पचायत की आर्थिक सुदृढता अथवा ग्राम की सम्पन्नता पर भी निभर रहता है। जहा पचायतो को आर्थिक मदद अच्छी मिलती है एव जिनकी आय के स्रोत अधिक अच्छे है व पुस्तकालय भवन उपरोक्तानुसार किसी भी स्थान पर बनवा सकत ह। शासकीय स्तर पर भी शिक्षा की सुविधा प्रदान करने हेतु इन लोक पुस्तकालयो को आर्थिक मदद देना चाहिए।

जहा पचायत भवन बने है उनम स्थान की सुविधानुसार पुस्तकालय स्थापित किये जा सकत ह। जहा ग्राम पचायतो के भवन नहीं है वहा हम निम्नानुसार पुस्तकालय भवन का निमाण कर सकत ह। चित्र अगले पृष्ठ पर

1 लेन देन विभाग
2 समाचार पत्र स्टण्ड अथवा मज
3 वाचनालय मज (कुर्सियां सहित)
4 अलमारियां क लिए स्थान (दीवार के सहारे)

5 प्रसाधन (पशाव घर)

6 खिडकियां—जालीदार

पचायत भवन युक्त पुस्तकालय—भारत मे कुल 5½ लाख ग्राम है और इनम नगभग 5 लाख ग्राम पचायतें अपन अस्तित्व म है। 1954 क डिलिवरी आफ बुक्स एक्ट" के अ तगत सम्पूर्ण भारत म लोक पुस्तकालयो का जाल बिछाया जाना निश्चित हुआ और देश म प्रकाशित प्रत्यक पुस्तक की तीन प्रतिया राष्ट्रीय पुस्तकालय कलकत्ता, सेन्ट्रल पब्लिक लायब्रेरी बम्बई एव कानमारा सावजनिक पुस्तकालय मद्रास को भेजा जाना निश्चित हुआ था जिसके माध्यम स ग्राम पुस्तकालयो म भी उन पुस्तको को अन्त पुस्तकालयीन आदान प्रदान के तहत मगा सकें। यह सब वतमान मे नही हो रहा है और न ही निकट वर्षों म सम्भव है अत हमे हमारे पचायत भवनो के एक कमरे म ही पुस्तकालय की स्थापना कर दनी चाहिये और किसी शिक्षित बेराजगार युवक को उसके सचालन हेतु नियुक्त

कर देना चाहिये । यदि शासन भवन-निर्माण के प्रति उत्सुक नही है तो भी यह काय हमे अविलम्ब करना चाहिय ।

एल डी बगरी का ग्रामीण पुस्तकालय भवना के बारे मे विचार पढें । 'ग्रामो मे पुस्तकालयो के लिए खास अच्छी आधुनिक ढग की इमारतो की आवश्यकता नही है । किसी मदिर, मस्जिद और गुरुद्वार मे मुफ्त या किराय के कमरे काफी हैं । ऐसी जगहो मे विविध प्रकार की पुस्तकें रखकर ग्रामो को आकपक बना सकते हैं ।"[1]

आज जब राष्ट्र का प्रत्येक ग्राम आधुनिकता की चपट म है, विद्यालय भवन पोस्ट आफिस, बैंक, अस्पताल एव पचायतो के सुदर सुदर भव्य भवन गावो मे निर्मित हो रहे है तब ग्राम पुस्तकालया के लिए भी अच्छे भवनो का निर्माण किया जाना अनुकूल होगा । जब भी नवीन पचायतो के भवन बनें तो भविष्य की ग्रथालय सुविधाओ का दखते हुए पचायत भवन का निमाण करना चाहिए । बहतर यह होगा कि भवन की दीवाल म ही आलमारियो का निमाण किया जाय ताकि ये आलमारिया ही गथ रखने के काम आ सके ।

यह व्यवस्था सभव न हो सके ता लकडी की आलमारिया से काम चलाया जा सकता है । वैसे बहुत पहने जब 1956 म पचायतो क अतगत ग्रथालय प्रारम्भ किए गये थे तब लोहे की बडी बडी पेटिया, जिनमे लगभग 100 पुस्तकें रखी जा सकती थी, पचायतो को पचायत एव समाज कल्याण विभागा द्वारा प्रदान की गइ थी । अब इस प्रकार की व्यवस्था भी समाप्त प्राय हो चुकी है । फिर भी ग्रामीण विकास की परम्पराओ मे हमे ग्रथालय निर्माण की बात को भुलाना नही है ।

देश, नवनिमाण के सकल्पा को लेकर विकास के प्रत्येक क्षेत्रो म प्रगति कर रहा है, तब हमे अपनी सतत् शिक्षा की निरतर बढती भूख के लिए ग्रथालयो के निमाण को नही भूलना चाहिए । पचायत-भवनो म व्यवस्था चाहे न हो तब भी कुछ ऐसी व्यवस्था ग्राम वासिया को मिलजुल कर करनी चाहिए कि वे सभी अपने खाली समय म किसी एक स्थान पर अध्ययन, गोष्ठी, वाता, चर्चा अथवा कथा कहानी सुनने के लिए बैठ । यह काय ग्राम के युवक-मण्डलो व महिला मण्डला को सयुक्त रूप से मिलकर करना चाहिए।

गावा के ग्रथालया मे बैठने के लिए बहुत अधिक फर्नीचर की आवश्यकता नही होती है । ग्रथपाल की मेज एव कुर्सी, ग्रथो के निगमन हतु लिखने-पढने के काय मे उपयोगी रहे बहुत ह । पाठको को जिनम बच्चे, महिलाए युवा व वद्ध शामिल है, इनके बैठन की व्यवस्था, कक्ष म ही दरिया बिछाकर की जा सकती ह । आजकल पचायता के पास भी टक्स वसूली से आर्थिक साधन बढते जा रह ह अत इन स्रोता से प्राप्त राशि का कुछ प्रतिशत ग्रथालय फर्नीचर के क्रय म खच किया जा सकता है ।

पढना चूकि एक बौद्धिक प्रक्रिया है अत इस रोकना मस्तिष्क के लिए घातक भी हो सकता है । अत प्रयास यह होना चाहिए कि प्रत्येक ग्राम ग्रन्थालय भवनो से युक्त हो । इन पुस्तकालय भवनो के निर्माण एव उपकरणो के क्रय हेतु, विकास खण्ड, अधिकारी पचायत अधिकारी अथवा जिला ध्यक्ष महोदयो को भी आर्थिक सहयोग करना चाहिए । यदि प्रदश म ग्रन्थालय विधान की व्यवस्था हो तो ग्रन्थालय सचालनालय अथवा ग्रन्थालय-परामश मण्डल की मदद से ग्रन्थालय-समस्या सम्बन्धी सार काय सम्पन्न किए जा सकते है । भारत सरकार के शिक्षा एव युवा सेवायें मत्रालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थालय परामश समिति के प्रतिवदन[2] म "सावजनिक ग्रन्थालय के सगठन सम्बन्धी विस्तृत अनुशसायें पढने को मिल सकती है । समिति की अनुशसाओ पर दशक बहुतेरे राज्यो ने आज तक कोई गौर नही किया है । इसका कारण भी ग्रन्थालय विधान का पारित न होना बताया जाता है । सत्यता कहा गायब हो गई है अनुमान लगाना कठिन है ।

व्यग, हास्य-परिहास जीवन चरित्र, व्यक्तित्व विश्लेषण, यात्रा सस्मरण एव रिपोर्ताज से निरन्तर पत्र-पत्रिकाओ के कालम भरत जा रहे हैं। पाठको की रुचि मे आए अनायास परिवतन ने जासूसी उपन्यास उपराध कथा, सच्ची कहानियाँ एव यौन साहित्य के प्रकाशन को प्रोत्साहित किया। इसी के समानान्तर बच्चो के लिए जहाँ राष्ट्रीय धारा एव वीर चरित्रो के प्रकाशनो की भीड थी, वही अब कामिक्स, रहस्य-रोमाच व काल्पनिक जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला प्रकाशन शुरू हुआ। इस प्रकार के चटपट साहित्य से गली-गली, नगर-नगर के घरेलू ग्रथालय आबाद हो गय। इनकी प्रगति और प्रकाशन जगत पर मण्डराते सकट के कारण प्रकाशको ने हिन्दी साहित्य के ख्याति प्राप्त साहित्यको, उपन्यासकारो, कथाकारो की रचनाओ को सस्ते कागज व सस्ते मूल्यो के सस्करणो के रूप मे प्रकाशित करना प्रारम्भ किया फिर भी प्रकाशन की विसगतियो एव अधकचरे साहित्य को बाजार म बटने से ये रोक नही सके। कई प्रकाशको न घरेलू लाइब्रेरी योजना का लालच देकर गम्भीर साहित्य के प्रचार-प्रसार का प्रयत्न किया। यह प्रयास निरन्तर चल रहा है फिर भी माग अधिक न होने और गभीर साहित्य के दाम अधिक होने म आम आदमी इस सुविधा को नही भोग पा रह हैं।

ऐसा भी बहुत कम हुआ कि पूरे देश मे पुस्तक क्रान्ति के नाम पर ग्रथालयों के विकास पर विचार किया गया हो। ग्रन्थालय नही खुले अत उनम पुस्तकें नहीं आ सकी जब पुस्तकें नहीं आयी तो जिज्ञासु पाठक मौहल्ले के ग्रन्थालयो से प्राप्त चन्दे की पुस्तक से ही खुश हुए। चलताऊ पठन सामग्री के अत्यधिक प्रचार-प्रसार का परिणाम यह हो रहा हैं कि लोग सावजनिक ग्रथालय व शासकीय ग्रथालयों के अस्तित्व का क्रमश भूलते जा रहे हैं। जनता उन्हा ग्रन्थालया को ग्रयालय समझ रही है जहाँ स उन्ह जासूसी, रहस्य, रोमांच, अपराध व सेक्स से सम्बन्धित ग्रन्थ किराये पर पढने को मिलते हैं। मौलिक ग्रन्थ व गम्भीर साहित्य के प्रकाशन स आज का आम पा [illegible] पा रहा है क्योकि नुक्कडो पर खुली स्टार [illegible] लायब्रेरिया [illegible] की पुस्तको को स्थान नही दे रही है। [illegible] कारण [illegible] पर ध्यान न दिया जाना है।

मौलिक व गभीर साहित्य की दशा—आज यह चिन्ता है कि मौलिक साहित्य पढा नही जा रहा है न सिफ प्रकाशको की चिता का विषय है अपितु मौलिक लेखन और विशुद्ध चिन्तन से जुडे रचनाकारो, सृजनधर्मिया एव बौद्धिक लोगो को भी इस बात म बडा क्षोभ है कि आज की पीढी मौलिक साहित्य, नही पढ रही है सिफ पका पकाया माल पाकर ही अपने उद्देश्य म सफल हो रही है।

साहित्य प्रकाशन और साहित्य-उपाजन का सबसे अधिक काय शिक्षा जगत से सम्बधित है। इस दृष्टि से जो भी ज्ञान पाठ्यक्रम म पढाया जाता है और जिस शिक्षालयो मे कक्षा अध्यापन के माध्यम से सिखाया जाता है उसे विद्यार्थियो को पढना चाहिए और समस्याओ के निदान हेतु कक्षा शिक्षक अथवा ग्रथपाल से सम्पक करना चाहिए यह एक बुनियादी बात है। इसी बुनियादी बात को ज्ञान के रूप म प्रदान करने के अवसर देने के निमित्त प्रत्येक शिक्षण सस्थानो म पाठयक्रमो, सहायक ग्रथो एव ज्ञान विज्ञान की जानकारी से युक्त सदभ ग्रथा से सुसज्जित ग्रथालय निर्मित किये जाते हैं। इन ग्रथालयो का काय विद्यार्थियो एव प्राध्यापको को शिक्षण म आवश्यक ग्रथा को नियमित कर मदद पहुँचाना होना है साथ ही ज्ञान के क्षेत्र मे हो रह नवीन परिवतनो की जानकारी आवश्यक सूचना स्रोतो के माध्यम से देना होता है। इतना ही नही छात्रो को अनुशासन, चरित्र व नैतिकता के गुणो की शिक्षा देने वाले सत् साहित्य से साक्षात्कार करना भी है। शैक्षणिक सस्कारो से परिपुष्ट करने के उद्देश्य से शिक्षा विभागो मे पाठयग्रथो की अहम् भूमिका होती है, लेकिन बौद्धिक सस्कृति को बनाये रखने के लिए पाठयग्रन्थो के अतिरिक्त अध्ययन की सहायक ग्रथ-सामग्री का ग्रथालयो व बाजार म होना आवश्यक होता है। सहायक सदभ सामग्री के रूप मे शिक्षको एव विद्यार्थियो को अध्ययन हतु ग्रथ नही मिल पात तो उनके सामाय ज्ञान मे वृद्धि होना मुश्किल होगा। अत शिक्षको व विद्यार्थियो को नोट्स गाइड्स पर निभर न होकर मौलिक ग्रथा के अध्ययन से जुडना चाहिए, मौलिक ग्रथो का अध्ययन ही शक्षणिक मूल्याकन का ठोस आधार हो सकता है।

स्वाधीनता के बाद के 15–20 वष तक इस बात पर काफी कुछ ध्यान दिया गया कि मौलिक ग्रथा से ही अध्ययन और अध्यापन हो ताकि शिक्षक एव शिक्षार्थी गभीर से गभीर विषय की गहराई मे जाकर उसका पूण ज्ञान पा सके। उस वक्त कुन्जी को बुरा माना जाता था और जो शिक्षक कुजियो का सहारा लेकर पढाते ह उह कमजोर शिक्षक माना जाता था। छात्रो म ऐसे शिक्षको की छवि उज्जवल नहा होती थी। जब कभी कोई विद्यार्थी यदि कक्षा मे कुजी लेकर आता था तो या तो कक्षा शिक्षक कुजी फाड डालते या फिर कुजी पढने के बावत् विद्यार्थी को कक्षा से निकाल देते थे। इस प्रकार के अनुशासन मे चलने वाली शिक्षा ने मौलिक चिन्तन व गम्भीर साहित्य के अध्ययन को जम दिया

था किंतु आज हम देख रहे है कि नोट्स गाइड्स, गैस पैपर्स, गोल्जि व प्रश्न बैंको की पुस्तका के प्रकाशन ने मौलिक ग्रन्था का चलन से निकाल रखा है। विद्यार्थी तो क्या शिक्षक तक सरल अध्ययन माला व निर्माण म सहयोग कर रहे है और बाजार म इन ग्रन्थो के अलावा कुछ दिखाई ही नही देता

परिणाम यह हुआ है कि आज का विद्यार्थी अपने देश, समाज संस्कृति धम एव मानव जीवन की बुनियादी बातो स कोसा दूर होता जा रहा है। उसे परीक्षा पास करना होता है तो वह व्याख्यान सीरीज, श्योरसक्सेज, अथवा रात भर की पढ़ाई स पास होने वाले नोटस लेकर पढ लेता है। शिक्षक भी पाठ्यक्रम पर आधारित पाठय पुस्तको की प्रश्नोत्तर पुस्तिकाओ स विद्यार्थियों को शिक्षण दे देते है और ग्रन्थालयो मे मौलिक तथा गम्भीर अध्ययन की पुस्तकें रखी रह जाती है।

जब प्रश्नोत्तर-साहित्य का युग आ पडा है तब विस्मत और गम्भीर साहित्य अब दुकानो मे सजावट क सामान और ग्रन्थालयो मे इतिहास क अवशेष मात्र रह गये है। इनकी इस दशा को सुधारने का प्रयास किया जाना चाहिए अन्यथा ज्ञान शून्य होकर हम हमारी पीढियो के ज्ञान अपनी मौलिक सास्कृतिक, साहित्यिक विरासत को खो बैठे और वतमान घटिया साहित्य ही ज्ञान के चमकदार हीरे बनकर चमकते दिखेंगे।

इस बात से प्रकाशक वग, ग्रन्थालय जगत व बौद्धिक पालक वग निश्चित ही चिंतित है परन्तु क्या करें जसे जमाने की हवा बह रही है हम भी बहना पड रहा है। हमार देश म कई बार शैक्षणिक परिवतन की दिशा मे कदम उठाये गये, पुस्तक सस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास किए गय पर औद्योगिक प्रगति ने देश को विकासशीलता की श्रेणी पर पहुचाया, शिक्षा की ऊँचाइयो को छूने म असमथ रहे। पाठ्यग्रन्थ केन्द्रित पाठयक्रम बन, कक्षा अध्यापक केन्द्रित पाठयक्रम बन, स्थानीय बोलियो एव भाषाओ को पाठयक्रम म स्थान दिया गया। कम्प्यूटर टी वी व वीडियो प्रणाली से अध्ययन के अवसर प्रदान किय गय किंतु गम्भीर साहित्य की दयनीय होती दशाओ पर ध्यान नही दिया गया। गम्भीर चिन्तन के साहित्य को ग्रन्थालयो के माध्यम से घर द्वार तक योजनाओ के माफत पहुचाया होता तो आज देश का पुस्तकीय पर्यावरण का स्वरूप ही कुछ और होता।

18

राष्ट्रीय विकास के लिए ग्रन्थालय

ऐतिहासिक परिदृश्य—राष्ट्रीय विकास में ग्रन्थालयों के योगदान को हम ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो हम पायेंगे कि प्राचीन भारत के ग्रन्थालय[*] भारतीय धर्म, दर्शन, शिक्षा राजनीति एवं समाज-व्यवस्था की सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केन्द्र थे। मध्यकाल के प्रमुख ग्रन्थालयों[**] ने भी राष्ट्र की तत्कालीन विकसित साहित्य, संगीत, धर्म, दर्शन, कला, वाणिज्य व्यापार एवं शिक्षा की परम्पराओं को उन्नत करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। "आधुनिक काल में वैज्ञानिक आविष्कार औद्योगिक क्रान्ति एवं पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से शिक्षा एवं ग्रन्थालयों ने नया स्वरूप पाया है।'

प्राचीन काल की शिक्षा पद्धति को चरमोत्कर्ष तक पहुंचाने श्रेष्ठ राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ अर्थविज्ञानी व कलामर्मज्ञ बनाने में ग्रन्थालयों के दुर्लभ-ग्रन्थों ने जो सहयोग इन विद्वानों को दिया जिसका परिणाम ही था कि स्वर्ण भूमि होने की प्रसिद्धि प्राचीन भारत ने पायी थी। भारतीय काव्य शास्त्र, राजनीति चिकित्सा, अर्थशास्त्र युद्धकला, नक्षत्र विज्ञान एवं वेद-वेदान्तों के इन अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थानों में भारत के भावी कर्णधारों ने अध्ययन अध्यापन का कार्य कर देश के विकास में सहयोग किया। इन्हीं त्यागी, तपस्वीयों एवं निःस्वार्थ गुरुओं की कृपा से मानव देवत्व पाते थे।

"व्याकरण के जनक पाणिनी, सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ चाणक्य तथा अर्थशास्त्र के रचयिता कौटिल्य भगवान बुद्ध के व्यक्तिगत चिकित्सक जीवक और प्रसिद्ध भारतीय शासक चन्द्रगुप्त और पुष्पमित्र ये सभी तक्षशिला की पावन धरती की ही उपज थे।"[1]

---

[*] तक्षशिला का पुस्तकालय, नालन्दा के "रत्नोदधि" "रत्नसार' एवं "रत्नरंजक' विक्रमशिला का ग्रन्थालय, वल्लभी वि वि का ग्रन्थालय, नादिया, ओदन्तपुरी, जगद्दला सारनाथ, मिथिला, कांची, काशी, कन्नौज एवं भोज का पुस्तकालय प्रमुख है।

[**] संत शेख निजामुद्दीन औलिया का ग्रन्थालय बलबन के पुत्र शाहजादा महमुद का पुस्तकालय, गाजीखान का पुस्तकालय, फिरोजशाह के पुस्तकालय, बाबर, औरंगजेब, हुमायूँ व अकबर द्वारा स्थापित।

नालन्दा म ह्वेन साग न कुछ प्रसिद्ध शिक्षकों के नाम इस प्रकार गिनाये हैं। (1) चन्द्रपाल (2) धमपाल (3) ज्ञानमति (4) श्रीमति (5) प्रभामित्र (6) स्थिरमणि (7) नागाजु न (8) शीलभद्र आदि।[2]

चूंकि अध्यापन काय करने वाले शिक्षक आचाय, भिक्षु धम प्रचारक सुधारक एव पयटक भी होत थ, अत अपने देश के बाहर जाकर भी धम व शिक्षा का प्रचार प्रसार करत थे। इसी प्रभाव के कारण ही देश के इन विश्व विद्यालयो म "उच्च शिक्षा प्राप्त करन के लिए न केवल भारत के विभिन्न भागो स बल्कि विदेश, जस तिब्बत, चीन, कोरिया, जापान, बर्मा, सुमात्रा, जावा, तुर्कीस्तान आदि देशों से भी विद्यार्थी नालन्दा विश्वविद्यालय में आत थ।[3] इस प्रकार ग्रन्थ सग्रह की वृत्ति स भारत आने वालो मे चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासन काल मे फाहियान 'विनय पिटक" की प्रतियाँ लेने भारत आया। हष के शासन काल मे ह्वेनसाग भारत आया। सातवी शताब्दी मे इत्सिग चीन से भारत आया, इन विद्वानो ने बौद्ध विहारो मे रहकर विश्व विद्यालयो म जाकर बौद्ध धम और साहित्य का अध्ययन किया। उन्होने अपने अध्ययन काल मे अनेक पुस्तकों व हस्तलिखित ग्रन्थो का सग्रह किया। जब लौटे तो असख्य मूल ग्रन्थ व अनुवाद कर अपने-अपने देश ले गये। ग्रन्थालयो का वभव ग्रन्थो के जाने से समाप्त प्राय होता गया।

इन सारे विश्वविद्यालयो का पतन बाबर हूणों, अरबो, एव मुसलमानो के आक्रमण के साथ हो गया। नालन्दा तक्षशिला के पतन के बाद मुस्लिम शासकों ने पूर्वी-बगाल के नवद्वीप उच्च शिक्षा केन्द्र को सास्कृतिक एव शैक्षिक विकास निरन्तर प्रदान किया। इसी "नादिया" की सुजला-सुफला धरती पर जयदेव जसे प्रसिद्ध "गीत गोविन्द" के रचियता ने शिक्षा पायी। उमापति द्वारा रचित "स्मृति विवेक" न्यायशास्त्र का विशिष्ठ ग्रन्थ माना जाता है जिसका निमाण विश्व विद्यालय म ही हुआ था।

श्रीमति सध्या मुकर्जी के अनुसार, "ऐसा कहा जाता है कि नदिया का एक प्रतिभावान विद्यार्थी वासुदव सावभौम मिथिला मे न्याय व तकशास्त्र की शिक्षा प्राप्त करने गया था और वह तत्व चिन्तन "मणि' ग्रन्थ को कठस्थ कर वापिस लौटा क्योकि मिथिला के पडित अपने यहा की किसी भी पुस्तक को ले जाने, प्रतिलिपि करने व अनुवाद करने की अनुमति नही देते थे। नदिया लौटने पर उसी वासुदेव सावभौम ने नदिया म तकशास्त्र का सूत्रपात कया और कालान्तर मे उसके शिष्य रघुनाथ शिरोमणि ने न्याय की एक नवीन विचार धारा का सूत्रपात किया। नवद्वीप मे न्याय शास्त्र क अध्ययन की व्यवस्था भी हुई। आगे चलकर मथुरानाथ, रामचन्द्र और गदाधर भट्टाचाय नामक प्रसिद्ध न्यायाचाय हुए।[4]

उक्त स्थिति तो तब निर्मित हुई थी जब मुस्लिम आक्रमणकारियो ने तक्षशिला एव नालन्दा जैसे विशाल विश्वविद्यालयो को नष्ट कर दिया। विदेशी अपने साथ ग्रन्थालयो के महत्वपूर्ण ग्रन्थ ले गये। डा श्यामसुन्दर अग्रवाल के मतानुसार 'कहते है चीनी यात्री फाहयान अपने साथ 520 भारतीय ग्रन्थो के बण्डल चीन ले गया था। ह्वेनसाग भारत मे तीन वर्ष रहकर 657 ग्रन्थो की प्रतिलिपिया अपने साथ ले गया। एक अन्य चीनी यात्री इत्सिग ने भी लगभग 500 बौद्ध ग्रन्थो की प्रतिलिपियाँ चीन भेजी थी। वह इसी काम के लिए लगभग दस वर्ष भारत वर्ष मे रहा।"[5]

यह युग शिक्षा के समान अवसर का युग था, सिर्फ शूद्रो को अध्ययन के अवसर कम थे। ब्राह्मण क्षत्रिय व वैश्य सभी के लिए राजनीति धर्म, दर्शन, कला, साहित्य का अध्ययन जरूरी था। नालन्दा विश्वविद्यालय से भी अनेक विद्वान चीन गये इस बात की पुष्टि करते हुए डा पुखराज जैन ने लिखा है।

"बोधिरुचि 693 ई मे दक्षिण भारत से चीन पहुँचा, जिसने लगभग 53 भारतीय ग्रन्थो का चीनी भाषा मे अनुवाद किया। 8वी शताब्दी मे वज्रबोधि व अमोघ-वज्र चीन गए जिन्होने वहाँ बौद्ध धर्म का प्रचार किया। अमोघ-वज्र अपने साथ लगभग 500 पुस्तकें ले गया जिन मे से 77 का उसने चीनी भाषा मे अनुवाद किया। इस प्रकार अमुक विद्वान भारत से चीन गये जिन्होने वहा भारतीय साहित्य का प्रचार किया।"[6]

बर्बर आक्रमणो से जब भारतीय वैभवशाली उन्नति पर ग्रहण लगना शुरू हुआ, ब्राह्मणो भिक्षुओ, सघाचार्यों व मठाधीशो ने दुर्लभ ग्रन्थो का सरक्षण अपने प्राणो से अधिक मानकर किया। यह आदेश सभवत भविष्य पुराण की इन पक्तियो से मिला हो "पाण्डुलिपिया मठो मे सारी जनता के उपयोग के लिए रखी जा सकती है और शिव, विष्णु या सूर्य के मन्दिर मे जो पुस्तको के पढने की व्यवस्था करता है तो वह कार्य गाय, भूमि या स्वर्ण के दान के समान है।"[7]

ऐसा करके राष्ट्र की सम्पदा को बचा सकने मे व्यक्तिगत प्रयास बाण भट्ट, कुषाण राजा कनिष्क आदि ने ज्ञान के ग्रन्थो को व्यक्तिगत ग्रन्थालय बनाकर सुरक्षा दी। ये व्यक्तिगत ग्रन्थालय विदेशी मुस्लिम आक्रमणकारियो के हाथ मे लगे। कई फूँक दिए गये, कुछ बादशाहो के व्यक्तिगत ग्रन्थालयो की शोभा बने। अरबी, फारसी, उर्दु जुबानो के चलन से इनकी विषय-वस्तु उपयोगी नही हुई पर बाद मे इन ग्रन्थो के अनुवाद कार्य, प्रतिलिप्यान्तर एव दूसरी प्रतियाँ उर्दू मे तैयार की गई।

राजनीति, अर्थशास्त्र एव ज्योतिष व दर्शन की बहुमूल्य पुस्तको ने शासन के कार्य मे काफी मदद पहुँचाई। बादशाहो के दरबारो मे नियुक्त मन्त्रियो राजगुरुओ, राज्याश्रित साहित्यकार व कवियो के सहयोग से राजाओ ने ग्रन्थालयों

की समृद्धि में विशेष रुचि दिखाई। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिमों ने धार्मिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया।

जिन नगरों में मुसलमान विशाल संख्या में निवास करते थे अथवा जहाँ मुसलमान शासक था वहाँ धार्मिक प्रवृत्तियों से प्रेरणा और पाकर इनसे मुस्लिम शिक्षा की धारा प्रवाहित होने लगी थी।'[8]

इस समय भारतीय मूल संस्कृति के चिह्न लुप्त प्राय होने लगे और प्राचीन विद्यालय संस्कृति के भग्नावशेष ही बचे। मे मस्जिद न हो सके। जैसे जैसे मुस्लिम व मुगल शासक भारत में जमे मकतबों, मदरसों, मस्जिद एवं मकबरों में शिक्षा चलने लगी तथा इनसे सम्बन्धित ग्रन्थालयों का अस्तित्व भी सामने आया। अधिकांश ग्रन्थालय राजशाही अधिकारों में थे, जिन्हें व्यक्तिगत ग्रन्थालय ही कहा जा सकता है। कुछ समाज सुधारकों ने सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित कर समाज शिक्षा के विकास में योगदान दिया। चूंकि इस दौरान अरबी, फारसी, मुस्लिम एवं मुगलों के लगातार भारत की धरती पर आक्रमणों से इसकी आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक उन्नति को क्षति पहुंचती रही। आज भी विदेशी आतंकवादी प्रवृत्तियां से देश त्रस्त परेशान है परन्तु आज की स्थितियां तब से बिलकुल भिन्न है। तब जबकि जनता में जागरूकता नहीं थी, देश रियासतों में बटा हुआ था, एक राजा अथवा ही राज्य का प्रमुख होता था। गरीबी और धार्मिक अन्धता ने प्रजा को प्रगति पर रखा था, शिक्षा का प्रचलन नहीं था, तब भी राज्यों, रियासतों, राजधानियों के प्रमुखों ने ज्ञान के प्रकाश हेतु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की, उनके पुस्तकालयों को सम्पन्न किया, प्रचलित बोलियों में ग्रन्थों का अनुवाद किया। कला, संगीत, साहित्य एवं राज्यव्यवस्था जैसे विषयों की पुस्तकों का निर्माण करवाया। जब भारत निरन्तर मुस्लिम राजाओं, राजवंशों (दास-वंश, खिलजीवंश, तुगलक वंश एवं सय्यद व लोदी वंश) एवं मुगल सम्राटों (बाबर, हुमायूँ, अकबर, जहांगीर, शाहजहां एवं औरंगजेब) के अधीन लगभग 550 वर्ष तक पराधीन रहा इन्होंने अपने शासनकाल में भारत की विकसित व समृद्ध संस्कृति को तहस-नहस किया। इसके बावजूद उपरोक्त शासकों ने अपनी प्रजा की सुविधा, स्वयं की प्रगति एवं शासन व्यवस्था में सुधार हेतु बड़े-बड़े सुधारात्मक कार्य किए जिनमें ग्रन्थालयों का विकास भी प्रमुख है। मुगल काल के बादशाहों, सम्राटों, मनसबदारों, प्रधानमंत्रियों एवं सेना प्रमुखों के संगीतकला प्रेमियों के अपने व्यक्तिगत ग्रन्थालय थे जो उन्हें राजव्यवस्था की देखभाल हेतु मार्गदर्शन व मानसिक सान्त्वना प्रदान करते थे।

बहमनी राज्य के मंत्री महमूद गवां के पास 6000 पुस्तकों का अच्छा संग्रह था। बाबर और हुमायूँ पुस्तक प्रेमी थे, जिन्होंने शेरशाह के आमोद गृह को ही पुस्तकालय के रूप में उपयोग किया था। वी के आप्टे के कथनानुसार, बाबर के पुत्र हुमायूँ का पुराने किले में एक निजी ग्रन्थालय था। अध्ययन तथा

समय गुजारने का उसका अच्छा साधन था। राज व्यवस्था की देखभाल के उपरान्त वह अपने ग्रन्थालया मे घण्टा समय बिताता था।"[9]

"अकबर के पुस्तकालय म 25000 अच्छी पुस्तकों का संग्रह था। यह यह पुस्तकालय बहुमूल्य पाण्डुलिपिया से भरा हुआ था। उसका प्रबन्ध भी सुदर ढग से होता था। वे पुस्तकें कला और विज्ञान दो विभागा म विभक्त थी।"[10]

इस बात से स्पष्ट होता है कि मध्यकाल मे ग्रन्थालया के व्यवस्थापन, वर्गीकरण की कला ग्रन्थालय सचालका को आती थी। बाद के बादशाहो ने भी उस परम्परा को कायम रखते हुए ग्रन्थालया के सगठन, सचालन एव व्यवस्थापन मे रुचि ली। "जहाँगीर (सन् 1605 से 1621) न शाही पुस्तकालय के विस्तार के लिए पाण्डुलिपिया खरीदी थी। उनकी पत्नी नूरजहाँ का अपना एक व्यक्तिगत पुस्तकालय था। शाहजहाँ भी (सन् 1627–1658 ई) पुस्तकालया म अभिरुची रखता था। रात्रि का पूव भाग वह पुस्तकालय म व्यतीत करता था। उसके पुस्तकालय मे विश्वकोश एव शब्दकोश भी थे।"[11]

ग्रन्थालया की सुदरता एव पाण्डुलिपिया को सुरक्षित रखने हेतु "नाजिम", "जिल्दसाज" अनुवादक एव विद्वान व्यक्तियो की ग्रन्थालय सेवाओ म रखा जाता था। अकबर ने अपने ग्रन्थालय के सुसचालन के लिए विदेशा से वर्गाकार एव जिल्दसाजो, पाण्डुलिपिकारा को बुलवाया था। जन शिक्षा के साथ ही साथ उसने शिक्षालयो मे छोटे-छोटे ग्रन्थालय भी खोले। जब कागज का निर्माण प्रारम्भ हुआ तो पाण्डुलिपि सग्रहालया की सख्या बढने लगी। स्याही का प्रयोग भी शुरू हुआ। नक्काशी युक्त जिल्दबन्दी के लिए अकबर का काल प्रसिद्ध है। अबुल फजल ने "आईने अकबरी म अकबर के इन क्रियाकलापा म भाग लेने का अच्छा चित्रण प्रस्तुत किया है।

भारत की अपनी प्रसिद्धि, उसकी सम्पन्नता एव वैभवशाली सास्कृतिक परम्परा को मुस्लिम मुगला ने बरबाद तो किया ही, लेकिन उनके ही द्वारा कुछ अच्छे कला, साहित्य एव सगीत क घराना का भी जन्म हुआ। अकबर के दरबार के "नव रत्ना का इतिहास उजागर है। यद्यपि अकबर का काल कला, साहित्य एव सगीत की उन्नति का उत्कृष्ट काल माना जाता है। इस काल म अनेक सस्कृत ग्रन्थो का फारसी म अनुवाद किया गया। रामायण, महाभारत, वेद, पुराण, बाईबिल एव कुरान के भी अनुवाद इस काल म हुए।

'बीजापुर म आदिलशाह का "आदिलशाही पुस्तकालय" एक राजकीय पुस्तकालय के रूप म था। औरगजेब ने जब बीजापुर पर चढाई की तो यह पुस्तकालय भी नष्ट हो गया।"[12]

मुस्लिम एव मुगलो की विध्वसक एव लूटपाट की वृत्ति के कारण उनकी वहशियत का सामना इन ज्ञानागारो को करना, सहना पडा। एक बादशाह या राजा एक स्थान पर ग्रन्थालय, शिक्षा सस्थान यहाँ की जनता की सेवा के लिये कोई काम करता था तो दूसरा उसे नष्ट कर अपनी विजयपताका लहराता था। ऐसा

मुस्लिम आक्रमणकारियो एव मुगल बादशाहो ने किया, जहा मन्दिर थे उनको मस्जिद या मकबरा म बदला दिया, उसी प्रकार जिन हिन्दू राजाओ के पास बहुमूल्य ग्रथसग्रह था उसको लूट लिया गया। फिर भी व्यक्तिगत, राजकीय एव लोक पुस्तकालयों के माध्यम से तत्कालीन जनता, व्यक्तिगत विकास, शिक्षा, साहित्य एव ज्ञान के निर्माण मे लाभान्वित होकर अपने देश को आगे बढाने म सहयोग कर रही थी।

अग्रेजी शासन-काल मे ग्रन्थालय एव राष्ट्रीय विकास—

मुगल साम्राज्य के क्रमश पतन के बाद भारतीय जन जीवन कुछ समय तक सन्धि कालीन व्यवस्था से गुजरा। मुगल शासको की प्रेम, शृगार भोगलिप्सा की प्रवृत्तिया से देश निरन्तर विघटन के कगार पर आ गया। इस विघटनकारी अवस्था से विदेशी साम्राज्यवादी राष्ट्र अनभिज्ञ नही थे। अतीतकाल से ही भारत का पडोसी राष्ट्रो से व्यापारिक सम्बन्ध था परन्तु मुगलकाल मे सौन्दर्य प्रसाधन, कपडा एव बहुमूल्य हीरे, जवाहरात, मूगे मोती तथा रत्नजडित आभूषणो का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार म बडा नाम था। अपार ऐश्वर्य एव सम्पदा के देश भारत का इस प्रकार समृद्ध होना विदेशियो को ललचा गया। निर्यात एव आयात के इस व्यापार मे विदेशो से भी मदिरा, चादी एव आरामदेह आवश्यक सामग्री का आयात भारत को होता था। इस प्रक्रिया म यूरोपीय देश के व्यवसायी पैर वाले हो गय। उनका व्यापार के साथ एशियाई देशो पर विजय अभियान भी प्रारम्भ हुआ, परिणामस्वरूप "पन्द्रहवी शताब्दी म तुर्को की दक्षिणी-पश्चिमी एशिया और दक्षिण पूर्वी यूरोप की विजय के कारण भारत और यूरोप के मध्य प्राचीन स्थल मार्ग अवरुद्ध हो गये। इससे यूरोप के व्यापारियो को चिन्तित देखकर, वहाँ के नाविको ने मार्ग खोजने का बीडा उठाया। इस कार्य का श्रेय पुर्तगाल नाविक वास्को डिगामा को प्राप्त हुआ। उसने 27 मई 1498 को भारत के पूर्वी तट पर कालीकट के प्रसिद्ध बन्दरगाह म अपने जहाज को लगर डालकर खडा किया।"[13]

यद्यपि पोतगालीज, डच स्पनिश एव अग्रेज व्यापारिक उद्देश्य से भारत की ओर बढते आ रहे थे तब भी देश का विकास रुका नही। मुगलो से मराठो ने युद्ध किया। शिवाजी ने मराठा राज्य कायम किया। मराठा शासनकाल मे भारत का इतिहास भी लिखा जाता रहा। इतिहास लेखन मे उस समय के ग्रन्थालयो ने काफी सहायता इतिहासकारो को पहुँचाई। बीजापुर बीदर, गोवा पूणे, सौराष्ट्र व विदर्भ आदि मराठी राज्यो म, ग्रन्थ-लेखन, अनुवाद कार्य व ग्रन्थालयो का काम त्वरित गति से हो रहा था। ग्रन्थशाला, पोथीशाला, सस्कृत ग्रन्थ भण्डार, पाण्डु लिपि सग्रहालयो मे वेद पुराण, रामायण, महाभारत के ग्रन्थो का अनुवाद कार्य भी प्रारम्भ था।

पूना का भण्डारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, तन्जौर सरस्वती महल उस समय के देश के प्रमुख शोध-कार्य के केन्द्र बने रहे हैं। भारत की तत्कालीन राजनीतिक एवं सामाजिक दुर्बलताओ का लाभ उठाकर व्यापार करने आये विदेशियो ने देश के विभिन्न समुद्र तटीय शहरो मे अपनी कोठिया स्थापित करना शुरू

कर दिया। मिशनरियों ने अपने धर्म प्रचार हेतु चर्च बनवाये, मुद्रण ग्रन्थों की स्थापना की। ईस्ट इण्डिया कम्पनी भी पीछे नहीं रही। एक ओर डच, पुर्तगाली, स्पेनवासियों ने चर्च एवं मुद्रण के द्वारा धर्म प्रचारक सामग्री छापी तो दूसरी ओर अंग्रेजी ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने व्यापार का क्षेत्र भारत में फैलाकर औद्योगिक क्रान्ति से उपजी सामग्रियों का प्रचार प्रसार व्यापार किया।

मुद्रण-मशीनों की स्थापना से भारत में प्रकाशन की नई संभावनाओं की शुरूआत हुई पर साथ ही ईसाई धर्म प्रचार का काम भी फैलता गया। अब अंग्रेज भारत पर पूरी तरह छा गये तो उनके चंगुल से निकलने में भारत को निरन्तर 200 वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। मुद्रण मशीन गोवा, हुगली, मद्रास, कलकत्ता सिरामपुर, बम्बई मे स्थापित हो गई।

"प्रेस के आविष्कार और प्रचार के साथ-साथ पुस्तकों, समाचार-पत्रों आदि की संख्या बढ़ी। धीरे धीरे पुस्तकें रंगीन, सचित्र और आकर्षक ढंग से छपने लगी। प्रेस की सुविधा होने से पुरानी हस्तलिखित पुस्तकें छपवाई जाने लगी।"[14]

भारत मे प्रेस के आगमन से ग्रन्थों, पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू हुआ। प्रकाशन सामग्री से अधिकतर धार्मिक ग्रन्थों, धर्म प्रचार, पम्पलेट्स व राष्ट्रीय जागरण के उत्थान के पत्रों की भरमार रही। शिक्षा संस्थानों के खुलने से पढ़ने वालों की संख्या बढ़ी, समाज शिक्षा को भी मुख्य शहरों में प्रारम्भ किया गया। देश की प्रशासनिक राजनैतिक एवं आर्थिक नीति के निर्धारण हेतु अंग्रेजों ने भारतीयों को अंग्रेजी स्कूलों में प्रवेश देना प्रारम्भ किया ताकि अंग्रेजी पढ़े लिखे लोग उनका कार्यालयीन कामकाज निबटा सकें।

ग्रन्थों व पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन से ग्रन्थालयों की स्थापनायें भी हुई। राष्ट्रीय जागरण के उद्देश्य से बंगाल में अंग्रेजी स्कूल एवं पत्रों का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। बम्बई, मद्रास एवं कलकत्ता में राष्ट्रीय एकता व विकास की दृष्टि से कई सामाजिक, राजनैतिक व धार्मिक संस्थाओं का गठन ग्रन्थालयों की स्थापना के साथ हुआ।

"रायल एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल के द्वारा सन् 1784 मे स्थापित कलकत्ता-लायब्रेरी को सन् 1820 में सार्वजनिक उपयोग के लिये घोषित कर दिया। मद्रास 'लिटरेरी-सोसायटी" की स्थापना सन् 1812 में हुई जिसने एक सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की। बम्बई में सन् 1846 में एक सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित हुआ।[15] इसके साथ ही देश भर मे सार्वजनिक ग्रन्थालयों की स्थापनाओं का दौर चल पड़ा।

मध्यप्रदेश के राज्य इन्दौर जनरल लायब्रेरी, सागर में सार्वजनिक ग्रन्थालय, खण्डवा में मारिस सार्वजनिक ग्रन्थालय एवं वाचनालय की स्थापनाएं हुई। उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान करने हेतु अंग्रेजों ने सर्वप्रथम कलकत्ता में फोर्ट-विलियम कालेज की स्थापना की। कालेज की स्थापना का उद्देश्य भारत में आने वाले अपरिपक्व, अयोग्य एवं इतिहास, कानून व नीति में अपूर्ण अंग्रेज नव जवान

शासकों का भारत की भाषा, संस्कृति, धर्म एवं दर्शन की शिक्षा प्रदान करना था क्योंकि अयोग्य अधिकारी व्यभिचार और अकर्मण्यता में फँस जाते थे अतः उन्हें व्यावसायिकता, बुद्धिमता एवं सच्चरित्रता की गहरी नींव डालने का प्रयास था अतः "लार्ड वेलजली ने इन सबका उपचार सुझाया था। उन्नत शिक्षा, जिसकी नींव सोच विचार कर इंगलैंड में डाली जाय और ऊपरी मंजिल व्यवस्थित रूप से भारत में पूरी की जाय। इसके लिए उसने भारत में एक कॉलेज की स्थापना पर बल दिया और कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की नींव डाल दी।"[16] इस कालेज में भारतीय भाषाओं का एक अलग विभाग कायम किया गया। जिसमें हिन्दुस्तानी, हिन्दी, उर्दू, फारसी बंगाली, संस्कृत भाषायें प्रमुख थी। इन भाषाओं के अध्ययन हेतु पाण्डुलिपियां, ग्रन्थों एवं पत्रिकाओं का संग्रह कर ग्रन्थालय भी स्थापित किया गया। यह ग्रन्थालय अंग्रेजी साहित्य से भी परिपूर्ण किया गया। भारतीय भाषाओं की जानकारी हेतु अंग्रेज विद्यार्थियों ने भाषाओं की पढ़ाई के साथ-साथ अनुवाद काम में भी रुचि ली। अंग्रेजों के साथ हिन्दी, संस्कृत, उर्दू फारसी के विद्वान अधिकारी प्राध्यापकों ने भी अनुवाद काम में मदद की। "प्रेस की सुविधा होने से पुरानी हस्तलिखित पुस्तकें छपवाई जाने लगी। भारत सरकार ने पुरातत्व विभाग को स्थापित किया। उसके अन्तर्गत प्राचीन भारतीय महत्वपूर्ण सामग्रियों की खोज होना शुरू हुई। बहुत से ताम्रपत्र, सिक्का, मुहर, अभिलेख, शिलालेख आदि का पता लगा, जिनसे भारत की पुरानी सभ्यता और संस्कृति पर प्रकाश पड़ा।'[17]

पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति की लहर ने भारतीयों को भी जगाया। कलकत्ता मदरसा की तर्ज पर बनारस में संस्कृत कालेज, पंजाब में दयानन्द कालेज व दिल्ली में भी कॉलेजों की स्थापनायें हुई। 1836 में कलकत्ता पब्लिक लायब्रेरी की स्थापना से लोगों में पढ़ने के प्रति रुचि जागी जिसका प्रभाव देश के अन्य भागों पर पड़ा और सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना ने जोर पकड़ा। कलकत्ता पुस्तकालय एवं फोर्ट-विलियम कालेज पुस्तकालय के संग्रह को मिलाकर 'इम्पीरियल लायब्रेरी' की स्थापना की गई जो सार्वजनिक ग्रन्थालय के इतिहास में एक नया कदम था। यही इम्पीरियल लायब्रेरी बाद में जाकर "राष्ट्रीय ग्रन्थालय" घोषित किया गया। इस ग्रन्थालय के बारे में 1903 में प्रकाशित "गजट ऑफ इण्डिया' में प्रकाशित किया गया कि 'यह पुस्तकालय सन्दर्भ सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा।' विद्यार्थियों के लिए कार्य स्थल के रूप में काम करेगा तथा भविष्य के भारतीय इतिहासकारों के लिए सामग्री संकलित करने का कार्य करेगा। इसमें यथा सम्भव उन सब पुस्तकों को भारत के सम्बन्ध में कहीं भी लिखी गई हों होंगी शामिल और वह किसी भी समय देखने व पढ़ने के लिए उपलब्ध की जाना चाहिए। पुस्तकों के संग्रह के सम्बन्ध में यहाँ एक बात बताना चाहूँगा कि 1867 में ब्रिटिश शासन ने भारत में लागू प्रेस एवं पुस्तक पंजीयन अधिनियम के अनुरूप भारत में भी एक अधिनियम बनाया जिसके द्वारा देश में प्रकाशित प्रत्येक प्रकाशक को पुस्तक की एक प्रति मुफ्त भेजना अनिवार्य कर दिया। इस अधिनियम से इम्पीरियल लायब्रेरी के संग्रह में काफी बढ़ोत्तरी हुई। आज यह देश

का सर्वाधिक साहित्य सम्पन्न "राष्ट्रीय ग्रन्थालय" बनकर देश की विविध गतिविधियों में सतत् सहयोग प्रदान कर रहा है।

इस प्रकार अंग्रेजी शासन काल में सन् 1900 के पूर्व तक भारत में मुद्रण प्रेस और ग्रन्थों के प्रकाशन के साथ जिन सार्वजनिक ग्रन्थालयों का विकास हुआ उनमें से कुछ प्रमुख इस प्रकार थे—

1 कलकत्ता लायब्रेरी	1784
(1) फोर्ट-विलियम कॉलेज ग्रन्थालय, कलकत्ता—	1800
(2) कोनेमारा सार्वजनिक पुस्तकालय, मद्रास—	1812
(3) कलकत्ता पब्लिक लायब्रेरी, कलकत्ता—	1836
(4) सार्वजनिक पुस्तकालय, बम्बई—	1846
(5) इन्दौर जनरल लायब्रेरी, इन्दौर—	
(6) मारिस-लाइब्रेरी (माणिक्य स्मारक वाचनालय) खण्डवा—	
(7) सार्वजनिक ग्रन्थालय, सागर—	
(8) सार्वजनिक ग्रन्थालय, त्रावणकोर	
(9) सार्वजनिक ग्रन्थालय, कोचीन	
(10) सार्वजनिक ग्रन्थालय, गोवा	

इनके अतिरिक्त कुछ ऐसे राज्य थे जिनमें रियासतों के शाही ग्रन्थालय अथवा व्यक्तिगत संग्रह से स्थापित ग्रन्थालय थे जैसे—

(1) टीपू सुल्तान का पुस्तकालय—1799 तथा

(2) हैदरअली का ग्रन्थालय—

उपरोक्त दोनों ग्रन्थालय अंग्रेजों के हाथ लगे और उन्होंने इन पुस्तकालयों की दुर्लभ पुस्तकों से लन्दन में 'इण्डिया ऑफिस लायब्रेरी" की स्थापना की। बाद के वर्षों में जब तक अंग्रेजों का राज्य रहा इस लायब्रेरी में भारत से हजारों पाण्डुलिपियाँ व दुर्लभ ग्रन्थ ले जाये गये। प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों की इस लूट ने भारत को अद्भुत संपदा से वंचित कर दिया। इण्डिया ऑफिस लायब्रेरी 'जो भारतीय-साहित्य संस्कृति एवं शिक्षा की समृद्धि के उद्देश्य से खोली गई थी" अभी तक भी इस अमूल्य संग्रह को ब्रिटिश सरकार ने भारत को वापस नहीं किया है। इंग्लैण्ड के अतिरिक्त बर्लिन तथा पेरिस के ग्रन्थालयों में भी अनेक भारतीय ग्रन्थ ले जाये गए।"[18]

"इण्डिया ऑफिस लायब्रेरी" के भारतीय-ग्रन्थ संग्रह के बारे में कई बार वापस भारत लौटाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की गई परन्तु कोई सन्तोषजनक परिणाम नहीं मिले।

भारतीय-साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास की इस अमूल्य धरोहर को प्राप्त करने में भारत सरकार को पुनः जनसहयोग लेकर प्रयास करने चाहिए।

भारतीय विकास की उपरोक्त मध्यकालीन कड़ी में ग्रन्थालयों से राष्ट्र को जो लाभ व हानि हुई इसका सार गर्भित विवेचन मैंने पाठकों के लिए प्रस्तुत

भविष्य म राष्टीय विकास की इसी परम्परा म हम स्वतन्त्रता के बाद ग्रन्थालयो का विकास एव राष्ट्रीय प्रगति म उनके योगदान पर विस्तार पूवक विचार करेंगे।

सन्दर्भ —

1 रावत (दीपक) इत्यादि भारतीय शिक्षा का इतिहास, लखनऊ प्रकाशन केन्द्र, 1986 पृ 62
2 रावत (दीपक) इत्यादि भारतीय शिक्षा का इतिहास, लखनऊ प्रकाशन केन्द्र, 1986 पृ 62
3 रावत (दीपक) इत्यादि भारतीय शिक्षा का इतिहास, लखनऊ प्रकाशन केन्द्र, 1986 पृ 59
4 मुखर्जी (सन्ध्या) देखिए—रावत, दीपक।
5 अग्रवाल (श्याम सुन्दर) ग्रन्थालय सचालन तथा प्रशासन, आगरा, श्रीराम मेहरा, 1976, पृ 1
6 जैन (पुखराज) भारत की सास्कृतिक विरासत, आगरा, साहित्य भवन, 1986, पृ 198
7 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, पटना, बिहार, हिं ग्र अ का, 1975 पृ 47
8 जोहरी तथा पाठक (पी डी) भारतीय शिक्षा का इतिहास, आगरा, विनोद प्रकाशन 1981 पृ 33
9 Apte (B K) Libraries under the Mughals and the Maratha in Readings in Library science, Edited by Balwant Singh Lnchiyana, Layal Book Depot 1968 P 9
10 हैसल (अल्फ्रेड) पुस्तकालयो का इतिहास परिशिष्ट पृ 265, भोपाल, हिन्दी ग्रथ अकादमी, 1974, अनुवादक, मदनसिंह परिहार।
11 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, पटना, बिहार, हिं ग्र अ का, 1975 पृ 49
12 परिहार (मदनसिंह) देखिए हैसल (अल्फ्रेड) पृ 266
13 पाठक (पी डी) तथा त्यागी (जी एस डी) भारत म शिक्षा दशन और शैक्षिक समस्यायें, आगरा, विनोद पुस्तक मन्दिर, 1984–85, पृ 231–32
14 परिहार (मदनसिंह) देखिए अल्फ्रेड (हैसल) पृ 267
15 सहाय (श्रीनाथ) पुस्तकालय एव समुदाय, 1975 पृ 53
16 गुप्ता (चन्द्रावली) वेलेजली कालीन भारत, भोपाल, म प्र हिं ग्र अकादमी, 1971 पृ 145
17 अल्फ्रेड (हैसल) यह भी देखिए परिहार (मदनसिंह) पृ 267
18 अग्रवाल (श्याम सुन्दर) ग्रन्थालय सचालन तथा प्रशासन, 1976 पृ 1–2

19

पुस्तकालयो मे हिन्दी पुस्तकें और उनका चयन

पुस्तकालय एव पुस्तकें दोना एक दूसरे के पूरक अवयव हैं। जहा पुस्तकें होगी और वैज्ञानिक आधारो पर व्यवस्थापित की जाती होगी अथवा सस्थाओ म कर्मचारियो के पढने योग्य होगी पुस्तकालय के अग रूप मे ही होगी। राष्ट्र म पुस्तकालयो का कार्यक्षेत्र सिर्फ पुस्तको का सग्रह एव उनका फलको पर प्रदर्शन एव व्यवस्थापन मात्र नही है। पुस्तकालय अपनी परिभाषा मे व्यापक होकर स्वाध्याय अध्ययन, शोध अनुसधान एव तकनिकी अडचनो मे आने वाला ऐसा उपकरण हो गया है जो प्रत्येक व्यक्ति समाज, राज्य राष्ट्र एव परराष्ट्र मे निकटस्थ हो गया है। हम यह मानते है कि प्रत्येक राष्ट्र का विकास वहा की शैक्षणिक साहित्यिक कला, सस्कृति एव पुरातात्विक सामग्री स युक्त सग्रहालयो एव वैज्ञानिक आगारो मे आकी जाती है।

राष्ट्रीय विकास मे यह भी जरूरी है कि उस देश का साहित्यिक एव भाषायी स्तर क्या है। देश की एकता उसकी भाषा, लिपि एव उसके साहित्य पर बहुत कुछ निर्भर करती है। इसी बात को मान्यता देते हुए भारतीय गणत त्र क सविधान मे नागरी लिपि को हिन्दुस्तानी भाषा का श्रेष्ठ माध्यम बनाया गया है।

आज सम्पूर्ण देश हिन्दी भाषा साहित्य व सस्कृति के कारण ही हिन्दुस्तान के नाम से जाना जाता है। भले ही यहाँ धर्म, जाति, रग भेद म मनुष्य विविधता मानता रहा हो। अनेकताओ म एकता के इस देश मे आज भी अशिक्षा (20 करोड) युवक युवतिया, वृद्धा एव बच्चो का अभिशाप है। इस भयकर अज्ञानता को दूर करने एव अग्रेजीयत स पीछा छुडाने के लिए मेरी यह मान्यता है कि यदि लोक पुस्तकालय आन्दोलन तथा पुस्तकालय अधिनियम सम्पूर्ण राष्ट्र मे तेजी से चलाये जाये और गाँव गाँव म पुस्तकालय स्थापित किये जाये तो हिन्दी भाषा के साथ साथ साक्षरता अभियान को भी प्रगति मिलेगी।

जिस प्रकार मनुष्य के लिए भोजन, हवा, पानी एव आवास आवश्यक है उसी प्रकार जीवन विकास के लिए उसका बौद्धिक होना भी अनिवार्य है। इस हिसाब से शिक्षा मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार हो जाता है। स्वाध्याय मनुष्य की प्रकृति है किन्तु आर्थिक अभाव एव उचित अध्ययन सामग्री के अभाव म वह अच्छे साहित्य से

वंचित रह जाता है। यद्यपि भारत सरकार ने देशवासियों के लिए देशभर में 120 (एक सौ बीस) विश्व विद्यालय 5000 से अधिक कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि, स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान के महाविद्यालयों की व्यवस्था कर रखी है। हजारों विद्यालयों के माध्यम से राष्ट्र की किशोर पीढ़ी शिक्षित हो रही है। फिर भी परिणाम अपेक्षित नहीं है।

देशवासियों को शिक्षा एवं स्वाध्याय की सुविधा प्रदान करने के लिए अनेक प्रकार के पुस्तकालय जैसे ग्राम, जिला, राज्य, क्षेत्रीय, केन्द्रीय एवं राष्ट्रीय पुस्तकालय के साथ-साथ सामाजिक संगठनों एवं शिक्षण संस्थाओं के पुस्तकालय खोले गये हैं।

इनके अतिरिक्त भी देश में ऐसे पुस्तकालय हैं जो सेना एवं अस्पताल से सम्बद्ध हैं। अपाहिज, बहरे, गूंगे एवं अन्धे लोगों के लिए विशेष प्रकार के पुस्तकालयों की व्यवस्था की गई है।

उपरोक्त सभी प्रकार के पुस्तकालयों में पुस्तकों का चयन किस आधार पर होना है इसका एक विवेचनात्मक विवरण देने का यत्न मैं कर रहा हूँ। यद्यपि पुस्तकालयों में सभी प्रकार की पुस्तकें होना चाहिये, किन्तु यह भी देखा जाता है कि पुस्तकालय किस प्रकार का है। पुस्तकालयों के प्रकारानुसार विभिन्न विषयों का उपयोगी एवं सन्दर्भित पुस्तकें पुस्तकालयों में क्रय कर रखी जाती हैं। सभी प्रकार की पुस्तकें एक ही पुस्तकालय में हों यह भी सम्भव नहीं है।

आज प्रकाशन सामग्री के उत्पादन की अतिशयता इतनी बढ़ गई है कि यह युग "साहित्य प्रकाशन का विस्फोटक युग" माना जाता है। भारत "पुस्तक क्रान्ति" के द्वार पर पहुँच रहा है। अध्ययन सामग्री के विस्फोट के साथ-साथ शोध अनुसंधान के कार्य भी आश्चर्यजनक प्रगति कर रहे हैं। साहित्य विज्ञान एवं अन्वेषण की अनोखी क्रान्ति ने प्रकाशन जगत में भी होड़ा होड़ी की क्रान्ति पैदा कर दी है। भारतवर्ष में विभिन्न विषयों की पुस्तकों का वार्षिक प्रकाशन लगभग 20,000 है। इस उत्पादन संख्या के मुकाबले भारतवर्ष में इनकी खपत का प्रतिशत कम है। इसका कारण भारतीय परिवारों की अशिक्षा, आर्थिक स्थिति का सुदृढ़ न होना अध्ययन रुचि में कमी अविकसित पुस्तकालय सेवायें तथा पुस्तक प्रकाशन के उपरान्त उनका उचित माध्यम से पाठकों तक न पहुँचाया जाना इत्यादि है।

पुस्तक प्रकाशन व्यवसाय देश की आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर पूर्णतः निर्भर होता है। मुद्रा चलन एवं मुद्रा स्फीति के कारण भी ग्रन्थ क्रय करने की क्षमता पर असर पड़ता है। हमारे देश में सार्वजनिक पुस्तकालयों की कमी है। अन्य पुस्तकालय जो विशेष प्रकार के हैं अधिकांशतः उन्हीं पुस्तकों को खरीदते हैं जिनका उनके पाठकों के लिये उपयोग होता है।

पुस्तक क्रय करने का तरीका पुस्तकालय प्रकार एवं उनकी आर्थिक मुद्रा पर भी निर्भर करता है। पुस्तकालयों में पुस्तकें क्रय करते समय यह देखना आव

श्यक हो जाता है कि अमुक पुस्तक किस स्तर तक उपयोगी है। पाठकों की माग के अनुरूप है या नही तथा निर्धारित राशि के अन्तर्गत प्राप्त हो सकती है अन्यथा नही और बाजार म उपलब्ध है या नही। अथात पुस्तक शारीरिक, आत्मिक एव उपलब्धता की दृष्टि से पूर्ण है अथवा नही। आज उक्त तीनो तत्वो की दृष्टि से पूर्ण, पुस्तका का पुस्तकालय मे रखा जाना युक्तिसगत एव न्यायिक होगा।

यदि पुस्तक अपने भौतिक स्वरूप म आकर्षक नहीं है, आत्मीय (विषय की दृष्टी से) रूप से प्रसिद्ध नही है साथ ही पाठको की माग के अनुसार बाजार मे उपलब्ध नहा है तो वह प्रकाशन, अध्ययन, अनुसधान एव पुस्तकालय जगत मे अपनी महती भूमिका नही निभा सकती। पुस्तक का उपर दर्शाये स्वरूपा मे परिपूर्ण होना ही उसके निर्माण की उपलब्धि ह।

इन्ही उपलब्धियो के कारण पिछले दो दशक से लिखी जा रही हिन्दी की पुस्तको ने हिन्दी-भाषी तथा हिन्दी अनुरागी पाठको के मन मे अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। राष्ट्र भाषा हिन्दी मे लिखी, प्रकाशित हुई तथा पुस्तकालयो एव पुस्तक विक्रेताओ से उपलब्ध सभी विषया की पुस्तको ने पाठको का अग्रेजी क सकट से उबार दिया है। विदेशो मे भी अन्य भाषा की पुस्तका के साथ-साथ हिन्दी पुस्तको की माग बढ रही है।

पिछले दस वर्षों मे भारतीय साहित्य, कला सगीत, नाटय एव विविध अकादमिया ने हिन्दी भाषा मे पुस्तकें प्रकाशित करने की जो तत्परता दिखाई है वह वाकई प्रसशा के काबिल है। प्रकाशक सघो ने यह निर्णय लिया है कि निकट भविष्य म ग्रामीण जन जीवन तक पाठको को हिन्दी की सुगम सस्ती एव अच्छी पुस्तकें प्रदान करने के लिऐ हमे ग्रामीण साहित्य का प्रकाशन करना होगा। ग्रामीण साहित्य प्रकाशित कर ग्राम पुस्तकालयो तक पहुचाना भी एक महत्वपूर्ण काय है। इस काय को प्रौढ शिक्षा कायक्रम के अन्तगत जिला स्तर पर करना चाहिये।

'अभी तक 25 अरब की धनराशि व्यय करने पर देश की साक्षरता का प्रतिशत 30% है। देश के केवल 20 करोड लाग साक्षर ह और 38 करोड लोग निरक्षर हैं जबकि सन् 1969 मे निरक्षरा की सख्या 30 करोड ही थी।"

(आदश परिवार—हरिकृष्ण तेलग) जून 1973 पृ 31

इस प्रकार की भीषण अज्ञानता का दूर करने के लिए हिन्दी भाषा के प्रकाशना क साथ ही प्रादेशिक एव स्थानीय लोक भाषा मे भी साहित्य प्रकाशित करना नितान्त आवश्यक है। शासन का ध्यान इस ओर भी पहुँचा है। ग्रन्थों का प्रादेशिक भाषा या लोक भाषा मे अनुवाद भी हो रहा है इससे भारत की हिन्दी प्रेमी जनता को बहुत बडा सहयोग मिलेगा। देश भर मे हिन्दी भाषा मे पुस्तकें प्रकाशित करन वाली कुछ प्रमुख प्रकाशन सस्थायें इस प्रकार है जस—

(1) नागरी प्रचारणी सभा (2) हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग (3) राजकमल प्रकाशन (4) राधाकृष्ण प्रकाशन (5) राजपाल एण्ड सन्स (6) राज्यप्रन्थ

अकादमियाँ (7) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय (8) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (9) आत्मा राम एण्ड सन्स (10) हिन्दुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद (11) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल (12) बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना (13) राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर (14) हिन्दी ज्ञानपीठ प्रकाशन (15) नेशनल बुक ट्रस्ट आदि।

उपरोक्त सभी संस्थायें हिन्दी भाषा एवं साहित्य की पुस्तकों के साथ उचित न्याय कर रहे हैं। प्राय यह देखने में आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ भी "ग्रामीण पुस्तकालय" अथवा "रिपाजिटरी सेन्टर" स्थापित हैं उनमें 77% पुस्तकें चाहे वे साहित्य की हों, राजनीति अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, कला, धर्म, दर्शन, कृषि एवं स्वास्थ्य की हों सभी हिन्दी भाषा की ही होती हैं। किन्तु एक बात हमें सोचने के लिए बाध्य होना पड़ता है कि क्या ये 77% हिन्दी पुस्तकें पाठकों की रुचि के अनुसार ही हैं। इस बात पर हमारे मन्तव्य भिन्न भिन्न होंगे। प्रादेशिक भाषाओं व साहित्य ने इस प्रतिशत को कम कर दिया है। फिर क्या ऐसे ग्रन्थों की आवश्यकता है जिन्हें अधिकाधिक पाठक पढ़ते हों उन्हें ही पुस्तकालयों में खरीदा जाय। यह बात पाठकों की रुचि के अनुसार पुस्तकें प्रकाशित करने की प्रेरणा देती है।

ग्रन्थालयों के पास एक निश्चित धनराशि होती है जिसको पुस्तकों आदि पाठ्य सामग्री खरीदने में खर्च किया जाता है। दूसरी ओर सभी ग्रन्थालयों के पास न तो सब पुस्तकें खरीदने हेतु राशि ही होती है और न सभी पुस्तकें खरीदने योग्य ही होती हैं।"[1] इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रकाशकों को भी विशिष्ट विषय की अच्छी पुस्तकें जिनकी मांग पाठकों में हो प्रकाशित करना चाहिये। व्यवसायिक लाभ को यदि देखें तो जासूसी उपन्यासों का प्रकाशित करना बेहतर है। लेकिन मात्र उपन्यासों को छापने से प्रकाशन को प्रतिष्ठा नहीं मिलेगी। अन्य क्षेत्रों में भी अपना वर्चस्व बढ़ाना चाहिये।

वर्तमान में जिज्ञासु पाठकों की रुचि को ध्यान में न रखकर जिन पुस्तकालयों में पुस्तक चयन हो रहा है वह एक दम एक तरफा एवं संग्रह करने की दृष्टि से अनुपयोगी भी हो रहा है। अकादमियों से खरीदी गई हिन्दी विषय की पुस्तकों के लिए श्री जयप्रकाश भारती लिखते हैं "विभिन्न ग्रन्थ अकादमियों ने इस दिशा में जो कुछ किया है उसमें से अधिकांश पर सिर धुनने के अलावा कुछ नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास यानी नेशनल बुक ट्रस्ट के कार्यकलाप से स्पष्ट है कि वह सफेद हाथी बनकर रह गया है।"[2]

इससे जाहिर होता है कि ऐसी पुस्तकों का चयन नहीं करना चाहिये। किन्तु मैं यह कहूँगा कि इसमें कुछ अनुवादित पुस्तकें संग्रह योग्य हैं जिन्हें पाठक भले ही न पढ़ते हों लेकिन हिन्दी भाषा के अनुसन्धित्सुओं के लिए ये महत्त्वपूर्ण हैं। हिंदी भाषा में उच्च स्तरीय ग्रन्थ लिखने एवं प्रकाशित करने से विश्व

1—शर्मा सी के पुस्तक चयन एवं रचना—पृ 22 – ज भा हिंदुस्तान, रविवार दि 12 फरवरी 1978।

बाजार म हमारी प्रतिष्ठा कम नहीं होगी। घटिया, अश्लील एव चालू साहित्य प्रकाशित करने से तो बेहतर है इनका प्रकाशन बन्द कर देना।

इससे पहले कि मैं पुस्तक चयन प्रणाली एव उसके सैद्धान्तिक पहलुओं पर जोर दूँ, लेखको एव प्रकाशको से यह अपेक्षा रखूँ कि वे पुस्तक लिखते समय यह ध्यान रखें कि वे जो ग्रन्थ लिख रहे हैं वह पाठको की रूचि एव पसन्द के विषयानुरुप है अन्यथा नही। दूसरे प्रकार का जो विशेष ज्ञान देने वाला साहित्य प्रकाशित होता है, उसका भी ग्रन्थालयो म होना अनिवार्य है।

आज अनुवाद विज्ञान इतना विकसित हो गया है कि विश्व की किसी भी भाषा लिपि को हम अपनी भाषा लिपि म बदल कर अपना काय सम्पन्न कर सकते हैं, फिर हमे हिन्दी लेखन, अध्ययन एव ग्रन्थ निर्माण से क्षुब्ध न होकर उसे अधिक प्रोत्साहन देना चाहिये। इस हिन्दी भाषा के ग्रन्थो के विकास हेतु प्रकाशन जगत, लेखक-वर्ग, शिक्षा संस्थायें एव सभी प्रकार के पुस्तकालय जवाबदार है। पुस्तकालयाध्यक्षो पर यह दायित्व आता है कि वह अपने पुस्तकालय हेतु किस प्रकार की पुस्तकें क्रय कर रहे है।

(1) क्या पाठको की माग के अनुसार है।
(2) या शिक्षको की माग के अनुसार है।
(3) पुस्तकालय क्रय समिति द्वारा अनुमोदित हैं।
(4) या फिर बाजार मे उपलब्ध साहित्य से क्रय की है।

उपरोक्त चारो स्थितियो के अतिरिक्त कुछ पुस्तकालय ऐसे भी है जहाँ उनके प्रकार के अनुसार पुस्तकें चयन की एव खरीदी जाती है।

(अ) पाठशाला पुस्तकालयो मे पुस्तक चयन—प्राय यह देखा गया है कि पाठशालाओ म अधिकतर पुस्तकालय "पाठय ग्रन्थो" एव "जीवन चरित्र" विषयक पुस्तको के सन्दूकनुमा पुस्तकालय होते है। ऐसे पुस्तकालयो मे विद्यार्थी पाठको की माग का आकलन नही किया जाता। प्रधानाचार्यो एव शिक्षको द्वारा पाठय पुस्तको के अलावा सभी प्रकार की सामान्य पुस्तकें बाजार मे उपलब्ध साहित्य से खरीद ली जाती है। आज जबकि देश के सभी अधिकाश राज्यो मे हिन्दी माध्यम से शिक्षण को अपनाया जा रहा है, अग्रेजी विषय का बहिष्कार किया जा चुका है, तब पाठशालाओ के लिए अधिकाधिक पाठको की रुचि को देखते हुए अधिकतम हिन्दी भाषा की पुस्तको का चयन कर क्रय किया जाना चाहिये। अनावश्यक अग्रेजी म छपी पुस्तको का मगाना पैसे एव समय का दुरुपयोग करना है। प्रथम तो पाठशालाओ मे पुस्तकालयो का प्रतिशत ही बहुत कम है। विद्यार्थी ग्रन्थो के सत्सग से दूर ही रहते हैं, उनमे अध्ययन रुचि पैदा ही नही हो पाती और न ही ग्रन्थालय इतने आकर्षक है कि सहज रूप से विद्यार्थी उनसे प्रभावित होकर कुछ समय पढने म दें।

"भारत म शिक्षण प्रणाली कक्षा भाषणो तक ही सीमित रह गई है। विद्यार्थी को केवल पाठ्य पुस्तकें पढने का सुझाव दिया जाता है, या कक्षा म शिक्षक

द्वारा लिया दिया जाता है। इस प्रणाली से विद्यार्थी की पुस्तकों के प्रति कोई रुचि ही नहीं रह जाती है"[1] मैं तो यहां तक कहूंगा कि विद्यार्थी पाठ्य पुस्तक कुन्जीयों एवं गैस पेपरों को पढ़कर सिर्फ परीक्षा पास करते हैं। यह गलत है उन्हें अन्य पुस्तकों को पढ़ना चाहिए, इससे उनका ज्ञान क्षेत्र विकसित होगा तथा वे जीवन में अध्ययन के महत्व को समझ सकेंगे।

शाला स्तर पर हिन्दी भाषा की पुस्तकें अधिकाधिक पढ़ाई एवं संग्रहित की जाती है, पुस्तकालयों में भी इनके प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है। बशर्ते कि अन्त्योदय के आधार पर छोटी-छोटी पाठशालाओं में पुस्तकालयों की स्थापना हो और पुस्तकें (पाठ्यग्रन्थ के अलावा) विद्यार्थी पाठकों, शिक्षकों एवं ग्रन्थालयी तीनों की रुचि अनुरूप चयन का क्रय की जाय।

(आ) महाविद्यालय पुस्तकालयों में पुस्तक चयन—भारत देश में महाविद्यालयीन स्तर पर शिक्षण के तरीकों में पिछले कुछ वर्षों से हिन्दी का प्रयोग व चलन क्रमशः बढ़ता चला गया है। साथ ही राष्ट्र भाषा हिन्दी में विभिन्न विषयों की पुस्तकें राज्य अकादमियों एवं प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित करने की योजनायें भी बड़े पैमाने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। लेखकों को अनुवाद कार्य हेतु पुरस्कार भी प्रदान करने की व्यवस्था की गई है ताकि हिन्दी भाषा को प्रोत्साहन मिले। देश में हिन्दी भाषा के लिए यह एक अच्छा कदम है साथ ही राष्ट्रीय एकता के विकास में सहायक है। राष्ट्र में महाविद्यालय द्वितीय श्रेणी के शिक्षा विकास के ऐसे ज्ञानागार है एवं आलोक स्तंभ है जहां देश की युवा पीढ़ी का बौद्धिक, नैतिक, शारीरिक एवं सांस्कृतिक विकास होता है। यही युवा पीढ़ी देश के विकास में सहयोग देकर राष्ट्र की प्रतिष्ठा बढ़ाती है।

इन्हीं छात्रों के लिए हिन्दी भाषा में सभी विषयों पर पुस्तकें छापी जा रही है, जिसके अध्ययन से वे अपनी परीक्षायें में पास करें और अंग्रेजी भाषा में लिखी पुस्तकों की पचीदगीयों से बचे रहे।

किन्तु हम देख रहे है कि इस शिक्षा के आधार स्तंभ महाविद्यालय एवं उनके ग्रन्थागार इतने कमजोर हैं कि, पाठशाला ग्रन्थालयों से भी बदतर है, जिन्हें हम महाविद्यालय पुस्तकालयों की श्रेणी में कदापि नहीं रख सकते। जो समृद्ध पुस्तकालय है उनमें 50% साहित्य ऐसा पड़ा होता है जो या तो उपयोग नहीं किया जाता या फिर विद्यार्थियों की रुचि को ध्यान में न रखकर मनमाने ढंग से खरीद लिया जाता है। व्यवस्था भी इस कार्य के लिए दोषी होती है। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अपनी काम आने वाली पुस्तकें विशेषकर अंग्रेजी की, स्वयं के अध्ययन एवं अध्यापन की दृष्टि से चयन करवा कर क्रय करने की अनुशंसा प्रकट कर देते हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष एवं छात्र पाठकों की मांगों का यहां नजर अन्दाज कर दिया जाता है। प्राचार्य द्वारा भी कोई आपत्ति नहीं उठाई जाती है। ग्रन्थालयी जो छात्रों की मांग को अच्छी तरह जानते है चुप बैठ जाते है, क्योंकि उनके हाथ में कुछ भी नहीं होता

1 शर्मा सी के पुस्तक चयन व रचना। पृ 70

है। ऐसे समय वाच्छित हिन्दी पुस्तका के साथ अन्याय हो जाता है। ऐसे समय अ य विषयो की अंग्रेजी भाषा मे छपी पुस्तकें भी अनाधिकृत रूप म बटती जाती है। इस पर रोक लगानी चाहिये ।

कभी कभी शासन द्वारा दिया जाने वाला अनुदान इतन कम समय म उप योग करना होता है कि शीघ्रता मे "बाजार म जा पुस्तकें उपलब्ध होती है उन्हे ही खरीदना पडता है, चाहे फिर व भी अंग्रेजी भाषा ही की क्यो न हो, किसी भी कीमत मे क्यो न लेना पड । बाद म भल ही ये सिफ अलमारियो की शोभा ही बढात रहें। ऐसा मौका प्राय सभी प्रकार के पुस्तकालयो के साथ आना सम्भव होता है। इस प्रकार का समय आ पड ता स्वय पुस्तकालयाध्यक्ष को पाठको की रुचि अनु कूल हिन्दी भाषा-पुस्तको का चयन कर क्रय करना चाहिय तभी हम अच्छे ग्रन्थो के चयन म सफल हो सकते है।

(इ) विश्वविद्यालयो के पुस्तकालयो मे हिन्दी पुस्तको का चयन—वतमान शिक्षा प्रणाली मे हिन्दी भाषा से शिक्षण का महत्व दिया जा रहा ह। भारत के कई राज्य ऐसे है जहा हिन्दी से अ ययन को आवश्यक कर दिया है। जहा हिन्दी भाषा नही बोली जाती उन प्रदेशो मे हिन्दी की विशेष कक्षाय विश्वविद्यालयो म चल रही है। हिन्दी भाषा को प्रोत्साहन देने हेतु विश्वविद्यालयीन स्तर की हिन्दी भाषा मे ग्रन्थ निर्माण योजना को बढावा दिया जा रहा है। अकादमिया इन ग्रन्था का 40% अधिकतम छूट पर ग्रन्थालयो को एव छात्र छात्राओ को दती है। विद्या थियो म इन ग्रन्था स हिन्दी के अध्ययन मे रुचि बढी है। केन्द्रीय हिन्दी निदशालय एव अकादमिया इस काय को पिछल 8—9 वष से सतत् करत आ रह है फल-स्वरूप परिणाम अच्छे निकले है। अकादमिया विश्वविद्यालय स्तर की सदभ एव पाठ्य पुस्तक पाठको की माग पर सस्ते दामो पर पुस्तकालयो को भेजती है। इस प्रकार की पुस्तको का चयन विश्वविद्यालय पुस्तकालयो के लिए आवश्यक है।

विश्वविद्यालय कुलपतियो द्वारा तत्कालीन लिये निणय म यह स्पष्ट कहा गया है कि चार वष के अन्दर विश्वविद्यालयो म पूणत हिन्दी मे ही शिक्षण काय होगा। इनके अध्यापन हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी पुस्तको के प्रकाशन का काय प्रारम्भ है। अत विश्वविद्यालय पुस्तकालयो म भी पुस्तको का चयन करत समय सकुचित नीति का अनुसरण न कर अपितु खुले हृदय से पुस्तक चयन कर क्रय करना चाहिय। सस्था प्रमुखो, विभागाध्यक्षो एव पुस्तकालयाध्यक्षो का यह वक्तव्य हो जाता है कि भारत की एकता को बनाये रखने एव शिक्षा व्यवस्था को सुगम बनाने के लिय हिन्दी पुस्तको के चयन को महत्व दे।

(ई) सावजनिक पुस्तकालयो मे—शिक्षण सस्थाओ के पुस्तकालयो के बाद सावजनिक पुस्तकालय ही ऐसे पुस्तकालय हैं जो कुछेक ग्रन्थो को छोड प्राय सभी प्रकार के विषयो की हिन्दी पुस्तकें चयन भी करते है और पुस्तकालय मे क्रय कर रखत भी है।

सार्वजनिक ग्रन्थालय चूंकि सभी प्रकार के पाठकों की ज्ञानवृद्धि हेतु होता है। अतः इन पुस्तकालयों में उनकी रुचि की हिन्दी पुस्तकें अधिकाधिक तादाद में खरीदी जानी चाहिये। हम देखते हैं समाज का 60% वर्ग ऐसा है जो कृषि, उद्योग एवं मजदूरी में लगा होता है। वह अपने फुर्सत के समय हिन्दी मनोरंजन, हास्य व्यंग, कहानी उपन्यास व विविध विषयों की पुस्तकें पढ़कर अपना समय व्यतीत करते हैं। अंग्रेजी में रुचि रखने वाले बहुत कम पाठक ऐसे पुस्तकालयों में आते हैं। उदाहरण के लिये यदि एक सार्वजनिक पुस्तकालय में यदि 50 पाठक पढ़ने आते हैं तो उनमें 3 या 4 पाठक ही ऐसे होते हैं जो विशेष रूप से अंग्रेजी विषय की पुस्तकें पढ़ने या घर ले जाने के इच्छुक होते हैं शेष 46 व्यक्ति हिन्दी को ही चाहते है। इस उदाहरण में हम समझ सकते हैं कि एक सार्वजनिक पुस्तकालय के लिए हिन्दी की पुस्तकें चयन करने से कितने पाठक उन पुस्तकों का लाभ ले सकते हैं।

फिर भी हिन्दी पुस्तकों के चयन में हम निम्न सिद्धान्तों का ध्यान रखना चाहिये।

1 पाठकों से माग पत्र लेकर उनकी रुचि अनुसार पुस्तकों का चयन हो।

2 हिन्दी भाषा में प्रकाशित सभी विषयों की पुस्तकें चयन करने से हिन्दी भाषा के साथ पुस्तकालय का महत्व बढ़ेगा।

3 पाठकों का अधिकतम लाभ पहुँचाने वाली सस्ती एवं अच्छी पुस्तकों को चयन कर क्रय करना।

4 साधारण एवं विशेष दोनों प्रकार के महत्व की पुस्तकें जो पुस्तकालय के उद्देश्यों को फलीभूत करें एवं पाठकों की मांग पूर्ण करें, पुस्तकालय हेतु चयन कर क्रय की जानी चाहिये।

5 पुस्तकालयों को अश्लील, कामुक, जासूसी खूनी हत्याकाण्ड से युक्त डकैती एवं छिछले स्तर के साहित्य से बचाकर सुरक्षित रखना पुस्तक चयन सिद्धान्तों की गरिमा कायम रखना होता है।

अतः उपरोक्त सभी बातों का ध्यान रखते हुए भारतीय गणतन्त्र की राष्ट्र भाषा हिन्दी को पुस्तकालयों की उन तमाम विषयों में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिये जो विदेशों से हमारे प्रकाशकों द्वारा मंगायी जाती है। उनका भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर विक्रय हेतु बाजार में भेजना चाहिये। वैसे भी हिन्दी प्रकाशन एवं अनुवाद कार्य में भारत आज निःसन्देह बहुत आगे बढ़ गया है। भारतीय मानक संस्था, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी एवं कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर ने हिन्दी विषय में प्रचूर मात्रा में प्रकाशन कार्य किये हैं। सैनिक विज्ञान एवं चिकित्सा विज्ञान में भी हिन्दी विषयों की पुस्तकों पर जोर दिया जा रहा है। बाल साहित्य प्रचूर मात्रा में प्रकाशित हो रहे है। फिर भी हिन्दी के विकास हेतु प्रकाशन के साथ साथ पुस्तकालयों में भी सूझ-बूझ पूर्ण ग्रन्थों का चयन होना चाहिये तभी हिन्दी का प्रचार प्रसार एवं विकास होगा।

20

अध्ययन और स्वास्थ्य

एक ओर शिक्षा राष्ट्र का आधार होती है, तो दूसरी ओर स्वस्थ जन-मानस की उपस्थिति भी राष्ट्रीय एकता की महत्वपूर्ण कडी होती है। शिक्षा स मानस मस्तिष्क कुशाग्र होता है और एक अनुशासन बद्ध राष्ट्रीय चरित्र की अह-मियत देखने को मिलती है। कोई भी देश बौद्धिक वातावरण मे अपने राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करने म सक्षम होता है, परन्तु यदि उस देश के नागरिक शारीरिक रूप से अस्वस्थ है तो अपने देश का गुलाम होने स नही बचा पायेंगे।

यह बात सभी लोग अच्छी तरह जानते है कि "स्वास्थ्य ही धन है।" जो नही जानते उन्हे जान लेना चाहिये। जो शारीरिक दृष्टि से अस्वस्थ होते है वे निर्बल शरीर के लोग माने जाते है। ऐसे लोग मानसिक रूप से सामान्य बुद्धि के होते है। लेकिन यह बात कहा तक युक्ति सगत मालूम पडती है कि स्वस्थ शरीर के लोग ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ होते है ? कहते है मोटे और बजरगी शरीर के व्यक्तियो की घुटनो म अक्ल होती है। इस बात की पुष्टि के लिये हम अजनी पुत्र हनुमान का वह प्रसग याद आता है जब सागर तट पर जामवन्त द्वारा हनुमान जी का अपनी शक्ति का आभास कराया गया था। यदि उनमे वाकई बुद्धि की शक्ति होती तो वानर समूह के भयभीत होने के पहले ही वे समुद्र को लाघ कर लका पहुँच जाते।

उक्त उदाहरण से स्वस्थ व्यक्तियो मे ही बुद्धि का होना अपवाद सा जान पडता है। राष्ट्रपिता गाधी स्वय शारीरिक रूप से इतने हृष्ट पुष्ट नही थे कि वे लाठी और बन्दूक से अग्रेजो को अपने देश से भगा देते, किन्तु मानसिक स्वास्थ्य उनका इतना प्रबल था कि उन्होने विश्व के बडे बडे महारथियो को अपने सामने झुका दिया था। इस बात की पुष्टि गाधीजी एव पचम जार्ज की घर पर हुई मुलाकात से होती है।

मैं उक्त प्रसग का जिक्र यहा इसलिये महत्त्वपूर्ण समझता हूँ कि पाठक स्वय यह निर्णय करें कि स्वास्थ्य प्रमुख है या अध्ययन का क्षेत्र। बुद्धि और शरीर का महत्व अपनी अपनी जगह है। यह जरूर मानना चाहिये कि शरीर तन्त्र से ही मानसिक तन्त्र चलता है। यदि मानसिक तत्र म किसी तरह का विचार उत्पन्न हो जाता है तो शरीर असहाय एव निष्क्रीय होने लगता है। इससे जाहिर होता है कि शरीर से अधिक मन का स्वस्थ होना जीवन के लिये अनिवार्य है, राष्ट्र हितकारी है। मन को स्वस्थ रखना है तो धर्म दर्शन तथा

